






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 167
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
रविवार | 31 मार्च , 2024

# नरसिम्हा राव समेत 4 शख्सियतों को भारत रत्न

## नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को 4 शख्सियतों को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। इनमें पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और कृषि वैज्ञानिक डॉ. एमएस स्वामीनाथन शामिल हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 31 मार्च को भारत रत्न दिया जाएगा। न्यूज एजेंसी ने बताया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को आडवाणी के घर जाकर उन्हें सम्मानित करेंगी। तबीयत खराब होने के कारण आज वे नहीं आ सके। आडवाणी के घर पीएम मोदी, गृह मंत्री शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहेंगे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित कार्यक्रम में चारों शख्सियतों के परिजनों ने यह सम्मान हासिल किया। नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव, चौधरी चरण सिंह के पोते जयंत चौधरी, कर्पूरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर और एमएस स्वामीनाथन की बेटी नित्या राव ने राष्ट्रपति से यह सम्मान लिया।









### कौन थे स्वामीनाथन

प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथ का जन्म मद्रास प्रेसिडेंसी में साल 1925 में हुआ था। स्वामीनाथन 11 साल के ही थे जब उनके पिता की मौत हो गई। उनके बड़े भाई ने उन्हें पढ़ा-लिखाकर बड़ा किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान 1943 में बंगाल में भीषण अकाल पड़ा था, जिसने उन्हें झकझोर कर रख दिया। इसे देखते हुए उन्होंने 1944 में मद्रास एग्रीकल्चरल कॉलेज से कृषि विज्ञान में बैचलर ऑफ साइंस की डिग्री हासिल की। 1949 में साइटोजेनेटिक्स में स्नातकोत्तर की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना शोध आलू पर किया था। बता दें कि पिछले साल 28 सितंबर को एमएस स्वामीनाथन का चेन्नई में निधन हो गया था। इस वजह से उनकी बेटी नित्या राव भारत रत्न लेने राष्ट्रपति भवन पहुंचीं।

### कौन थे नरसिम्हा राव

नरसिम्हा राव आठ बार चुनाव जीते। उन्हें राजनीति का चाणक्य कहा जाता था। कांग्रेस पार्टी में 50 साल बिताने के बाद वह देश के प्रधानमंत्री बने। राव करीबन 10 अलग-अलग भाषाओं में बात कर सकते थे। वह अनुवाद में भी उस्ताद माने जाते थे। राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में पूर्व पीएम नरसिम्हा राव के बेटे पीवी प्रभाकर राव भारत रत्न लेने पहुंचे। पूर्व पीएम नरसिम्हा राव को भारत रत्न से सम्मानित करने के फैसले पर उनके पोते एनवी सुभाष ने केंद्र सरकार की सराहना की। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, नरसिम्हा राव बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। चाहे आंध्र प्रदेश के लिए हो या केंद्र के लिए उन्होंने कई बार साहसिक कदम उठाये।

### कौन थे चौधरी चरण सिंह

मेरठ जिले के नूरपुर में एक मध्यम वर्गीय किसान परिवार में जन्में चौधरी चरण सिंह भारत के पांचवें प्रधानमंत्री थे। उन्होंने 1923 में विज्ञान से स्नातक की एवं 1925 में आगरा विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। साल 1929 में मेरठ वापस आने के बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए। बता दें कि चौधरी चरण सिंह की तरफ से उनके पोते जयंत चौधरी भारत रत्न लेने राष्ट्रपति भवन पहुंचें। चौधरी चरण सिंह के पोते ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैं बता नहीं सकता कि मैं कितना खुश हूं। वहां बैठकर धीरे-धीरे इस पल की अहमियत का एहसास होता है। भारत सरकार ने यह फैसला (चरण सिंह को भारत रत्न देने का फैसला) लिया है। किसानों के हित की बात किसानों तक पहुंची है।

### कौन थे कर्पूरी ठाकुर

कर्पूरी ठाकुर को बिहार की सियासत में सामाजिक न्याय की अलख जगाने वाला नेता माना जाता है। कर्पूरी ठाकुर साधारण नाई परिवार में जन्मे थे। कहा जाता है कि पूरी जिंदगी उन्होंने कांग्रेस विरोधी राजनीति की और अपना सियासी मुकाम हासिल किया। यहां तक कि आपातकाल के दौरान तमाम कोशिशों के बावजूद इंदिरा गांधी उन्हें गिरफ्तार नहीं करवा सकी थीं। बता दें कि राष्ट्रपति भवन में आयोजित इस समारोह में कर्पुरी ठाकुर के बेटे रामनाथ ठाकुर भारत रत्न लेने पहुंचे। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पोती नमिता कुमारी ने कहा, बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। इस भाव को शब्दों में बयां कर पाना मुश्किल है। यह सिर्फ परिवार के लिए ही नहीं बल्कि पूरे बिहार के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

### लाल कृष्ण अडवाणी को भी भारत रत्न

लाल कृष्ण अडवाणी भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के सातवें उप-प्रधानमंत्री रह चुके हैं। उनका जन्म 1927 में पाकिस्तान के कराची में एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। अडवाणी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भारत के उप-प्रधानमंत्री का पद संभाल चुके हैं। इससे पहले वह 1998 से 2004 के बीच भाजपा के नेतृत्व वाले नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एनडीए) में गृहमंत्री भी रह चुके हैं। लाल कृष्ण अडवाणी उन लोगों में शामिल हैं, जिन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नींव रखी थी।10वीं और 14वीं लोकसभा के दौरान उन्होंने विपक्ष के नेता की भूमिका बखूबी निभाई है। 2015 नें उन्हें भारत के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

# बीजेपी मेनिफेस्टो कमेटी का ऐलान, राजनाथ अध्यक्ष

## निर्मला सीतारमण संयोजक, समिति में 4 राज्यों के सीएम समेत 27 सदस्य



- भाजपा मैनिफेस्टो कमेटी में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भाजपा ने अपनी मैनिफेस्टो कमेटी का एलान कर दिया है। दिग्गज भाजपा नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, निर्मला सीतारमण को इसका संयोजक और पीयूष गोयल को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा मैनिफेस्टो कमेटी में अध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को शामिल किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में यह समिति लोकसभा चुनाव के लिए अपने चुनावी वादों को लेकर विचार-विमर्श करेगी और उन्हें अमलीजामा पहनाएगी। इसके लिए समिति देश भर के लोगों से सुझाव मांगेगी।

### भाजपा की समिति में कौन-कौन?

अर्जुन मुंडा, भूपेंद्र यादव, अर्जुनराम मेघवाल, किरेन रिजिजू, अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र पटेल, हिमंत बिस्व सरमा, विष्णुदेव साय, मोहन यादव, शिवराज सिंह चौहान, वसुंधरा राजे, स्मृति ईरानी, जुएल ओराम, रविशंकर प्रसाद, सुशील मोदी, केशव प्रसाद मौर्य, राजीव चंद्रशेखर, विनोद तावड़े, राधामोहन दास अग्रवाल, मनजिंदर सिंह सिरसा, ओपी धनखड़, अनिल एंटनी, तारीक मंसूर के नाम शामिल हैं।

### पिछली बार भी राजनाथ ने ही संभाली थी कमान

गौरतलब है कि 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 20 सदस्यों वाली मैनिफैस्टो कमेटी बनाई थी। तब उसकी कमान तत्कालीन गृहमंत्री राजनाथ सिंह को ही सौंपी गई थी। इस बार भी उन्हें ही यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। कहा जा रहा है कि भाजपा अप्रैल के दूसरे हफ्ते में घोषणापत्र जारी करने की योजना बना रही है।

### पिछली बार ये थे भाजपा के अहम वादे

बता दें कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल के लिए भाजपा ने राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद-370 के खात्मे, किसानों को छह हजार रुपये की सहायता, छोटे किसानों-दुकानदारों को पेंशन, एक साथ लोकसभा-विधानसभा चुनाव कराने जैसे अहम वादे किए थे। इसमें से राम मंदिर का निर्माण और अनुच्छेद-370 को खत्म करने का वादा भाजपा सरकार पूरा कर चुकी है। वहीं, समान नागरिक संहिता लागू करने की शुरुआत उत्तराखंड से हो चुकी है। इसके अलावा, कई अन्य वादों को भी पार्टी पूरा कर चुकी है।

### 28 मार्च को बीजेपी ने 12 राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी का ऐलान किया था

भारतीय जनता पार्टी ने दो दिन पहले लोकसभा चुनाव 2024 के लिए राज्यों के चुनाव प्रभारी और सह-प्रभारी की लिस्ट जारी की थी। इस लिस्ट में 10 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों के नाम शामिल हैं। कुल 18 नाम हैं। जिनमें 10 प्रभारी और 8 सह-प्रभारियों के नाम शामिल हैं। दिल्ली से ओ.पी धनखड़ को प्रभारी बनाया गया है। डॉ. अलका गुर्जर को दिल्ली का सह-प्रभारी बनाया गया है। महाराष्ट्र का प्रभार सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को सौंपा गया है। साथ ही यहां दो सह-प्रभारी बनाए गए हैं, जिसमें निर्मल कुमार सुराना और जयभान सिंह पवैया के नाम शामिल हैं।

# मुख्तार अंसारी को दफनाया गया, जनाजे में उमड़ी भारी भीड़



**जन एक्सप्रेस । गाजीपुर**

उत्तरप्रदेश के माफिया मुख्तार अंसारी को शनिवार को गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में दफन कर दिया गया। 30 हजार लोग मुख्तार के जनाजे में पहुंचे। इस दौरान डीएम आर्यका अखौरी ने मुख्तार के बड़े भाई सांसद अफजाल अंसारी से परिवार के लोगों को ही कब्रिस्तान में ले जाने को कहा। इसे लेकर अफजाल और डीएम के बीच तीखी बहस हो गई। अफजाल ने कहा कि मिट्टी देने के लिए दुनिया में कोई परमिशन नहीं लेता है। जवाब में डीएम ने कहा कि धारा 144 तोड़ने वालों पर स्नद्धक्र कराऊंगी। दोनों के बीच करीब 10 मिनट बहस चली। इसका वीडियो भी सामने आया है।

### नारेबाजी करने वालों पर कार्रवाई होगी: गाजीपुर डीएम

गाजीपुर डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि जिन भी लोगों ने नारेबाजी की है, उन सबकी वीडियोग्राफी कराई गई है और सबके विरुद्ध कार्रवाई भी करवाई जाएगी। आपको बता दें कि मुख्तार अंसारी के अंतिम संस्कार के दौरान उनके समर्थकों द्वारा कब्रिस्तान में प्रवेश करने के लिए बैरिकेडिंग तोड़ने से अफरा-तफरी मच गई।

### सुपुर्द-ए-खाक की कार्रवाई पर पुलिस का बयान

डीआईजी ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि चुनौती ये थी कि सभी लोग शांतिपूर्ण तरीके से जनाजे में शामिल हो जाएं। जिसके लिए हमने आस-पास के कस्बों में तैनाती कर दी थी। परिजनों से संपर्क रखते हुए धार्मिक रिवाजों के साथ सुपुर्द-ए-खाक की कार्रवाई को पूरा करवाया गया है।

### हुड़दंग करने वालों पर होगी कानूनी कार्रवाई

मुहम्मदाबाद में गाजीपुर एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि काफी लोग वापस लौट गए हैं। बाकी लोग धीरे-धीरे जा रहे हैं। जिन लोगों ने हुड़दंग करने का प्रयास किया है। उनकी वीडियोग्राफी कर ली गई है। ऐसे लोगों को चिन्हित किया जाएगा। जिनके द्वारा आचार-संहिता का उल्लंघन करके किसी तरह की नारेबाजी की गई है। उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्तार के भाई अफजाल और डीएम के बीच बहस का वीडियो वायरल

मुख्तार अंसारी के भाई और सांसद अफजाल अंसारी की डीएम गाजीपुर के साथ तीखी बहस का वीडियो सामने आया है। डीएम गाजीपुर ने धारा 144 का हवाला देते हुए कहा कि मिट्टी देने केवल परिवार के लोग जाएं, पूरा कस्बा नहीं जाएगा। अगर धारा 144 का उल्लंघन हुआ तो सबके खिलाफ एफआईआर करेंगे।

## माफिया पिता मुख्तार अंसारी की मौत से भी नहीं टूटा बाहुबली अब्बास, बोला, वक्त बदलेगा

**जन एक्सप्रेस । कासगंज**

उत्तर प्रदेश के कासगंज में जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी का पुत्र बाहुबली अब्बास शनिवार को भी अब्बू के गम में डूबा रहा। उसे इस बात का अफसोस रहा कि उच्च न्यायालय से पेरोल न मिल पाने के कारण वह अब्बू के जनाजे में शामिल नहीं हो पाया। उसे पेरोल न मिलने का अफसोस रातभर सताता रहा। हाई सिक्योरिटी बैरक में वह पूरी रात ढंग से सो भी नहीं पाया। कभी उठता, कभी बैठता तो कभी टहलने लगता। जेल में अब्बास के अधिवक्ता केशव मिश्रा ने दोपहर के समय अब्बास से मुलाकात की। आधा घंटे तक मुलाकात चली। अधिवक्ता केशव मिश्रा ने कहा कि अब्बास अब्बू मुख्तार अंसारी की मृत्यु को लेकर सहज नहीं है। उसका कहना है कि यह प्राकृतिक मृत्यु नहीं है। बल्कि यह एक हत्या है जो योजनाबद्ध तरीके से की गई है। मामले की जांच के सवाल पर भी अब्बास के मन में निराशा थी। उन्होंने कहा कि यह जांच सही नहीं हो सकती। क्योंकि जांच करने वाले ही आरोपों के घेरे में है। अब्बास ने अपने अधिवक्ता से कहा कि अभी हमारा समय खराब है। खुदा जो करेगा वो मंजूर है।

### शनिवार को भी अब्बास ने रखा रोजा

पिता की मौत से बंदी विधायक अब्बास काफी टूटा है। लेकिन, खुदा पर उसका पूरा भरोसा है। शनिवार को भी अब्बास ने रोजा रखा। कुरान पढ़ी एवं नमाज अता की।

### परिवार के लोगों से फोन पर की बात

पचलाना जिला जेल में बंद विधायक अब्बास ने शनिवार को भी परिवार के लोगों से फोन पर बात की। जेल के पीसीओ से अब्बास ने बात की। फफकते हुए उसने परिवार के लोगों को सब्र रखने की सलाह दी। पांच मिनट तक परिवार के लोगों के अधिकृत नंबर पर उसने बातचीत की।

### तीन हिंदू मजदूरों ने खोदी 7.6 फीट की कब्र

माफिया मुख्तार अंसारी को सुपुर्द-ए खाक करने के लिए उसके घर से करीब 400 मीटर दूर पुस्तैनी कब्रिस्तान में कब्र खोदी गई, जो 7.6 फीट लंबी और पांच फीट गहरी और चौड़ी है। यह कब्र उसके मां-बाप की कब्र से पांच फीट नीचे (पैर की तरफ) बनाई गई है, जिन्हें खोदने वाले तीन हिंदू मजदूर बुलाए गए। हालांकि उनका कहना था कि मुख्तार अंसारी के परिवार से जिन लोगों का इंतकाल होता है उनके लिए वे पहले से ही कब्र खोदने के लिए आते हैं।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

**रिपोर्ट** बीएसपी विधायक राजू पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के शूटरों को सीबीआई की लखनऊ कोर्ट ने दोषी ठहराया

# माफिया और उनके गुर्गों पर बरप रहा प्रकृति और कानून का कहर

- बांदा जेल में सजा काट रहे मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई
- माफिया अतीक अहमद के गुर्गों को सीबीआई कोर्ट ने उम्र कैद की सजा दी है

**जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** प्रदेश में आतंक का पर्याय रहे माफिया और उनके गुर्गों पर कहीं प्रकृति का कहर बरप रहा है तो कई को देश का कानून उनके गुनाहों की सजा दे रहा है। बांदा जेल में सजा काट रहे मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। माफिया अतीक अहमद के गुर्गों को सीबीआई कोर्ट ने बीएसपी विधायक राजू पाल हत्याकांड में उम्र कैद की सजा दी है। सीबीआई कोर्ट ने शुक्रवार को बीएसपी विधायक राजू पाल हत्याकांड में माफिया अतीक अहमद के शूटर आबिद प्रधान, जावेद, अब्दुल कवि, फरहान, इसरार और रंजीत पाल को दोषी ठहराया। सीबीआई की लखनऊ कोर्ट ने इन सभी को दोषी ठहराया और उम्रकैद की सजा सुनाई। इस हत्याकांड में अतीक अहमद और अशरफ भी नामजद थे, लेकिन उनके मर्डर के बाद नाम हटा दिया गया। जनवरी साल 2005 में राजू पाल की प्रयागराज के धूमनगंज में हत्या कर दी गई थी। माफिया अतीक और अशरफ राजू पाल हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता थे।

### राजू पाल की बीवी पूजा पाल अभी चायल विधानसभा सीट से विधायक हैं

अतीक अहमद और अशरफ अहमद ने इस हत्याकांड की साजिश रची थी। दरअसल, राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ अहमद को विधानसभा चुनाव में हरा दिया था। इससे अतीक अहमद बौखला गया था। इसके बाद उसने बीएसपी विधायक राजू पाल को मार डालने की साजिश रची और उसे अंजाम दिया। राजू पाल की बीवी पूजा पाल अभी चायल विधानसभा सीट से विधायक हैं।

### भाई अशरफ की हार से अतीक राजू पाल से राजनीतिक दुश्मनी मानने लगा था

तत्कालीन बीएसपी एमएलए राजू पाल को 25 जनवरी 2005 को प्रयागराज के धूमनगंज में गोलियों से भून दिया गया था। विधानसभा चुनाव में भाई अशरफ की हार से अतीक राजू पाल से राजनीतिक दुश्मनी मानने लगा था। अतीक अहमद और अशरफ ने गुर्गों के साथ मिलकर इस हत्याकांड को अंजाम दिया था।

### गवाह और अधिवक्ता उमेश पाल की भी जनवरी 2023 में हत्या कर दी गई थी

राजू पाल हत्याकांड के गवाह और अधिवक्ता उमेश पाल की भी जनवरी 2023 में हत्या कर दी गई थी। प्रयागराज में कोर्ट से लौटते वक्त उमेश पाल को अतीक के बेटे असद अहमद, बमबाज गुड्डू मुस्लिम और अन्य शूटरों ने ताबड़तोड़ गोलियां और बम बरसा कर ढेर कर दिया था। इसमें दो पुलिसकर्मी भी शहीद हो गए थे।

## दो माह में ही बच्ची को मिला इंसाफ, दुष्कर्मी को उम्रकैद

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

नौ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में पॉक्सो एक्ट की विशेष कोर्ट के न्यायाधीश पवन कुमार शर्मा ने महज दो माह में सुनवाई पूरी कर शनिवार को फैसला सुना दिया। कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक सीएल द्विवेदी के मुताबिक अमेठी कोतवाली के भीमी गांव का दिनेश पाल आठ दिसंबर 2023 को अमेठी जिले के संग्रामपुर थाने के एक गांव में अपनी रिश्तेदारी में आया था। आरोपी रिश्तेदार के घर की एक नौ साल की बच्ची को साथ लेकर निमंत्रण में गया था। लौटते समय उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी दिनेश पाल के खिलाफ केस दर्जकर उसे जेल दिया था।

# जिलाधिकारी व एसपी ने किया मतदेय स्थलों का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्येनजर मऊ क्षेत्रान्तर्गत वल्नरेबल (असुरक्षित) बूथों प्राथमिक विद्यालय कलचिहा मऊ, प्राथमिक विद्यालय बरगढ़ प्रथम, कंपोजिट विद्यालय हरदी कला मऊ, कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय खप्टिहा, इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय खण्डेहा का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने मतदेय स्थलों के निरीक्षण के दौरान कहा कि स्कूलों की दीवारों पर पेंटिंग कर बूथ की संख्या बूथ लेवल अधिकारी आदि का बोर्ड लगाए। उन्होंने ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि पानी, बिजली, प्रकाश, छांव की व्यवस्था अच्छी कराएं। उन्होंने कहा कि मृतक वोटरों को सूची से नाम हटाए। साथ ही मतदाताओं से समस्या के बारे में जानकारी ली एवं निर्देशित किया की शांतिपूर्ण चुनाव कराएं। उप जिलाधिकारी मऊ को निर्देशित किया कि जिन स्कूलों में रैंप नहीं है, उसमें रैंप भी बनवाएं। बूथ लेवल अधिकारी अनुज कुमार प्राथमिक विद्यालय बरगढ़ प्रथम को जेंडर रेशियों बढ़ाने के लिए सम्मानित करें। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारी को निर्देशित किया कि हर घर पर्ची बटनी चाहिए। उन्होंने खण्डेहा पंचायत भवन में ग्रामीण चैपाल लगाकर जनता की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगर कोई समस्या है तो उसे अवगत कराएं। चुनाव में कोई भी विध्न डालता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। कहा कि कोई डरता व धमकता है तो उसे चिन्हित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि वल्नरेबल स्थलों पर प्रशासन का विशेष फोकस कर रहा है, उसी को लेकर जनपद में कुल 32 वल्नरेबल मतदेय स्थल चिन्हित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को भी प्रशासन लगातार चिन्हित कर रहा है जो चुनाव में खलल पैदा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मतदान के समय केन्द्र पर वोट डालने की प्रक्रिया प्रभावित न हो। साथ ही मतदाता स्वतंत्र होकर अपना वोट डाल सके इसके लिए प्रशासन प्राथमिकता पर कार्य कर रहा है। जनपद में चिन्हित वल्नरेवल मतदाता केन्द्रों पर वेब कास्टिंग और वीडियो ग्राफी भी गहनता से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त के निर्देश है कि चुनाव सुचिता पूर्ण व शांतिपूर्ण होना चाहिए, किसी भी प्रकार की गडबडी नहीं होनी चाहिए।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी मऊ राकेश कुमार पाठक, मऊ क्षेत्राधिकार जयकरण सिंह, थाना प्रभारी बरगढ़ राकेश मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मानक की धज्जियां उड़ा संचालित हो रहे विद्यालय, विभाग मौन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

क्षेत्र मे मान्यता के मानक को धता बताकर मान्यता प्राप्त विद्यालय ज्ञान की धारा बहायी जा रही है। वही शिक्षा विभाग के आलाधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है। जहॉ सरकारे समान शिक्षा का नारा देकर शिक्षा के लिए ग्रामीण क्षेत्रो मे शिक्षा का ग्राफ बढाने का प्रयास करके सर्व शिक्षा अभियान तथा बाल विकास, बाल अधिकार अधिनियम जैसी तमाम कार्यक्रम संचालित कर रही है। वही विद्यालय के संचालक मात्र धन उगाही का साधन मात्र मानकर मानक की धज्जियॉ उडाकर विद्यालय संचालित कर रहे है। विकास खण्ड ऐरायॉ, विजईपुर, धाता शिक्षा क्षेत्र मे दो दर्जन से भी अधिक मान्यता प्राप्त विद्यालय मानक के विपरीत मान्यता लेकर संचालित हो रहे है। वही विभाग के आलाधिकारी सहीत खण्ड शिक्षाधिकारी देखकर भी अनदेखा कर रहे है। जहॉ सरकारे सबको शिक्षित करने के संकल्प के साथ बच्चो को मुफ्त किताबे, स्कूली पोसाक, दोपाहर का भोजन आदि देकर शिक्षा के प्रति आम लोगो का रुझान बढाने का प्रयास कर रही है। वही कुछ चिन्हित शिक्षा माफियॉ सरकारो के तमाम प्रयासो को धूलधूसित करके मानक के विपरीत विद्यालयो का संचालन कर रहे है। जिससे समान शिक्षा का नारा निष्फल हो रहा है। जब कि न्यायालय द्वारा प्राथमिक शिक्षा को सुधरने के लिए सरकारी आलाधिकारियो के बच्चो को प्राथमिक विद्यालयो मे शिक्षा ग्रहण करना अनिवार्य कर दिया लेकिन न्यायालय सहित सरकारो के नियमो, कानूनो को भी धता बताया जा रहा है।

मानक विहीन विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र ही नही कस्बा क्षेत्र मे भी मानक विहीन विद्यालय शिक्षा माफियॉ विद्यालयो को संचालित कर रहे है। जब कि शिक्षाधिकारियो का आवागमन बना रहता है। लेकिन शिक्षाधिकारी देखकर भी अनदेखा करके जेबे गर्म कर रहे है। शिक्षा मफियाओ का आलम यह है कि शिक्षा के साथ खिलवाड कर रहे है। बच्चो को विद्यालय मे झप्पर डालकर या फिर टीन सेड के नीचे भेड बकरियो की तरह शिक्षा दिया जा रहा है। वही बिना प्रशिक्षण के ही शिक्षको को कम बेतन पर ही रखकर शिक्षण करा रहे है। सरकारो के अनदेखी और विभाग के आलाधिकारियो की लचर नीतियो के चलते शिक्षा का व्यवसाई करण होता जा रहा है जिससे शिक्षा का मानक गिरता जा रहा है।

## भगनपुर में मनाया गया होली मिलन समारोह

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** रंग पंचमी के अवसर पर विकास खंड चित्रकूट धाम कर्वी की ग्राम पंचायत भगनपुर में कोटेदार देवराज पटेल के आवास पर धूमधाम से ग्रामवासियों व क्षेत्रवासियों ने फूलों की होली खेली। जिसमें विभिन्न कलाओं के माध्यम से कलाकारों द्वारा होली गीत प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर जानकी प्रसाद, रामप्रसाद, पटेल, मिथलेश कुमार, फूलचंद, रामरूप पटेल, मनोज कुमार, मनीष कुमार, राजेश कुमार, छोटेलाल यादव, नगन प्रसाद, शिवप्रसाद, सचिन पटेल, विपिन पटेल, देवराज ठाकुर, संतोष कुमार, फूलचंद पटेल, निर्मल यादव, नरेश पटेल रज्जू, रज्जन पटेल, नत्थूराम पटेल, सियाराम, रामसिया, गयाप्रसाद पटेल, रामफल पटेल, विनोद कुमार, महेश गुप्ता, रामलखन, चुनबाद, मिल्लू, पुष्पेन्द्र पटेल, संपत, कल्लूराम, रामजी, चिकरम, अनिकेत पटेल, शुभम पटेल, प्रिन्स पटेल, शिवांश पटेल आदि मौजूद रहे।

# रात भर फर्राटा भरते हैं ओवरलोड ट्रक, सो रहा प्रशासन

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

ओवरलोड वाहनों पर अंकुश में जिला प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। रात भर ओवरलोड सैकडों ट्रक फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। गिट्टी, मौरंग व बालू से लदे ओवरलोड ट्रकों के गुजरने से सड़कें टूट रही हैं। थाने व चैकियों के सामने से बेधड़क गुजरने वाले इन ओवरलोड ट्रकों को कोई नही रोकता जिससे लगता है कि मिली भगत से जारी है है ओवर लोडिंग का खेल।

जनपद में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ प्रशासन की कई टीमें गठित हैं लेकिन ओवर लोडिंग के खेल मे कोई अंतर नहीं पड़ा। गिटटी, मौरंग और बालू से लदे ओवरलोड ट्रक सड़कों को बर्बाद कर रहे हैं। आश्चर्य तो तब होता है कि एक तरफ प्रशासन ओवर लोडिंग पर कार्य वाही करके इस अबैध खेल को रोकने का दावा भर रहा है वही थाना और पुलिस चैकियो सहित आलाधिकारियो के आवासो और कार्यालयो के सामने से बेधडक गुजर रहे है।

जिससे लगता है कि स्थानीय प्रशासन कही न कही दोहरी नीति अपना कर अबैध खेल मे हिस्सेदारी निभा रहा है। दिन रात बेधडक ओवर लोड वाहन सडको मे फर्राटा भरते देखने को मिल रहे है। जब कि प्रशासन सहित पुलिस प्रशासन ओवर लोडिंग बन्द कराने के लिए छोटी-छोटी कार्यवाहिया करके अपनी ही पीठ ठोकते देखने को मिल रहा है। जब कि स्थानीय लोगो सहित राहगीरो के साथ आये दिन जानलेवा घटनाये घट रही है। जिससे लोगो मे आक्रोस फैल रहा है।

# जिला जज ने सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण कर ली बाल अपचारियों की समस्याओं की जानकारी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने शनिवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाल अपचारियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव व अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद न्यायाधीश द्वारा सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) में किशोर अपचारियों द्वारा बनायी गयी पेन्टिग का अवलोकन किया गया। साथ ही बाल अपचारियों द्वारा बनायी गयी उत्कृष्ट पेटिंग के लिये प्रोत्साहित किया गया। जनपद न्यायाधीश ने बाल अपचारी अखिलेश कुमार को स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण उसके समुचित इलाज के बारे में निर्देशित किया।

इस मौके पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्त धर दूबे, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजलिका प्रियदर्शिनी, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह, संस्था प्रभारी वीरसिंह, डॉ नरेन्द्र पटेल, शिवशंकर त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# निगम के चालकों-परिचालकों की मनमानी से यात्री परेशान

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

कानपुर से प्रयागराज, वराणसी आदि आवागमन वाली परिवाहन बसे चालक-परिचालको के मनमानी के चलते यात्रियो के लिए मुसीबत बनती जा रही है। रात-दिन हजारो की सख्या मे फतेहपुर, खागा आदि के लिए यात्रियो का आवागमन बना ही रहता है। कई बार निगम के आलाधिकारियो को शिकायती पत्र देकर शहरो कस्बो मे निर्धारित बस स्टापो तक यात्रियो को उतारने चढाने की मांग किया गया। लेकिन मनमानी के चलते शहर-कस्बो मे मनमानी ढग से उतारते है। जिससे कभी भी बडी अनहोनी हो सकती है।

बताते चले कि नेशलन हाईवे मे यातायात व्यवस्थित करने के लिए ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है। जिससे लोगो को जाम के झाम से निजात मिल सके। वही परिवाहन की बसे बस स्टापो तक न पहुॅचकर मनमानी तरीके से यात्रियो को बाईपास जंगलो मे उतार देते है और बस स्टाप चलने को कहने पर झगड़े-फसाद में उतर आते हैं।

इसी प्रकार ओवर ब्रिज पुल के नीचे से परिवहन निगम की सभी रोडवेज बसों के संचालन हेतु कई बार निगम के आलाधिकारियो का फरमान जारी हुआ लेकिन चालको-परिचालको के मनमानी के चलते सभी आदेश नगन्य साबित हो रहा है। कानपुर से फतेहपुर-फतेहपुर से कानपुर जाने के लिए परिवहन विभाग के रोडवेज बसें बडी सख्या मे चलती है। सभी बसें ओवर ब्रिज के ऊपर से ही निकल जाती है। जिससे यात्रियों को यात्रा करने में काफी समस्या आती है। इस समस्या को पूर्व में ही भाजपा नेता ने शिकायत करके सभी बसों को पुल के नीचे से चलाने के लिए मांग किया था। जिस पर विभागीय आदेश के बाद कुछ दिन तो कुछ बसें पुल के नीचे से निकली लेकिन वह भी अब निकलना बंद हो गई। जिससे जनता के सामने एक बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई। इस समस्या के चलते उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार सिंह को शिकायती पत्र दिया एवं सभी बसों को ओवर ब्रिज पुल के नीचे से चलाने की मांग किया। क्षेत्रीय प्रबंधक परिवहन विभाग ने पूर्ण आश्वासन दिया कि सभी बसें ओवर ब्रिज के नीचे से ही निकलेंगी अन्यथा की स्थिति पर सभी बसों के चालकों परिचालकों पर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा।

# युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी, जसपुरा थाना क्षेत्र के मरोला डेरा का मामला

जन एक्सप्रेस | जसपुरा

सूने घर में युवक ने कमरे अंदर रस्सी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र के अमारा गांव के मजरा मरोला डेरा निवासी 20वर्षीय रामनरेश पुत्र स्व पंचा शुक्रवार की सुबह खेत मे फसल काटने गया था शाम को घर लौट कर आया। सूना मौका देख उसने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में अगौछा से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद मां शव ने देखा तो चीख पड़ी। शोर गुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फांनन फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

मृतक के चाचा बबलू ने बताया कि रामनरेश खेत काटने की मजदूरी करने गया था। खेत से लौटने के बाद उसने यह घटना अंजाम दी। मृतक तीन बहनो में इकलौता था। पिता की कई साल पहले मौत हो गई थी। घटना का कारण अज्ञात है। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह रजावत ने बताया मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना का कारण अज्ञात है। थाना प्रभारी राजेन्द्र सिंह रजावत ने बताया मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## विशेष न्यायाधीश ने बाइक चोरों को सुनाई सजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए दो आरोपियों को न्यायालय ने तीन-तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 5-5 हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कर्वी के पुरानी बाजार निवासी राजेश यादव उर्फ थोपू और राजापुर थाने के भम्भेट निवासी प्रवीण उर्फ पारस को कर्वी कोतवाली के तत्कालीन निरीक्षक जयशंकर सिंह ने बीती 17 सितम्बर 2020 को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद चोरी का माल बरामद होने के मामले में दोष सिद्ध होने पर अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी राजेश यादव उर्फ थोपू और प्रवीण उर्फ पारस को तीन-तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# सुरेन्द्रपॉल ग्रामोदय विद्यालय में वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम की घोषणा

## बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने को वाहन शुल्क में 50 प्रतिशत छूट का निर्णय

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित सुरेंद्रपाल ग्रामोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम की घोषणा तथा मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गॉधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा ने बच्चों को पुरस्कार देते हुए उनके मंगलमय भविष्य की कामना की।

गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक डॉ राम नारायण त्रिपाठी ने भी बच्चों के उत्साह में प्रेरक प्रसंग के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहन दिया। इस अवसर पर दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन भी उपस्थिति रहे। दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि बालिकाओं की शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थान ने यह निर्णय किया है कि उनके वाहन शुल्क में 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। यह आगामी सत्र से लागू भी हो जाएगा। छात्र-छात्राओं को कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने पर कक्षा में सर्वाधिक अनुशासित छात्र के रूप में अपना नाम दर्ज करने पर तथा कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज करने के लिए मंच से पुरस्कृत किया गया। इसके साथ सत्र 2023-24 में आयोजित होने वाली विद्यालय स्तर की लगभग 17 प्रतियोगिताओं के 400 से अधिक प्रतिभागी विजेता बालक-बालिकाओं को भी पुरस्कार दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता अशोक दीक्षित ने किया। इससे पूर्व विद्यालय के प्राचार्य मदन तिवारी ने विद्यालय का परीक्षा फल एक दृष्टि में सभी के सम्मुख रखा। इस मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ अशोक पांडेय, विद्यालय के प्रधानाचार्य अंशुमान पाठक, वरिष्ठ व्याख्याता जितेंद्र श्रीवास्तव, भुवनेश मिश्रा, रामवीर सक्सेना, शिव शंकर पांडेय आदि मौजूद रहे।

# चुनावी अखाड़ा तैयार लेकिन प्रतिद्वन्दी नदारद, समर्थको में जुबानी जंग जारी

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

लोकसभा चुनाव की जुबानी जंग में गरमाहट आती जा रही है। जंग की तैयारी पूरी हो गयी है और घोषणा किया जा चुका है लेकिन जांबाज अब भी नदारत है। केवल एक ही दल की ओर से जांबाज का एलान किया गया है। जो लगातार ललकार रहा है। वही विपक्ष की ओर से कोई भी पहलवान को नही उतारा जा रहा है। बल्कि पार्टी समर्थक ही जुबानी जंग कर रहे है। जब कि जंग का समय बहुत ही तेजी से नजदीक आता जा रहा है और लोगो मे अब भी संसय की स्थित बनी है।

ब्ताते चले कि फतेहपुर संसदीय सीट से एक मात्र प्रत्यासी भाजपा की ओर से घोषित किया गया है। वही सपा, बसपा सहित अन्य दलो की ओर से कोई भी प्रत्यासी की घोषणा नही किया गया। अकेले भाजपा की सांसद तीसरी बार चुनाव लडने जा रही हैं। जबकि विपक्ष में अभी तक सन्नाटा है। कौन किस दल से चुनाव लडेगा। कुछ खुलासा नहीं हो पा रहा है। हां जनता जरूर, अपने-अपने स्तर पर कयास का गुणाभाग लगाती नजर आ रही है। जिले में मौजूदा सांसद भाजपा दो बार से फतेहपुर ससंदीय सीट का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। सपा की तरफ से अभी तक कुर्मी बिरादरी की उम्मीदवारी की ही चर्चा सुनने को मिल रही है। बाकी कौन चुनाव मैदान में उतरेगा। यह तस्वीर अभी तक ओझिल है। दो बार इस सीट पर कामयाबी का परचम लहरा चुकी बसपा भी पूरी तरह से खामोश नजर आ रही है। बसपा से भी अभी तक कुछ तय नहीं है। हां सपा की तरह, उम्मीदवारी जताने वाली संख्या जरूर बढती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि यह पार्टी मुस्लिम प्रत्याशी को तरजीह दे सकती है। कांग्रेस का दावा तो दूर-दूर तक नजर नहीं आ रहा है। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष भी पार्टी छोडकर भाजपा में शामिल हो चुके हैं और अब तक जिलाध्यक्ष की सीट खाली पडी है। कांग्रेस इस सीट पर सबसे ज्यादा चुनाव जीतने के बाद मौजूदा कई चुनाव से जिस दौर से गुजर रही है। उसे दुर्दिन ही कहा जा सकता है। जिससे कांग्रेस समर्थको मे सरगर्मी खामोश है। हाल यह है कि इस पार्टी की चुनावी सरगर्मी अभी तक सिर्फ चुनावी बहस का मुद्दा बनी हुई है।

# खेत में युवक का शव फंदे से लटकता मिलता

जन एक्सप्रेस | बांदा

खेत में लगे बबूल के पेड़ पर युवक का शव फंदे से लटता पाया गया। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनो ने हत्या कर शव फंदे पर लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अतर्रा थाना क्षेत्र के नगनेधी गांव निवासी 19 वर्षीय रज्जू पुत्र हरबंश कुशवाहा का शव शुक्रवार की शाम खेत में लगे बेरी के पेड़ पर साड़ी के सहारे फंदे से लटकता खेत मालिक छोटू पंड़ित ने देखा तो घरवालो को सूचना दी। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई सालिम कुशवाहा ने बताया कि शुक्रवार की शाम रज्जू पड़ोसी युवक के साथ घूम रहा था। सालिम का आरोप है कि उसकी गांव के कुछ लोगो से रंजिश चलती है। रज्जू को मारपीट कर मार डाला आत्महत्या का रूप देने के लिए फांसी पर लटका दिया।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर चार आरोपियों को सजा

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

गैर इरादतन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर अपर सत्र न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने चार आरोपियों को 10-10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के बरमपुर गांव के निवासी रामचन्द्र कुशवाह ने बीती 28 फरवरी 2021 को कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार बीती 20 फरवरी 2021 को सबेरे 7:30 बजे रास्ते को लेकर विवाद हुआ था। जिसमें हमलावर शिव प्रसाद ने अपने बेटे प्रकाश चन्द्र व सुरेश, रामलखन आदि के साथ लाठी, डण्डा, कुल्हाडी, हसिया से हमला कर दिया। जिसमें वादी रामचन्द्र, राजाराम, भूरी देवी, जियालाल उर्फ लाला भाई घायल हो गए थे। इस घटना में उसका छोटा भाई जियालाल गम्भीर रूप से घायल हो गया था। जिसे लेकर इलाज के लिए वह लोग जिला अस्पताल आए। जहां गम्भीर हालत के चलते चिकित्सकों ने उसे प्रयागराज के लिए रिफर कर दिया, किन्तु इलाज के दौरान 26 फरवरी 2021 को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी मामले में दूसरे पक्ष के शिवप्रसाद ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गयी तहरीर में शिव प्रसाद ने बताया था कि घटना के समय वह अपने खेत में पिलर कर रहा था। इस दौरान रामचन्द्र व राजाराम आदि ने आकर उसे गाली गालौच करते हुए लाठी डण्डों से पीटा।

## मां की डाट से नाराज किशोरी ने फांसी लगा की खुदकुशी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मां की डाट से नाराज किशोरी ने सूने घर में छप्पर की धन्नी से फांसी लगा कर खुदकुशी कर लिया। काफी देर बाद घर लौटे पिता ने शव देखा तो चीख पड़ा। शोर गुलसुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। आनन फांनन फंदा काट कर नीचे उतार लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कमासिन थाना क्षेत्र के अमलोखर गांव निवासी 15 वर्षीय अंजली पुत्र प्रहलाद ने हाई स्कूल में पढती थी। शनिवार की सुबह मां शिवदुलारी फसल की कटाई करने खेत चली गई। पिता मजदूरी करने चला गया। इसी बीच सूना मौका देख अंजली ने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। दोपहर बाद किसी काम से ष्घर लौटे पिता ने देखा तो दरवाजे बंद थे। उसने कुंडी खटखटाई लेकिन अंदर से कोई जवाव नही मिला।

# गौकशी के 5 आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी मऊ जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में मानिकपुर पुलिस ने गौकशी के 5 आरोपियों को अवैध तमंचे व गौवध करने के औजारों के साथ गिरफ्तार किया।

उल्लेखनीय है कि बीते शुक्रवार को वादी शिवनरेश पुत्र रामप्रसाद निवासी मानिकपुर ने थाना मानिकपुर में सूचना दी कि असलम आदि लोगों ने मेरी गाय को काटकर मार दिया है। इस सूचना पर थाना मानकिपुर में उत्तर प्रदेश गौवध निवारण अधिनियम पंजीकृत किया गया। इस सूचना को तत्काल संज्ञान लेकर प्रभारी निरीक्षक मानकिपुर रीता सिंह तथा उनकी टीम द्वारा असलम निवासी मानिकपुर, मो हनीफ उर्फ राजू खान निवासी शिवनगर व सादिक खान निवासी बरुवा स्योंदा थाना नरैनी जनपद बांदा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 देशी तमंचे व कारतूस बरामद किये गये। साथ ही उनकी निशानदेही पर गौवध करने में प्रयुक्त 2 लोहे के चापड, 2 चाकू व 1 लकडी का बोटा बरामद किया गया। इसी क्रम में शनिवार को हनुवा फाटक से आरोपी मकबूल निवासी पर्रई उग्रसेनपुर थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी व सुलेमान निवासी सिंहपुर थाना विसण्डा जनपद बांदा को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 2 लोहे के चापड बरामद किये गये। अवैध शस्त्र व औजार बरामदगी के सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तारी के दौरान मानिकपुर थाने

# होली मिलन समारोह के जरिए दिया सामाजिक समरसता का संदेश



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सेवा समर्पण संस्थान चित्रकूट का होली मिलन समारोह स्व बाबा रामस्वयंवर यादव के हाता में सेवा समर्पण संस्थान चित्रकूट के कमलाकांत की अध्यक्षता में शनिवार को रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें वनवासी कल्याण केन्द्र प्रमुख सतेन्द्र मिश्रा ने कल्याण केन्द्र के कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार सामाजिक समरसता का संदेश देने वाला पर्व है। संचालन जिला मंत्री राजेश पाण्डेय ने किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, शशिकांत पाण्डेय, अंजनी शुक्ला, हीरालाल सोनी, रूपनारायण यादव, राजेश कुमार दीक्षित, आशीष द्विवेदी, महेश सिंह, प्रतिभा जायसवाल, रामसागर, पुष्पराज, योगेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । रविवार । 31 मार्च 2024


**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार हल्के से मध्यम बादल छाये रहने के आसार हैं किंतु वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 22.4 (+4.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 75 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 41 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर- पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# कानपुर के ऐतिहासिक गंगा मेले में खूब उड़ा अबीर गुलाल

## राजनीतिक दुश्मनी भूल लोग एक दूसरे के लगे गले









**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर कानपुर में गंगा किनारे लगने वाले ऐतिहासिक होली गंगा मेला को भला संपूर्ण भारत में कौन नहीं जानता है इस गंगा मेला की चर्चा तो विदेशों में भी रहती है। आपको बताते चलें कि होली के पर्व के बाद पड़ने वाले अनुराधा नक्षत्र में होने वाले ऐतिहासिक गंगा मेला का पर्व कानपुर शहर में बड़ा ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गंगा मेला के पर्व के अवसर पर हटिया स्थित रज्जन पार्क में कल सुबह पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने झंडा रोहण कर मेले का शुभारंभ किया तथा क्रांतिकारियों के शिलालेख पर पुष्पांजलि अर्पित की। तिरंगा झंडा फहराकर पुलिस बैंड द्वारा क्रांतिकारियों को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां से निकलने वाले रंगों के ठेले को आलाअधिकारियों ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहें। इस दौरान विधायक अमिताभ बाजपेई पूर्व विधायक सुनील बिश्नोई व हटिया होली महोत्सव के संयोजक ज्ञानेंद्र बिश्नोई समेत अन्य लोग मौजूद थे। रज्जन पार्क में लगे मेले का बच्चों ने भरपूर लुफ्त उठाया तथा एक दूसरे के ऊपर रंग डालकर बधाई दी। हटिया होली मेला महोत्सव कमेटी के अध्यक्ष व संयोजक ज्ञानेंद्र बिश्नोई बताते हैं कि कानपुर में होली मेला आजादी के



दीवानों की याद में मनाया जाता है। वर्ष 1942 में जब आजादी की जंग अपने शबाब पर थी तो यहां के तत्कालीन कलेक्टर ने होली खेलने पर रोक लगा दी थी तथा जो लोग होली खेल रहे थे उनकी गिरफ्तारी कर ली थी। गिरफ्तारी होने से गुस्साये शहर के लोगों ने इस बात का निर्णय लिया था कि जब तक गिरफ्तार किए गए युवाओं को रिहा नहीं किया जाएगा तब तक लगातार शहर में होली खेली जाएगी।

आखिरकार अंग्रेजी सरकार को झुकना पड़ा और रंग खेलने वाले युवाओं को होली के बाद अनुराधा नक्षत्र वाले दिन रिहा करना पड़ा था। जेल से रिहा होने के बाद सभी ने गंगा स्नान किया और फिर पूरे शहर में होली का जो रंग चला तो वह पूरे दिन चला।

इसी की याद में आज तक कानपुर में गंगा मेला का महोत्सव मनाया जाता है।

### पुलिस भी रही सतर्क, आयुक्त ने किया पूजन



पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा गंगा मेला के उपलक्ष्य में सरसैया घाट पर लगने वाले मेले में पहुँच कर पूजा पाठ किया गया एवं आमजन व सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मियों से मुलाकात करते हुए वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया व स्टीमर/नाव में बैठकर सरसैया घाट से लेकर बाबा आनंदेश्वर मन्दिर तक घाटो का निरीक्षण किया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मेले में चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान सतर्कता से मुस्तैद रहे। इस दौरान पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त लखन यादव, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, सहायक पुलिस आयुक्त कर्नलगंज, फ्लड बल मौजूद रहें।

### जन एक्सप्रेस के टेंट में मंत्रियों से लेकर आम जनमानस ने आकर दी बधाई

ऐतिहासिक गंगा मेला में जन एक्सप्रेस हिंदी दैनिक अखबार का भी टेंट लगा हुआ था जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, भारतीय जनता पार्टी के कानपुर लोकसभा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, के साथ-साथ सैकड़ो भाजपाई, समाजवादी पार्टी के विधायक अमिताभ बाजपेई, कांग्रेस के पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी कांग्रेस नेता राम शंकर राय, सैकड़ो अन्य संगठन और दलों के लोगों के साथ पत्रकार बंधु भी जन एक्सप्रेस टीम को बधाई देने पहुंचे। इस दौरान जन एक्सप्रेस की टीम की ओर से उप संपादक उपेंद्र अवस्थी, नेशनल हेड कमलेश फाइटर, जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन डिजिटल के डायरेक्टर विकास गौतम, सब डायरेक्टर अरुण गौतम, लोहिया क्रांति के ब्यूरो संजय पाल ऊर्फ दद्दा, जन एक्सप्रेस के सब एडिटर अंकुर शर्मा, रिपोर्टर मुशीर खान, दानिश अहमद, प्रशांत कुमार, साउथ इंचार्ज हिमांशु मिश्रा, विष्णु राठौर, अजीजुर रहमान, सनी राव मोघे, कोमल गौतम, डॉक्टर हर नारायण मिश्र, सिटी इंचार्ज विनीत सिन्हा, अमान, आदि शामिल रहे।





### सरसैया घाट पर लगे होली गंगा मेला का अलग ही दिखा नजारा

दिन में होली खेलने के बाद मां गंगा के तट किनारे सरसैया घाट पर पूरा क्षेत्र जगमगाता हुआ दिखा। चेतना चौराहे से लेकर सरसैया घाट के माता गंगा के किनारे तक राजनीतिक, सामाजिक प्रशासनिक, और पत्रकार, समाचार प्रतिष्ठानों संगठनों के टेंट लाइनवार से लगे हुए थे। पुलिस अधिकारियों से लेकर सामाजिक लोगों के साथ-साथ वर्तमान समय में कानपुर और अकबरपुर विधानसभा से नेतृत्व करने वाले प्रत्याशी भी अपने दलबल के साथ सभी से गले मिलते हुए दिखाई दिए। किसी प्रतिष्ठान के टेंट में कोई कबीरा साररा गा रहा था तो कोई अपने संस्थान के बारे में जानकारी दे रहा था,कर्मचारियों के संगठनों और अधिवक्ताओं के भी टेंट लगे हुए थे। जो जिसका मिलने वाला था वह उसे अबीर गुलाल लगाकर बधाई दे रहा था।





सामाजिक संगठन महावीर सेना दुर्गा सेना, कानपुर प्रेस क्लब, जर्नलिस्ट क्लब, हिंदुत्व समन्वय समिति कानपुर, श्री भट्ट ब्राह्मण परिवार रतनलाल नगर कानपुर, कानपुर विश्वविद्यालय छात्र संघ युग शक्ति सामाजिक समिति, बृहस्पति पर स्नातक महाविद्यालय किदवई नगर, सनातन वैदिक रामराज परिषद सर्वोदय नगर सचिन अजय मिश्रा आदि के टेंट लगे थे।









### निगरानी समिति द्वारा बालक-बालिका आश्रय गृह का किया गया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** माननीय जनपद न्यायाधीश तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में न्यायिक अधिकारियों की समिति के द्वारा बालक आश्रय गृह व बालिका आश्रय गृह स्थित चक धौरहरा रायबरेली का औचक निरीक्षण किया गया। समिति की अध्यक्षा अपर जिला जज रचना सिंह, सदस्य अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उमाशंकर कहार व सदस्य प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिनव जैन द्वारा गांधी सेवा निकेतन के आश्रय गृह में आवासित बालक एवं बालिकाओं से बातचीत करके उनका हाल-चाल जाना गया। आश्रय गृह में रहने वाले बालक एवं बालिकाओं द्वारा समिति को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। समिति के द्वारा आवासित बालक-बालिकाओं के शैक्षणिक, मानसिक व सामाजिक विकास हेतु मिलने वाली सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। समिति द्वारा आश्रय गृह के बालिकाओं व बालकों के नियमित चिकित्सकीय जांच कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।
इस अवसर पर प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि बालिकाओं के अल्पवयस्कता को देखते हुए नियमित काउंसिलिग कराये। दौरान निरीक्षण पराविधिक स्वयं सेवक मनोज कुमार प्रजापति व पूनम सिंह उपस्थित रहे।

# मतदाता लोकतंत्र का विधाता

## चुनाव में आम मतदाता की शत-प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित कराना हम सब की जिम्मेदारी: जिला निर्वाचन अधिकारी

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी निशा अनंत एवं मुख्य विकास अधिकारी व प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक की।जिसमें मतदाता जागरूकता अभियान को गति प्रदान करने एवं लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।
बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा के तारीखों की घोषणा के पश्चात से ही जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। और लोकसभा चुनाव जो भारत के लोकतंत्र की सर्वोच्च संसद के लिए होना है।उसकी आहट हर कोई महसूस कर रहा है।चारों तरफ चुनाव पर चर्चा जोरों पर है।ऐसे में जनपद अमेठी का चुनाव अपनी महत्ता रखते हुए पूरे देश की नजरों में रहता है।यह आभास हम सब की जिम्मेदारी को बढ़ा देता है,कि जनपद में सभी के सहयोग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हो। चुनाव की सफलता चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने तक सीमित नहीं है।
चुनाव में मतदाता की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित हो, यह लक्ष्य प्राप्त करना एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हम सब की है। पूर्व के चुनाव का मत प्रतिशत 50 से 55 फ़ीसदी रहना आम मतदाता की सहभागिता का बेहतर उदाहरण नहीं है।आज का वक्त हम सबके सामने इसे बेहतर करने का लक्ष्य रखता है। तथा आम मतदाता की सहभागिता शत प्रतिशत सुनिश्चित कराने का दायित्व हमें सौंपता है। उन्होंने कहा कि मेरा सभी से अनुरोध है कि हम सब मिलकर इस कार्य में अपना सहयोग दें एवं शत प्रतिशत मतदान कराने हेतु मतदाताओं को जागरूक करने का प्रण लें।हम सबका प्रयास लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए हमारा सर्वश्रेष्ठ योगदान होगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव का मतदान जनपद में 20 मई को होगा। उस समय भीषण गर्मी होगी इसके लिए सभी मतदान केंद्रों पर पर्याप्त छाया व पीने का पानी आदि की बेहतर व्यवस्था की जाए।जिससे मतदाता को गर्मी के प्रकोप से बचाते हुए अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। बैठक में उन्होंने सभी एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया कि स्थानीय स्तर पर तैनात आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों आशा शिक्षा मित्र, शिक्षक, पंचायत के कर्मचारी क्षेत्रीय लेखपाल आदि की **बुलावा टोली** प्रत्येक बूथ स्तर पर गठित की जाए।जो मतदान से पूर्व मतदाताओं को जागरूक करें। मतदान के दिन मतदाताओं को घरों से निकलकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करें।बुलावा टोली को स्लोगन लिखी टोपियां व टी शर्ट दी जाएं। स्थानीय कोटेदार के माध्यम से भी शत प्रतिशत मतदान करने के लिए घर-घर पैगाम दिया जाए। यह पैगाम मात्र मतदान के लिए हो निष्पक्षता बनाए रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है।ऐसे कोटेदार या व्यक्ति को इस कार्य में ना लगाया जाए जिसकी कार्य के प्रति निष्पक्षता पर संदेह हो। जब तक विद्यालय खुले हैं,बच्चों के माध्यम से जो इस समाज और देश का भविष्य है। उनके अभिभावकों को जागरूक किया जाए। स्काउट के बच्चों को लगाया जाए जो मतदान केंद्रों पर ड्रेस में तैनात रहकर बुजुर्गों और दिव्यांगों का सहारा बने।18 वर्ष से कम उम्र के एनसीसी के बच्चों का भी सहयोग लिया जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक,बीएसए संजय तिवारी समस्त उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### फास्ट फॉरवर्ड

### सम्मान समारोह के दौरान बच्चों ने पेश किया रंगारंग कार्यक्रम




**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** कमला विद्या मंदिर करौंदिया में वार्षिक परीक्षा फल का वितरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर शैलेंद्र त्रिपाठी पूर्व मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि राम प्रकाश मिश्रा वह रेलवे चीफ फार्मासिस्ट केशव प्रसाद गुप्ता द्वारा किया गया। शुभारंभ के उपरांत मुस्कान गौड़, प्रिया, प्रतीक्षा, इच्छा, नंदिनी, सृष्टि, दुर्गा आदि छात्राओं द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नर्सरी वर्ग में कुमारी अंजली ने 99 प्राइमरी वर्ग में शांभवी साहू ने 97 एवं जूनियर वर्ग में प्रगति मिश्रा 97 अंक पाकर अपने-अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक की छात्र नित्य श्री एवं कक्षा तीन के छात्र सत्यांश आर श्रीवास्तव ने विशेष स्थान प्राप्त कर सभी को गौरवान्वित किया। आदर्श सोनकर, अलंकर्ता, प्रशांत सिंह, सैयद आयत जेहरा, अखिल, सिद्धांत, कार्तिक पाल, नंदिनी, उपेक्श, समीक्षा पाल, अयान श्रीवास्तव, मयूरी मिश्रा, प्रशांत चैरसिया, मुस्कान गौड़, अमृत आनंद, सपना सोनकर एवं रुद्र मिश्रा ने अपनी अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय द्वारा खेलकूद को भी प्रोत्साहित करने के लिए भी प्रतियोगिता रखी गई थी जिसमें ब्लू हाउस को हराकर ग्रीन हाउस ने क्रिकेट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें प्रिंस सिंह, सैफी, नीरज, प्रभात, विष्णु, गुलशन, आलोक, रजत, नितेश, आर्य, विपिन, शुभम, आदि बच्चों ने बहुत ही उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। विद्यालय के को-ऑर्डिनेटर प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि परीक्षा से घबराना नहीं चाहिए। विपरीत परिस्थितियों का सामना करने से ही आत्म बल का ज्ञान होता है। डॉक्टर शैलेंद्र त्रिपाठी, राम प्रकाश मिश्रा, केशव गुप्ता एवं विद्यालय के प्रबंधक संतोष कुमार श्रीवास्तव ने भी अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में सभासद प्रतिनिधि संदीप सोनकर, राजेश श्रीवास्तव, त्रिभुवन नाथ चैबे, ऋषि श्रीवास्तव, रवि तिवारी, सुमन, सुप्रिया, आराधना, राजेश्वरी, पूनम, सरिता, रिशु, सौम्या, सृजना, मनीषा, कशिश, अखिलेश आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रेम कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। अंत में प्राचार्य प्रेम कुमार श्रीवास्तव ने सफल हुए छात्रों को उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

### लोगों के लिए मिशाल बना पुलिस का जवान अपना खून देकर बचा रहा लोगों की जान

**जन एक्सप्रेस/बंधुआकला/सुलतानपुर।** समाज में पुलिस की छवि कितनी धूमिल हो चुकी है यह सभी को पता है लेकिन पुलिस कर्मियों के बारे में कम ही लोग जानते हैं जिन की मिसाल के चलते ही वर्दी पर आज भी लोगों का विश्वास कायम है। लोग पुलिसवालों के नकारात्मक किस्से तो अक्सर सुने होंगे लेकिन क्या कोई पुलिसवाला इतना भी सामाजिक हो सकता है की अपना सारा काम छोड़कर गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करे। सर्दी गर्मी का समय हो या कोरोना जैसी महामारी का संकट हो कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी हर वक्त गरीबों की मदद करने में पीछे नहीं हटते हैं। जरूरतमंद की सेवा करना उनका ध्येय बन चुका है। कोरोना महामारी के दौरान कैसर अब्बास को गांव गांव जाकर कपड़े व अन्य आवश्यक सामग्री को जरूरतमंदों को बांटते हुए देखा गया। बीते दिनों सोशल मीडिया द्वारा जानकारी मिलते ही बंधुआ कला थाने में तैनात हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी ने एक जरूरतमंद महिला को रक्त देकर मानवता की एक मिसाल पेश की है। कैसर अब्बास इसके पहले भी कई जरूरतमंदों खून देकर जान बचाने का प्रयास कर चुके हैं। रिजवी ड्यूटी और सेवा दोनों को बखूबी निभाना जानते हैं।
बताते चलें कि थाना क्षेत्र में कैसर अब्बास रिज़वी जरूरतमंदों की हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास करते हैं यहां तक कि यदि उन्हें अपने शरीर का अमूल्य खून भी देना पड़े तो वह भी देने से हिचकते नहीं है।रिजवी का कहना है कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है,जिस पर वो आज भी कायम है। कितना भी जरूरी काम हो लेकिन गरीबों की मदद के लिए ये हर वक्त तैयार रहते है। आज भी हेड कांस्टेबल कैसर अब्बास रिजवी के ब्लड डोनेट करने सिलसिला जारी है। पिछले सात आठ सालों में रिजवी ने जरूरतमंदों को कई यूनिट ब्लड दे चुके है। खून की कमी से मरने वालों को देखकर रिजवी ब्लड डोनेट करने के इस पहल की शुरूआत की। जरूरतमंदों को ब्लड डोनेट करने के लिए रिजवी 28 मार्च की 20वीं बार ब्लड डोनेट किया है। रिजवी असहाय, गरीबों को निशुल्क ब्लड डोनेट करते है। वहीं जरूरतमंदों को भी ब्लड डोनेट कर उनकी जान बचा रहे है। कैसर अब्बास रिजवी सैकड़ों लोगों को ब्लड डोनेट कर उनकी जान बचा चुके है। इतना ही नहीं, ऐसे पीड़ित परिवार के लोगों की जानकारी मिलने पर रिजवी स्वयं अस्पताल पहुंच जाते है और उन्हें ब्लड डोनेट करते है।

### भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली पार्टी है: पंकज तिवारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** इन्कम टैक्स (आई.टी.) विभाग द्वारा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खाते को फ्रीज करने का अवैध प्रयास विगत कई माह से किया जा रहा है। 2 दिन पहले ही एक बार फिर कांग्रेस पार्टी को आई.टी. विभाग द्वारा 1823.08 करोड़ का नोटिस दिये जाने के विरोध में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी ने कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर एक ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित जिलाधिकारी को सौपा। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली पार्टी है, चुनावी चंदे पर पूरी दुनिया ने देखा कि कैसे कम्पनियों से मोटा चन्दा लेकर उन्हे लाभ पहुंचाया गया और उनके हाथों देश को बेच दिया गया, विपक्ष को आर्थिक रूप से कमजोर करने के लिए मोदी सरकार इस तरह के असंवैधानिक हथकंडे अपना रही है, देश की जनता सब देख रही है, लोकसभा चुनाव में भाजपा को इसका परिणाम चुकाना होगा। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि देश की सबसे पुरानी राजनैतिक पार्टी कांग्रेस को कमजोर करने के लिए पार्टी के बैंक खाते को फीज करने का प्रयास किया जा रहा है और सम्बन्धित विभाग द्वारा भारी भरकम जुमार्ना लगाकर पार्टी को परेशान किया जा रहा है, भाजपा सरकार समझती है कि इस तरह की ओछी हरकतों से वह कांग्रेस पार्टी को कमजोर कर सकती है तो यह उसकी सबसे बड़ी भूल है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने विरोध प्रदर्शन एवं ज्ञापन दिये जाने की जानकारी देते हुए बताया कि एजेंसियों द्वारा किये जा रहे सर्वे में पूरे देश में भाजपा की मोदी सरकार के विरोध में माहौल बनता दिख रहा है।

# परीक्षा फल व प्रतिभा सम्मान पाकर खिले बच्चों के चेहरे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



शैक्षिक सत्र 23-24 के अन्तिम कार्य दिवस पर शनिवार को कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला तिलोई अमेठी में कक्षा एक से कक्षा आठ तक के बच्चों का परीक्षा फल वितरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। कम्पोजिट विद्यालय में सभी कक्षाओं में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किए छात्रों छात्राओं को अंक पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर पुरस्कृत होने वाले बच्चे कक्षा एक आदर्श कुमार, विशाल वर्मा, कक्षा दो आयुष, यश, अनमोल, कक्षा तीन सौरभ, वैष्णवी, विनय, कक्षा चार अनन्त, अंकुर, अमर, कक्षा पांच रजित आंचल, निम्मी कक्षा सनी, अविरल किरन, कक्षा महक, ललिता, शायमा, एवं कक्षा आठ काजल, अंशिका आरती सहित 253 बच्चों को अंक पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित व प्रोत्साहित किया गया किया।परीक्षा फल और सम्मान पाकर इस दौरान बच्चों में खुशी का ठिकाना ना रहा। उन शिक्षकों को भी प्रोत्साहित किया गया, जो सम्पूर्ण सत्र में नियमित उपस्थित रहकर शिक्षण कार्य किया है।प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष,उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। और शिक्षकों से कहा कि अपने कक्षोन्नति कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थिति देकर शिक्षण कार्य करें। जिससे विद्यालय, परिवार व समाज का नाम रोशन कर सकें।
परीक्षोपरान्त इतने कम समय में अथक परिश्रम करके कांपियों का मूल्यांकन परीक्षा फल प्रमाण पत्र बनाने के लिए सभी शिक्षिकाओं को बधाई दी। समारोह के अन्त में सभी बच्चों को विशेष भोजन के साथ ही साथ खीर खिलाकर बच्चों को सुखद व सकुशल व्यतीत किए सत्रांत की बधाई दी। इस अवसर पर सैकड़ों बच्चे व अभिभावक उपस्थित रहे।

## वन स्टॉप सेन्टर का किया गया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली उमाशंकर कहार द्वारा वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली द्वारा वन स्टाप सेन्टर, रायबरेली की सेन्टर प्रभारी से वन स्टाप सेन्टर के बारे में जानकारी ली गयी। सेन्टर प्रभारी आस्था ज्योति, काउंसलर श्रद्धा सिंह भदौरिया द्वारा वन स्टाप सेन्टर में महिलाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं से अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत कराया गया। सचिव द्वारा सेन्टर प्रभारी को निर्देशित किया गया कि यदि किसी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र प्राप्त हो तो अविलम्ब उसे कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रेषित करें।

## डीएम के आदेश पर एक नये गेहूँ क्रय केन्द्र खोले गये

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रबी विपणन वर्ष 2024-25 में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजनान्तर्गत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के आदेशानुसार जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार खाद्य विभाग के 32, पीसीएफ के 55, पीसीयू के 19 एवं भारतीय खाद्य निगम के 08, मण्डी परिषद के 02 एवं नैफेड के 05 कुल 121 गेहूँ क्रय केन्द्रों को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिलाधिकारी द्वारा इसी क्रम में क्रय एजेंसी पीसीयू से प्राप्त प्रस्ताव के क्रम में 01 नये गेहूँ क्रय केन्द्र को खोले जाने हेतु स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके अनुसार तहसील सदर के ब्लाक राही में 17, ब्लाक अमावां में 07, ब्लाक हरचंदपुर में 05 एवं ब्लाक सतांव में 04 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। इसी प्रकार तहसील महराजगंज के ब्लाक महराजगंज में 11, ब्लाक शिवगढ़ 04, ब्लाक बछरावां 04, तहसील लालगंज के ब्लाक लालगंज में 07, ब्लाक सेरनी 02, ब्लाक खीरों में 03, तहसील ऊँचाहार के ब्लाक ऊँचाहार में 07, ब्लाक रोहनिया 03 ब्लाक जगतपुर में 06, तहसील डलमऊ के ब्लाक डलमऊ में 08, दीनशाहगौरा में 06, तहसील सलोन के ब्लाक सलोन में 15, ब्लाक डीह में 06 एवं ब्लाक छतोह में 07 गेहूँ क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देश दिये है कि जनपद में विभिन्न एजेंसियों द्वारा कुल 122 गेहूँ क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद से संबंधित समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं तत्काल प्रभाव से पूर्ण कराते हुए शासनादेशानुसार /नियमानुसार समस्त कार्यवाही ससमय पूर्ण कराते हये कृषकों से अधिक से अधिक गेहूँ क्रय करना सुनिश्चित करेंगे।

## गोपाल सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर के रतपुर स्थित गोपाल सरस्वती विद्या मन्दिर, सदर, रायबरेली ने अपना वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 मार्च, शनिवार को घोषित किया। परीक्षा में कुल 1228 छात्र सम्मिलित हुए और उत्तीर्ण छात्र 1151 हुए। विद्यालय परीक्षा परिणाम 93.72 प्रतिशत रहा।
कक्षा एलकेजी से 5 तक टॉपर छात्रा अनिका मोदनवाल 100 प्रतिशत एवं 6 से 8 का टॉपर छात्र अमन सिंह 94.57 प्रतिशत एवं कक्षा 9 की टॉपर छात्रा अनुष्का तिवारी ने 94.70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया एवं कक्षा 11 का टापर छात्र हेमांश सिंह 93.00 प्रतिशत प्राप्त करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। वर्ष भर में चलने वाले विद्यालय के अनेक क्रिया कलापों में सहभाग करने वाले छात्रों को भी विद्यालय द्वारा पुरस्कार देकर उनका सम्मान किया गया, अतिथि परिचय अंजनी कुमार बाजेपेयी ने कराया।
इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रुप में संजय सिंह मुख्य अतिथि के रूप में जे0डी0 द्विवेदी विद्यालय के उपाध्यक्ष राजेश वर्मा, प्रबन्धक-विमल तलरेजा, एवं सह प्रबन्धक अमरेन्द्र बहादुर सिंह एवं सदस्य जामवन्त राय वरिष्ठ संघ के कार्यकर्ता उमा शंकर पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे। विद्यालय के अभिभावक गंण अधिक संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार अवस्थी आये हुए सभी महानुभावों एवं अभिभावकों को सधन्यवाद दिया और अन्य छात्रों को यह कहा कि आप सभी फिर से मेहनत करें जिससे अगली बार यह पुरस्कार आपको भी प्राप्त हो सके।

### हजरत अली अलैहिस्सलाम के शहादत के मौके पर में जुलूस का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** शुक्रवार की रात नौ बजे जामा मस्जिद अमहट में एक मजलिस हुई जिसको मौलाना मोहम्मद जाफर खान ने खेताब किया उन्होंने ने हजरत अली अलै.के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अली की हुकूमत एक इन्साफ पसन्द थी। उनके शासन काल में कोई भूखा नहीं सोया हुकूमत के खजाने गरीबों के लिए थे हजरत अली अलै. ने अपने शासन काल में सबसे पहले गरीबों मजलूमों को मकान वृद्धा विधवा विकलांग दिलाया उनका कहना था कि जब तक हमारी जनता खुशहाल नहीं हो जायेगी तबतक अली न तो अच्छा कपड़ा पहनेगें, न अच्छा भोजन करेंगे, हजरत अली अलै0. ने पूरे जीवन जौ की रोटी और नमक खाया उनकी हुकूमत में बेवा यतीम मजलूमों का खास खयाल रखा जाता था और बहादुरी में उनके बराबर कोई न था।

## खाता फ्रीज मामले को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के खाते से 135 करोड़ लेकर खाता फ्रीज किए जाने और अभी दो दिन पूर्व 1823.08 करोड रुपए पुनः भुगतान करने के लिए इनकम टैक्स द्वारा भेजी गई नोटिस को लेकर कांग्रेसियों ने नाराजगी जाहिर की और विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व व शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की उपस्थिति में कई दर्जन कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे, जहां विरोध प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में आये सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। दरअसल कुछ दिनों पूर्व आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस के खाते से 135 करोड रुपए ट्रांसफर करा कांग्रेस के विभिन्न बैंक खातों को फ्रीज करा दिया गया, और अभी दो दिन पूर्व 1823.08 करोड रुपए भुगतान के लिए इनकम टैक्स द्वारा एक बार फिर कांग्रेस पार्टी को नोटिस भेजी गई, जिसे लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने भारतीय जनता पार्टी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है, आम लोकसभा चुनाव के समय अपनी हार के डर से भाजपा सरकारी संस्थाओ के माध्यम से कांग्रेस के खिलाफ़ घिनौनी साजिश कर रही है। लेकिन कांग्रेस के कार्यकर्ता व नेता भाजपा व इनकी एजेंसियों की दमनकारी नीतियों से डरने वाले नहीं है, हम अंतिम समय तक लड़ेंगे और जीतने तक हमारा संघर्ष जारी रहेगा। वहीं उन्होंने कहा कि देश में इलेक्टोरल बॉन्ड के घोटाले में शामिल भाजपा का काला सच देश के सामने उजागर हो चुका है, जिसे छुपाने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार इंडिया गठबंधन दलों के तमाम नेताओं पर ईडी, सीबीआई व इनकम टैक्स आदि एजेंसियों का दुरुपयोग कर उन्हें डराने व कमजोर करने का काम कर रही है लेकिन कांग्रेस के साथ साथ इंडिया गठबंधन के लोग डरने वाले नहीं है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भाजपा के इशारे पर सरकारी एजेंसियों ने ऐसे समय में कांग्रेस का खाता फ्रिज किया है जिससे कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कमजोर पड़ जाए, भाजपा के इस लोकतांत्रिक कृत्य का जनता आने वाले चुनाव में अवश्य ही जवाब देगी। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसियों ने महामहिम राष्ट्रपति से कांग्रेस के सभी खातों को पुनः चालू करने की मांग की।

# छिड़काव के लिए सुल्तानपुर में मिला ड्रोन, किसानों के खिल उठे चेहरे

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**



फसल को कीटों से बचाव व किसानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखकर कृषि विभाग ने नई तकनीक का ईजाद किया है। किसान अब कीटनाशक छिड़कने वाली मशीन से नहीं, बल्कि ड्रोन के उपयोग से कीटनाशक दवा, नैनो शक्ति यूरिया व नैनो शक्ति डीएपी का छिड़काव कर सकते हैं। इससे किसानों को कई फायदे होंगे। शुक्रवार को इसके लिए जुआरी फॉर्म हब लिमिटेड के शाखा कूड़ेभार परिसर में दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य कविता वर्मा को ड्रोन हैंड ओवर किया गया। पारादीप फॉस्फेट लिमिटेड की ओर से जुआरी फार्म हब लिमिटेड की शाखा कूड़ेभार परिसर में किसान गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें किसानों को ड्रोन के उपयोग से कई फायदे बताए गए। गौरतलब हो कि पहले किसानों को फसल की बुआई से लेकर कटाई तक काफी समय लग जाता था। जिससे कारण किसानों को कोई अन्य कार्य करने के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाता था।
ऐसे में अब किसान सरकार द्वारा संचालित नई व आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल कर घंटों का कार्य मिनटों में कर सकते हैं। बात यदि कृषि तकनीकों की करें तो अब ड्रोन का इस्तेमाल काफी बढ़ गया। फसलों में उर्वरक व कीटनाशक का छिड़काव करने के लिए अब ड्रोन का उपयोग तेजी से किया जा रहा है। गोष्ठी में जुआरी फॉर्म हब लिमिटेड के मार्केटिंग मैनेजर डॉ अजय सिंह चैहान, पारादीप फोस्फेट लिमिटेड से अशोक कुमार शुक्ला, स्टोर मैनेजर अमित वर्मा, स्टोर सहायक अमित गुप्ता एवं विमल वर्मा, राधेश्याम पांडे, रतिराम वर्मा, विवेक पांडे, हरभजन वर्मा, राम केदार वर्मा और राम निहोर यादव, सहित दर्जनों किसान उपस्थित है।

### स्वतंत्रता सेनानी उमराई यादव स्मृति द्वार बनाने पर आभार

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** रायबरेली-प्रतापगढ़ राष्ट्रीय राज्यमार्ग से उड़वा जाने वाली सड़क पर उड़वा निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीमती उमराई यादव के सम्मान में जिला पंचायत रायबरेली द्वारा भव्य स्मृति द्वार बनाये जाने पर ओ0पी0 यादव एडवोकेट ने उ0प्र0 सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजना चैधरी का आभार व्यक्त किया है।
श्रीमती उमराई यादव ने 12 वर्ष की आयु में तिरंगा थामा था। ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ बगावत कर वान सेनान में जेल गयी थी। उमराई यादव के पिता महाबीर यादव 7 जनवरी, 1921 को किसान आन्दोलन में मुंशीगंज गोली कांड में घायल हुए थे। 6 जनवरी, 1921 को उमराई यादव के ससुर सद्धू प्रसाद यादव, सास श्रीमती इन्दिरा यादव, नौ वर्षीय पति बद्री प्रसाद यादव सहित 123 लोग गिरफ्तार किए गए थे, जिसमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे।

# ग़ांधी नेहरू परिवार का रायबरेली से रहा अटूट रिश्ता

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



गांधी नेहरू परिवार का रायबरेली से अटूट रिश्ता रहा है और आज भी है। किसान आंदोलन, मुंशीगंज गोली कांड, 1921 पंडित जवाहर लाल नेहरू जी को पंडित मोतीलाल नेहरू जी ने रायबरेली भेजा। क्योंकि पंडित मोतीलाल नेहरू जी उस दौरान रायबरेली के लोगो के मुकदमे इलाहाबाद में लड़ते थे। उनका यहां आना जाना रहता था,1930 में रायबरेली के नमक सत्याग्रह में इंदिरा गांधी जी जो तब की इंदू 12 वर्ष की उम्र में दादा मोतीलाल नेहरू जी, दादी कमला नेहरू जी के साथ आई थी। 1952, 1957 में पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के दामाद, इंदिरा गांधी जी के पति फिरोज गांधी जी लोकसभा का चुनाव रायबरेली से लड़े और सांसद चुने गए। 24 अगस्त 1966 को रायबरेली कांग्रेस के जिलाध्यक्ष और शहर अध्यक्ष तथा जिले के पदाधिकारी, कांग्रेसजन, इंदिरा गांधी जी, रायबरेली से चुनाव लडे, उन्हे आमंत्रित करने हेतु दिल्ली में मिले, इंदिरा जी का रायबरेली फिरोज गांधी जी के चुनाव में आना जाना था, उस वक्त लक्ष्मी होटल कांग्रेस का केंद्र बिंदु रहता था, देश के नेताओ का आना जाना लगा रहता था, कांग्रेस के नेता देवीचरण पांडेय साधु जी, का ही यह होटल था, फिरोज साहब 01 नंबर कमरे में रुकते थे, वह कमरा आज भी 70 साल बीत जाने के बाद भी कभी किराए पर नही उठा, आज भी उनकी स्मृतियों को संजो के रखा है, गांधी परिवार की तीसरी और चौथी पीढ़ी भी फिरोज साहब के चित्र जो उस कमरे में लगा है वहा जाकर पुष्पांजली भी की है। पारिवारिक रिश्तों की डोर थमी नहीं, इंदिरा जी के बाद अरुण नेहरू लोकसभा के लिए चुने गए, हालांकि उन्होंने विश्वास घात किया, तो रायबरेली ने गांधी परिवार की डोर तोड़ने वाले को सबक सिखा के वापस भेजा, रायबरेली से दो बार सांसद इंदिरा जी की मामी शीला कौल रही। उनके बेटे और बेटी विक्रम कौल, दीपकौल भी लड़ी, लेकिन उनका जनता से जुड़ाव न होने के कारण पराजय देखनी पड़ी। राजीव गांधी जी के साथी कैप्टन सतीश शर्मा को, एक ईट अमेठी में तो दो ईंट रायबरेली के स्लोगन और प्रियंका जी का चुनाव प्रचार दो बार की हारी सीट जिता के रायबरेली ने दिया। गांधी नेहरू परिवार की विरासत के पंख और मजबूत हो गए, जब 2004 में श्रीमती सोनिया गांधी जी ने रायबरेली की बाग डोर अपने हाथो में ली तो रायबरेली ने हाथो हाथ लिया, 2006, 2009, 2014 में भारी मतों से जीती और 2019 में जब देश में मोदी की सुनामी थी, तब भी रायबरेली ने 01 लाख 69 हजार से अधिक मतों से सोनिया गांधी जी को जिताया। 2024 हर गांव गली जाति पाती, दल से ऊपर उठ कर लोग सिर्फ गांधी परिवार, प्रियंका गांधी जी, की मांग कर रहे, सबका कहना है, विपक्ष की जमानत जब्त होगी।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 36°C | 22°C |
| कानपुर | 36°C | 21°C |
| देहरादून | 29°C | 16°C |
| नई दिल्ली | 34°C | 20°C |

# हार्ट अटैक से सर्वाधिक बंदियों की मौतें यूपी में



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बांदा जेल में सजा काट रहे माफिया मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत के बाद जेल प्रशासन सवालों के घेरे में है। उनके परिजनों का आरोप है कि मुख्तार को खाने में जहर देकर मारा गया। हालांकि बीते कुछ सालों के दौरान यूपी की जेल में जहर से किसी बंदी की मौत होने का कोई भी मामला सामने नहीं आया है। यदि एनसीआरबी की रिपोर्ट पर गौर करें तो पता चलता है कि देश भर में जेलों में होने वाली बंदियों की मौत की सबसे बड़ी वजह दिल की बीमारी है। एनसीआरबी की वर्ष 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर की जेलों में हुई बंदियों की मौत के मामले में यूपी पहले स्थान पर था। वर्ष 2022 में यूपी की जेलों में कुल 375 बंदियों की मृत्यु हुई थी। इनमें से 351 मौतों की वजह सामान्य जबकि 24 मौतें असामान्य थी। इनमें से 295 बंदियों की मृत्यु बीमारी और 54 की अधिक उम्र होने की वजह से हुई थी। अगर बंदियों की बीमारी पर नजर डालें तो 68 की मृत्यु दिल की बीमारी, 53 की फेफड़ा खराब होने, 12 की लीवर व छह की किडनी खराब होने, 23 कैंसर, 12 टीबी, पांच ब्रेन हेमरेज और एक की एचआईवी की वजह से हुई। वहीं असामान्य मौतों की बात करें तो वर्ष 2022 में 12 बंदियों की मृत्यु आत्महत्या करने, एक की मौत बाहरी लोगों के हमले, पांच की दुर्घटना और आठ की अन्य कारणों से हुई थी। गौरतलब है कि देश भर की जेलों में असामान्य वजहों से होने वाली मौतों के मामले में भी यूपी पहले स्थान पर है।

### जेलों में बढ़ जा रही मौतों की संख्या

प्रदेश की जेलों में बंदियों की होने वाली मौत की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कारागार विभाग के मुताबिक वर्ष 2019 में जेलों में 427 बंदियों की मृत्यु हुई थी, जो वर्ष 2020 में बढ़कर 436 हो गई। इसी तरह वर्ष 2021 में 478 बंदियों की और वर्ष 2022 में 501 बंदियों की मृत्यु हुई थी। हालांकि कारागार विभाग और एनसीआरबी के आंकड़ों में थोड़ा फर्क भी है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2020 में यूपी की जेलों में 434 बंदियों की मृत्यु हुई थी। जबकि वर्ष 2021 में 481 और वर्ष 2022 में 375 बंदियों की मौत हुई थी।

### दिल की बीमारी से 25 फीसदी बंदियों की मौत

वहीं देश भर के आंकड़ों पर नजर डालें तो 25 फीसद से अधिक बंदियों की मौत दिल की बीमारी से होने की पुष्टि होती है। वर्ष 2022 में देश भर की जेलों में 1773 बंदियों की मौत हुई, जिसमें से 428 की मृत्यु दिल की बीमारी होने की वजह से हुई थी।

# मोदी यूपी में करेंगे मिशन 370 की शुरुआत

## पूरब से लेकर पश्चिम तक होगा चुनावी शंखनाद, 1.63 लाख बूथों पर होने वाले टिफिन बैठक में वर्चुअल होंगे शामिल



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लोकसभा चुनाव को देखते हुए प्रधानमंत्री मोदी चुनावी शंखनाद की शुरुआत करने वाले हैं। प्रधानमंत्री मोदी के जरिए भाजपा यूपी में मिशन-370 शुरू करने जा रही है। जिसके तहत हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने के प्रयास होंगे। इस अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से शुरू करेंगे। करीब 650 बूथों पर होने वाली टिफिन बैठकों से पीएम वर्चुअली जुड़ेंगे। बूथ जीतने के साथ ही लोकसभा 2019 की तुलना में हर बूथ पर वोट बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे। करीब 65 हजार कार्यकर्ता इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे।

### 5 प्रतिशत वोट बढ़ाने का लक्ष्य

2019 लोकसभा चुनाव की तुलना में 2024 में भाजपा वोट प्रतिशत को बढ़ाने में जुटी हुई है। यही कारण है कि पिछली लोकसभा चुनाव से 5व्न ज्यादा वोट बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए पार्टी ने मिशन-370 शुरू करने जा रही है जिसके तहत हर बूथ पर पहले से 370 वोट अधिक बढ़ाने है। इसका आह्वान पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। पार्टी इसे धारा-370 से जोड़कर प्रचारित कर रही है। इस मुहिम की विधिवत शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने निर्वाचन क्षेत्र से करने जा रहे हैं।

### पूरब से पश्चिम तक चुनावी शंखनाद करेंगे पीएम

प्रधानमंत्री मोदी की पश्चिमी यूपी के मेरठ में पहली रैली 31 मार्च को होने जा रही है जहां पीएम मोदी चुनावी शंखनाद करेंगे। वहीं पूरब में अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 650 बूथों पर होने वाली टिफिन बैठकों से वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। हर बूथ पर पार्टी के कम से कम 100 कार्यकर्ता रहेंगे यानि 65 हजार से अधिक लोगों को बूथ मजबूत करने का मोदी मंत्र मिलेगा। फिर यह मुहिम पार्टी पूरे प्रदेश में चलाएगी।

### प्रदेशभर के 1.63 लाख बूथों पर होंगे कार्यक्रम

बूथ मजबूत करने के लिए भाजपा ने व्यापक प्लान तैयार किया है। वाराणसी से शुरू होने वाली मुहिम पूरे प्रदेश में चलेगी। प्रदेश के 1.63 लाख बूथों पर ऐसे कार्यक्रम होंगे। हर कार्यक्रम में हजारों लोग जुड़ेंगे। वाराणसी के कार्यक्रम के बाद बूथ से जुड़े इन आयोजनों में गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य नेता भी जुड़ेंगे।

# आदर्श आचार संहिता का हो रहा अनुपालन, बरती जा रही सख्ती

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 29 मार्च तक 9741.95 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। 1701.13 लाख रुपये नकद धनराशि, 2308.97 लाख रुपये कीमत की 656716.50 लीटर शराब, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 112.51 लाख रुपये कीमत की 899.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी।

# चौधरी चरण सिंह को मिला भारत रत्न, लखनऊ में पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

किसान मसीहा व देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत सरकार द्वारा भारत रत्न से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह द्वारा भारत रत्न सम्मान प्राप्त करने के बाद प्रदेश मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे की अगुवाई में राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण कर खुशी व्यक्त की तथा चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व अंगवस्त्र भेंट करके उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस खुशी के मौके पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि श्रद्धेय चौधरी चरण सिंह के सिद्धांतों और विचारों को मानने वाले देश का प्रत्येक नागरिक चाहता था कि चौधरी साहब को भारत रत्न सम्मानित किया जाय। लेकिन पूर्व की किसी भी सरकार ने उन्हें यह सम्मान देने की हिम्मत नहीं दिखाई और उन सरकारों ने देश के किसानों तथा खेत खलिहानों का सम्मान करना जरूरी नहीं समझा। आज चौधरी साहब को भारत रत्न से सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय लोकदल किसान, मजदूर भारत सरकार और देष के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करता है। क्योंकि उन्होंने राष्ट्रीय लोकदल की दशकों पुरानी मांग को पूरा करने का काम किया है। इस अवसर पर व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष द्वारा लड्डू वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान, रजनीकांत मिश्रा एवं रमावती तिवारी, कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव श्रम प्रकोष्ठ महेश पाल धनगर, प्रदेश सचिव मयंक त्रिवेदी, मनीष पाण्डेय, रामदीन भारती, मनोहर मौर्या, रिंकू, आदि लोग उपस्थित थे।

# यूपी में आप बनाएगी केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुद्दा, घर-घर जाकर प्रचार करेंगे पार्टी के कार्यकर्ता



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

आम आदमी पार्टी के मुखिया केजरीवाल की गिरफ्तारी को पार्टी चुनावी मुद्दा बनाएगी। एक तरफ जहां केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 31 मार्च को दिल्ली की रैली में भी प्रदेश से काफी पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में भी इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया जाएगा। पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आमजन तक इसकी सच्चाई पहुंचाएंगे। पार्टी प्रदेश में भले ही लोकसभा चुनाव के मैदान में न हो लेकिन वह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रही है। इस प्रचार अभियान में अन्य मुद्दों के साथ-साथ-साथ पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता केजरीवाल, संजय सिंह जैसे पार्टी के प्रमुख नेताओं की गिरफ्तारी के मुद्दे को प्रमुखता से उठाएगी। पार्टी नेताओं का कहना है कि लोकसभा चुनाव में केजरीवाल ही भाजपा को प्रमुखता से चुनौती दे रहे थे, यही वजह है कि एक-एक कर पहले पार्टी नेताओं और अब उनको जेल भेज दिया गया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि यह सीधे-सीधे लोकतंत्र की हत्या है। पार्टी भले ही प्रदेश में लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रही है लेकिन इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के प्रचार में घर-घर पहुंच रही है। इस दौरान कार्यकर्ता केजरीवाल की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाएंगे। पूर्व में संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताने के लिए घर-घर जाकर पर्चा बांटने का काम किया था। उन्होंने बताया कि दिल्ली में 31 को होने वाली रैली के लिए प्रदेश के कार्यकर्ता काफी संख्या में रवाना हो गए हैं।

# एस आर इण्टरनेशनल स्कूल में आयोजित हुई ग्रेजुएशन सेरेमनी



जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** बख्शी का तालाब स्थित एस आर इण्टरनेशनल स्कूल एण्ड स्पोर्ट्स एकेडमी में ग्रेजुएशन सेरेमनी आयोजित हुई। बता दें कि इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान, वाइस चेयरपर्सन सुष्मिता सिंह चौहान, चेयरपर्सन निर्मला सिंह चौहान एवं संस्थान की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर मोनिका तिवारी एवं अभिभावक उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। कार्यक्रम में बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस मौके पर बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों को दी गयी, जिसमें बच्चों द्वारा स्कूल में की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। वहीं जिन बच्चों की कक्षा में उपस्थित का प्रतिशत अच्छा था उन्हें उपहार देकर सम्मानित किया गया। जबकि स्कूल में अलग-अलग अवसरों पर करवाई गतिविधियों में भाग करने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र दिए गये। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन पवन सिंह चौहान ने आये हुये सभी अभिभावकों का आभार प्रगट किया और साथ ही अभिभावको से अनुरोध किया कि बच्चों को घर पर पढ़ने के लिए प्रेरित करें।

# 2 लाख से ज्यादा लोगों के हाउस टैक्स जमा नहीं, 31 मार्च तक हाउस टैक्स नहीं दिया तो अगले वित्तीय वर्ष में 15 फीसदी की छूट नहीं मिलेगी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नगर निगम के सभी दावों और प्रयास के बाद भी वित्तीय वर्ष में करीब दो लाख से ज्यादा लोग हाउस टैक्स जमा नहीं करेंगे। नगर निगम की सीमा में हाउस टैक्स देने के लिए 6 लाख 45 हजार भवन स्वामी चिह्नित हे। उसमें से अभी मुश्किल से 4 लाख से कुछ ही ज्यादा लोगों ने हाउस टैक्स दिया है। सभी जोन में अथक प्रयास के बाद भी प्रतिदिन करीब मुश्किल से 2.50 हजार लोग ही हाउस टैक्स जमा कर पाते है। हालांकि हाउस टैक्स जमा न करने का नुकसान नगर निगम के साथ - साथ हाउस टैक्स देने वालों को भी है। उनको एक अप्रैल से मिलने वाला 15 फीसदी का छूट भी नहीं मिल पाएगा। नगर निगम हाउस टैक्स वसूली के लक्ष्य से करीब 100 करोड़ रुपए पीछे रह गया है। हालांकि पिछले साल की तुलना में वसूली काफी ज्यादा हुई है। ऐसे में अधिकारियों का कहना है कि अगले साल उनकी वसूली और बेहतर होगी। हाउस टैक्स जमा करने संबंधी लगातार नोटिस दी जा रही है इसके बावजूद भवन स्वामियों की ओर से टैक्स जमा नहीं कराया जा रहा है।




### एक दिन का समय बचा है

नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति में मात्र तीन दिन शेष हैं। इसी क्रम में गृह कर देने वालों की सुविधा को देखते हुए सार्वजनिक अवकाश के दिन भी काउंटर खोला जाएगा। जोनल कार्यालयों में गृहकरदाताओं की भीड़ को देखते हुए अलग से काउंटर व बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है।

### दो लाख लोगों को चिह्नित किया गया

नगर निगम प्रशासन की ओर से करीब 2 लाख ऐसे भवन स्वामी चिह्नित किए गए हैं , जिन्होंने लंबे समय से हाउस टैक्स जमा नहीं किया है। इसकी वजह से बकाया टैक्स की राशि 200 करोड़ से अधिक पहुंच गई है। पूरे शहर में सर्वे कराकर करीब 6 लाख 45 हजार भवन स्वामी चिह्नित किए गए है। इनमें से 2 लाख से ज्यादा भवन स्वामी टैक्स नहीं दे रहे है। इस आंकड़े में नए मकान भी शामिल हैं , जिनका नए सिरे से कर निर्धारण भी कराया जा रहा है।

### 50 हजार घर खंडहर में तब्दील

नगर निगम की ओर से करीब 50 हजार से अधिक ऐसी संपत्तियां भी चिह्नित की गई हैं , जो खंडहर में तब्दील हो चुकी हैं या उनका नए सिरे से रैनोवेशन करा दिया गया है। इन सभी का नए सिरे से कर निर्धारण किया जा रहा है और नई दरों के हिसाब से ही कर निर्धारित किया जाएगा। नगर निगम प्रशासन समय पर टैक्स जमा करने वालों को राहत भी दे रहा है।

### हाउस टैक्स जमा किया तो मिलेगी 15 की छूट

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने बताया कि 31 मार्च तक हाउस टैक्स जमा करने वालों को नए वित्तीय वर्ष में 10 प्रतिशत छूट के अलावा 5 प्रतिशत अतिरिक्त यानी पंद्रह प्रतिशत की छूट दी जाएगी। ऐसे में, निगम प्रशासन की ओर से अपील की जा रही है कि सभी भवन स्वामी अपने बकाए वाले टैक्स को जमा कर दें, जिससे उन्हें टैक्स में राहत संबंधी सुविधा का लाभ मिल सके।

# इनकम टैक्स के नोटिस के खिलाफ कांग्रेस का प्रदेश भर में प्रदर्शन, राष्ट्रपति को भेजा गया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




कांग्रेस ने शनिवार को इनकम टैक्स की ओर से भेजे गए नोटिस के विरोध में प्रदेशभर में प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार पर आयकर विभाग के जरिये कांग्रेस के खिलाफ असंवैधानिक एवं गैरकानूनी युद्ध छेड़ने का आरोप लगाया। साथ ही राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में मांग की गई कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर किए जा रहे हमले बंद किए जाए। चुनाव को प्रभावित करने का प्रयास न किया जाए। देश में स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रक्रिया जीवित रखा जाए। विभिन्न जिला मुख्यालयों पर हुई जनसभा में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि वर्ष 2016-17 के एक मामले में पिछले डेढ़ महीने से कांग्रेस के सभी खातों को सीज कर दिया गया। आयकर अधिकारियों द्वारा बैंकों पर दबाव डालकर पार्टी के खातों से जबरिया 135 करोड़ रुपये का स्थानांतरण सरकारी खातों में कर दिया गया। दो दिन पहले आयकर विभाग ने 1823.08 करोड़ के मामले में नोटिस दिया है। आरोप लगाया कि आयकर विभाग अब भाजपा के फ्रंटल संगठन के रूप में काम कर रहा है। लखनऊ में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जुलूस निकालने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस ने पार्टी कार्यालय से चंद कदम आगे बढ़ते ही बैरिकेडिंग कर रोक लिया। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन पुलिस कमिश्नर को सौंपा गया। पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, इंदल रावत, मुकेश सिंह चौहान, बृजेश सिंह, रमेश मिश्रा आदि ने संबोधित किया। इसी तरह वाराणसी, प्रयागराज, गोरखपुर, मेरठ, अलीगढ़ सहित सभी जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस नेताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

### कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन

जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से सभी लोकतांत्रिक मूल्यों को ताक पर रखकर केन्द्र सरकार ने आयकर विभाग के रास्ते कांग्रेस पार्टी के खिलाफ युद्ध छेड़ रखा है। कई-कई साल पुराने मामलों को लेकर जुर्माना लगाया जा रहा है। वर्ष 2016-17 के एक मामले में पिछले डेढ़ महीने से कांग्रेस पार्टी के सभी खातों को सीज कर दिया गया और आयकर अधिकारियों द्वारा बैंकों पर दबाव डालकर पार्टी के खातों से जबरिया 135 करोड़ रुपये सरकारी खातों में ट्रांसफर कर दिए गए। इतना ही नहीं दो दिन पहले आयकर विभाग द्वारा 1823 करोड़ की नई नोटिस पार्टी को फिर दी गई है। ऐसा लग रहा है कि आयकर विभाग भाजपा के फ्रंटल संगठन के तौर पर काम कर रहा है। श्री त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित कर अनुरोध किया है कि भाजपा सरकार के इशारे पर संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से विपक्षी पार्टियों पर किये जा रहे ऐसे हमलों को रोका जाए।

# विभाग मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का कर रहे प्रचार-प्रसार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने हेतु गठित राज्य स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक शनिवार को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ संपन्न हुई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों के द्वारा मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से उपलब्ध कराये गये मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार-प्रसार सामग्री के माध्यम से जनपद स्तर पर भी व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मतदान का दिन महत्वपूर्ण होता है, सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया जाए।उन्होंने कहा कि विद्यालयों में 09 और 10वीं क्लास के बच्चों को मतदाता बनने की पूरी जानकारी दी जाए, जिससे 18 वर्ष पूरे होने पर वे प्रेरित होकर मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सके। बैंकों, एटीएम तथा पोस्ट आफिस में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से सबंधित प्रचार सामग्री को प्रदर्शित किया जाये। सभी पेट्रोल पंपों और उचित दर की दुकानों पर मतदान करने हेतु लोगों को जागरूक किया जाय। सभी विभाग अपने वेबसाइट व पोर्टल पर मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन, वीडियो, संदेश आदि प्रदर्शित करें। स्वीप गतिविधियों में आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाय।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आवास विकास विभाग अपने अधीन समस्त सहकारी आवास समितियों और रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटीज के माध्यम से, महिला कल्याण विभाग महिलाओं का मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियां संचालित करते रहे। खाद्य एवं रसद विभाग, गैस एजेंसियों, पेट्रोल पंपों और राशन की दुकानों के माध्यम से, एयरपोर्ट पर तथा रेलवे द्वारा रेलवे स्टेशनों पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से मतदाता जागरूकता संबंधी प्रचार प्रसार किया जाये। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की बसों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित पोस्टर व बैनर लगाये जायें। नगर विकास विभाग द्वारा चौराहों पर स्थापित साउण्ड बार्क्स पर अनाउंसमेंट सिस्टम के माध्यम से तथा अन्य उपलब्ध माध्यमों से जन जागरूकता कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये।इससे पूर्व बैठक में बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा अब तक 208283 संकल्प पत्र भरवाये गये है। 3783 इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब गठित एवं क्रियाशील है। पेट्रोल पंपों में होर्डिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। 1657 पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरूकता से संबंधित होर्डिंग स्थापित है। 80 हजार राशन की दुकानों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कराया जा रहा है। बैकों, पोस्ट आफिस एवं एटीएम में मतदाता जागरूकता से संबंधित जानकारी स्क्रीन पर प्रदर्शित की जा रही है। 25000 पोस्ट आफिस में पोस्टर एवं 73 हेड ऑफिस में स्क्रीन के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पोस्ट आफिस द्वारा कैंसेलेशन स्टैम्प के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# संपूर्ण सुख की कुंजी

**द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के माहौल का प्रभाव वैश्विक परिदृश्य पर पड़ा। दुनिया भर में कई घटनाएं घटीं, जिनमें सोवियत संघ का 15 संप्रभु राज्यों में विभाजन, बर्लिन की दीवार का गिरना और समाजवाद और साम्यवाद के मिश्रण पर आधारित नीति की स्थापना शामिल है। जापान, जर्मनी, फ्रांस और अन्य देशों ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद के पुनर्निर्माण प्रयासों के दौरान अपनी एकता का परीक्षण किया। इसकी तुलना में भारत इन सभी देशों से काफी पीछे रह गया। इक्कीसवीं सदी की शुरुआत में पश्चिमी देशों में उभरी सोच की प्रवृत्ति के प्रभावों की सही मायने में जांच 1995 में शुरू हुई थी।**

*हाल ही में अंग्रेजी में एक किताब बाजार में आई है-द की टू टोटल हैप्पीनेस। इस पुस्तक में एकात्म मानव दर्शन का गहराई से विवेचन किया गया है। इसका हिंदी में अर्थ होता है-सम्पूर्ण सुख की कुंजी। केंद्र सरकार ने 2022 से 2047 तक की 25 वर्ष की अवधि को अमृत काल घोषित किया है। ऐसे में इस किताब का महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान देश की हर महिला, पुरुष और युवा को यह दिखाना होगा कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बनेगा। इस शुभ समय के दौरान भारत को शाश्वत सुख की तलाश में आगे बढ़ने की कठिन चुनौती का सामना करना होगा। हालांकि, वर्तमान समय में एक तरफ आश्चर्यजनक तकनीकी प्रगति और दूसरी तरफ पूरी मानवता गहरे संकट में है। मानव इतिहास में सबसे आकर्षक प्रयास यह है कि धरती पर हर कोई आदिकाल से ही खुशी के लिए प्रयास करता रहा है। यह कार्य इतना कठिन क्यों प्रतीत होता है? क्या हमें व्यक्ति, समाज और शांति के बीच संबंधों के बारे में कोई गलतफहमी है? पीढ़ियों के संघर्ष के बाद, हमने भौतिक विकास हासिल किया है; फिर भी, पैसे की प्यास कम नहीं हुई है। प्रौद्योगिकी उन्नत हो गई है, लेकिन अभी भी व्यापक तौर पर उथल-पुथल है। हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि एक ओर, सतत विकास हो और साथ ही जीवन आसान और अधिक शांतिपूर्ण हो? एकीकृत मानव दर्शन यह प्रदर्शित करने का प्रयास करता है कि मानवता इन सभी चिंताओं का स्वीकार्य समाधान प्रदान करके कैसे एक खुश, शांतिपूर्ण और व्यवहारपूर्ण अस्तित्व जी सकती है। अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस मिथक को फैलाने से क्या हासिल हुआ है कि पश्चिमी विचार भारतीय दर्शन से श्रेष्ठ और पुरातन है? पिछली शताब्दी में दो विश्व युद्ध, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग, गरीब देशों का शोषण, सामाजिक असंतुलन, नक्सलवाद, समाज में मानसिक और शारीरिक तनाव की समस्या, आतंकवाद, नशीली दवाओं का अत्यधिक उपयोग, आत्महत्या, राजनीतिक शक्ति का ध्रुवीकरण, धर्म परिवर्तन की साजिश, पारिवारिक व्यवस्था के अवमूल्यन के कारण तलाक दर में वृद्धि, क्या इन चिंताओं का कोई समाधान है? क्या वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के कारण हो रहा है, क्या यह वास्तविक विकास है? जब भारत में सनातन धर्म अपनाया गया तब समाज में शांति थी। सम्पूर्ण दुनिया परस्पर सहजीवन का आनन्द ले रहा था। पर्यावरण का ख्याल रखा जा रहा था। साथ ही, वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति भी हासिल की जा रही थी। यह कैसे प्राप्त किया जा सका, इसका अध्ययन अभी भी भारत और दुनिया भर में किया जा रहा है। 1965 में पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रस्तावित एकात्म मानव दर्शन ऐसे अध्ययन का एक अच्छा उदाहरण है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने मानवता के सभी पहलुओं को संरक्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न विचार प्रणालियों का गहराई से अध्ययन किया। राजशाही, समाजवाद, साम्यवाद और धर्मनिरपेक्षता कुछ राजनीतिक व्यवस्था के प्रयोग हैं जिनका पिछली कुछ शताब्दियों में प्रयोग किया गया है। भारत को 1947 में आजादी मिली। इससे पहले, दुनिया में इन सभी राजनीतिक चिंतन धाराओं की उत्पत्ति, दुनिया भर के कई देशों में उनके व्यावहारिक अनुप्रयोग और उनके परिणामों की जांच की गई थी। दीनदयाल जी ने 1965 तक स्वतंत्र भारत द्वारा अपनाई गई नीतियों का मूल्यांकन किया। सभी सीखों की परिणति के रूप में, उन्होंने अप्रैल 1965 में मुंबई में चार वार्ताओं में अपने विचार प्रस्तुत किए। उस विचार को बाद में एकात्म मानववाद (एकात्म मानव दर्शन) के रूप में अपनाया गया, जिससे भारत को मदद मिल सकती थी।*

## एक्सप्रेस आलेख

**राजनीतिक दलों को घिसे पिटे राजनीतिक एजेंडा और बिन्दुओं से हटकर यदि सरकार बनानी है तो ठोस रणनीति बनानी होगी। चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, ईडी-आईटी का उपयोग, प्यार और नफरत और न्याय और अन्याय की बातें अधिक सिरे चढ़ने वाली नहीं लगती है। राजनीतिक दलों के थिंक टैंकों को इस ओर खासतौर से युवाओं को अपने पक्ष में करने के उपायों को सामने लाना ही होगा। इसमें कोई दोराय नहीं कि 18 वीं लोकसभा की चाबी पूरी तरह से युवाओं के हाथ में हैं और युवाओं को अपनी ओर करके ही सत्ता की सीढ़ी पार हो सकती हैं।**



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

# सत्ता की चाबी युवाओं के हाथ

**एक बात और अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना चाहिए कि आज का युवा काफी परिपक्व हो गया है और वह रेवड़ियों के झांसे में नहीं आने वाला है ऐसे में कोई ठोस रणनीति ही युवाओं को प्रभावित कर सकेगी। इसलिए साफ समझ लेना चाहिए कि युवाओं के वोट आगामी लोकसभा की तस्वीर बनाएंगे और इसके लिए राजनीतिक दलों को युवाओं को अपनी और आकर्षित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी होगी।**

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लोकसभा चुनाव में अब लगभग साफ हो गया है कि सत्ता की चाबी युवा मतदाताओं के हाथ में ही रहने वाली है। यह बात राजनीतिक दलों को भी समझ में आ गई है। यही कारण है कि सभी प्रमुख राजनीतिक दलों द्वारा युवाओं को रिझाने के हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं। दरअसल युवा मतदाताओं की मुखरता ही चुनाव परिणामों में परिलक्षित होती है। साफ है कि लोकसभा के पिछले दो चुनावों में युवा मतदाताओं का रुझान नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के प्रति रहा है। हालांकि मजे की बात यह है कि जिन प्रदेशों में क्षेत्रीय दलों की सरकार रही हैं उन प्रदेशों के युवाओं ने क्षेत्रीय पार्टी को अधिक तरजीह दी है। इससे यह तो नहीं कहा जा सकता कि युवा केवल भाजपा के साथ ही है अपितु युवाओं का रुझान नेशनल और स्टेट पॉलिटिक्स को लेकर अलग-अलग देखा जाता रहा है। हालांकि यह भी इंट्रेस्टिंग है कि कोई भी दल पिछले चुनावों में समग्र रूप से 50 फीसदी मत का आंकड़ा नही छू पाये हैं। दूसरी ओर आजादी के 75 साल बाद भी लाख जतन के बावजूद 33 प्रतिशत मतदाताओं को हम मतदान केन्द्र तक ले जाने में सफल नहीं हो पाए हैं। तस्वीर का एक पहलू यह भी है कि साक्षरता से भी इसका कोई सीधा संबंध इस मायने में नहीं है कि बिहार की साक्षरता दर बढ़ने के बावजूद मतदान प्रतिशत में दो फीसदी की गिरावट देखी गई है। यह तो एक मिसाल मात्र है। पर दो बातें साफ हो जाती हैं कि युवा और महिला मतदाताओं ने मतदान के प्रति पहल की है और इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाओं और युवाओं के अधिक वोट भाजपा को मिले हैं। जहां तक दुनिया के देशों के लोकतंत्र की बात है इंडोनेशिया में जितने कुल मतदाता हैं उससे ज्यादा मतदाता तो हमारे यहां 18 से 29 वर्ष की आयु के हैं। फिर 26 से 35 वय के मतदाता भी युवाओं की श्रेणी में ही आते हैं। दुनिया के चार सबसे बड़े मतदाता वाले देशों के कुल मतदाताओं से भी अधिक मतदाता हमारे देश में है। इस साल 18 वीं लोकसभा के लिए 98.6 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे जबकि यूरोपीय यूनियन में 40 करोड़, इंडोनेशिया में 20.4 करोड़, अमेरिका में 16 करोड़ और पाकिस्तान में 12.8 करोड़ मतदाता हैं। खैर यह तो अलग बात हुई पर लोकसभा के पिछले दो





**युवा और महिला मतदाताओं ने मतदान के प्रति पहल की है और इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2009 और 2014 के चुनावों में महिलाओं और युवाओं के अधिक वोट भाजपा को मिले हैं। जहां तक दुनिया के देशों के लोकतंत्र की बात है इंडोनेशिया में जितने कुल मतदाता हैं उससे ज्यादा मतदाता तो हमारे यहां 18 से 29 वर्ष की आयु के हैं।**

चुनावों के परिणामों से साफ हो गया है कि युवाओं ने जिस पर भरोसा जताया उसी की सरकार बनी। मजे की बात यह है कि युवाओं और महिलाओं का यह भरोसा ही नई सरकार खासतौर से भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूती प्रदान करने में अधिक रहा। चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 18 वीं लोकसभा के चुनाव में 543 सीटों के लिए 96.8 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें एक करोड़ 82 लाख नए मतदाता हैं तो 47.15 महिला मतदाता व 49.7 करोड़ पुरुष मतदाता हैं। 17 वीं लोकसभा के चुनावों में जहां करीब 1.5 करोड़ नए मतदाता या पहली बार मतदान करने वाले मतदाता थे वहीं 18 वीं लोकसभा के चुनावों में 1.82 करोड़ नए मतदाता पहलीबार मताधिकार का उपयोग करेंगे। दूसरी और गत लोकसभा चुनाव में युवा मतदाताओं को दो हिस्सों 18 से 25 वर्ष व 26 से 35 वर्ष के दो वर्गों में युवाओं को बांटते हुए मतदान प्रतिशत का विश्लेषण किया गया और मजे की बात यह कि युवाओं के दोनों ही वर्ग के युवाओं ने भाजपा को कांग्रेस की तुलना में बड़े अंतर से पसंद किया। 2019 के लोकसभा चुनाव में 18 से 25 आयु वर्ग के 44 प्रतिशत युवाओं ने भरतीय जनता पार्टी को वोट दिए वहीं 26 से 35 आयु वर्ग के 46 फीसदी युवा मतदाताओं ने भाजपा पर विश्वास जताया। मजे की बात यह है कि दोनों ही आयुवर्ग के मतदाताओं में 26-26 प्रतिशत मतदाताओं ने कांग्रेस पर भरोसा जताया तो 28 से 30 प्रतिशत तक युवाओं का भरोसा अन्य दलों पर रहा। पर कांग्रेस और भाजपा के बीच युवाओं के भरोसे का अंतर कोई छोटा मोटा नहीं बड़ा अंतर रहा है और यही कारण रहा कि भाजपा या यों कहें कि नरेन्द्र मोदी अधिक मजबूत होकर उभरे। 2019 के मत रुझानों से यहां यह बात भी साफ हो जानी चाहिए, चाहे युवा हो या महिला या नए मतदाता तीनों ही श्रेणी में कांग्रेस की तुलना में बीजेपी को अधिक समर्थन मिला है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि 2024 का चुनाव जिसका बिगुल बज चुका है और पहले चरण के लिए नामांकन का काम पूरा हो गया है और दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रगति पर है, ऐसे में कोई भी राजनीतिक दल हो उसे युवाओं-महिलाओं को केन्द्रित चुनाव कैंपेन चलाना ही होगा। चुनाव घोषणा पत्रों में इस तरह के एजेंडे रखने होंगे जिससे युवा मतदाता प्रभावित हो सके। भाजपा जहां 370 और 400 पार की बात कर रही है, वहीं कांग्रेस और कहने को तो इंडी, क्योंकि अभी इनमें आपसी तालमेल पूरी तरह से नहीं बैठा है, वह भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। कम्युनिस्ट पार्टियां पिछले कुछ सालों से लगातार अपना जनाधार खोते हुए हाशिये पर जा रही है ऐसे में भाजपा या नरेन्द्र मोदी को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाना किसी दिवास्वप्न से अधिक नहीं लग रहा है। एक बात और अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना चाहिए कि आज का युवा काफी परिपक्व हो गया है और वह रेवड़ियों के झांसे में नहीं आने वाला है ऐसे में कोई ठोस रणनीति ही युवाओं को प्रभावित कर सकेगी। इसलिए साफ समझ लेना चाहिए कि युवाओं के वोट आगामी लोकसभा की तस्वीर बनाएंगे और इसके लिए राजनीतिक दलों को युवाओं को अपनी और आकर्षित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़नी होगी।

## एक्सप्रेस कविता

*आओ उजालों से कुछ सीख लेते है,*
*ताज़ी हवाओ से उमंगें भर लेते हैं।*
*जमाने की तमाम बुराई रखे एक तरफ,*
*फूलों से दो पल,मुस्कुराना सीख लेते है।*
*पतझड़ में पत्तो को समेट देते है किनारे,*
*सावन की फुहारो से मन भिगो लेते है*

*कलिओ के साथ दो पल खिल लेते है,*
*भवरों संग प्रेम गीत गुन-गुना लेते हैं।*
*कितना विलाप करे जिंदगी का भी अब,*
*नन्हो संग खिलखिलाना सीख लेते है।*
*सुरज सुबह उगता, शाम अस्त होता हि है,*
*उजालों के संग कुछ मौज मना लेते है।*
*जीवन कभी डाल-डाल कभी पात-पात,*
*जिंदगी से जीना जिलाना सीख लेते हैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सब्र एक ऐसी सवारी है जो गिरने नहीं देती अपने सवार को न किसी की नज़रों में न किसी के क़दमों में*






*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी 21:14 तक |
| नक्षत्र: | अनुराधा 22:03 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | शनिवार |
| योग: | सिद्ध, 22:46 |
| सूर्योदय: | 06:14 |
| सूर्यास्त: | 18:37 |
| चंद्रमा: | वृश्चिक राशि में |
| राहुकाल: | 09:20-10:52 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | चैत्र |
| शुभ मुहूर्त: | 12:01-12:49 |

## जन एक्सप्रेस

**तेज़ी से प्रचार !**

*धुआंधार रैली और ।*
*तेज़ी से प्रचार ।।*
*अपनी अपनी पार्टी की ।*
*है लानी बहार ।।*
*धीरे-धीरे बढ़कर ।*
*आ गए नजदीक ।।*
*है अब पूरी कोशिश ।*
*प्रहार हो सटीक ।।*
*उसी दिशा में अग्रसर ।*
*है लगाया ज़ोर ।।*
*बढ़ जाए मुनाफ़ा ।*
*रहे आज झकझोर ।।*
*खोलेंगे फिर पत्ते ।*
*हो जाए बस जीत ।।*
*रहा कुरेद बार बार ।*
*अपना जो अतीत ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# यूरिक एसिड कम करने के लिए करें नीबू और शहद का सेवन, मिलेंगे अनोखे फायदे



**यूरिक** एसिड हमारे खून में मौजूद एक केमिकल है जो खाद्य पदार्थों के सेवन के बाद निर्मित होता है। शरीर में इसका निर्माण प्यूरीन मटर, पालक, मशरूम, सेम, चिकन आदि खाने से होता है। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने के कारण जोड़ों में दर्द, हड्डियों से जुड़ी परेशानी और जोड़ों में सूजन का खतरा रहता है। शरीर में बढ़े यूरिक एसिड को कम करने के लिए लोग तमाम तरह के उपाय अपनाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, नींबू और शहद का सेवन शरीर में बढ़े यूरिक एसिड को कम करने में मदद करते हैं।

**हाई यूरिक एसिड में नींबू और शहद खाने के फायदे:** शरीर में जब प्यूरीन की मात्रा बढ़ जाती है तो किडनी से यूरिक एसिड सही ढंग से फिल्टर नहीं हो पाता है जिसकी वजह से शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने लगती है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷शरीर में बढ़े यूरिक एसिड को कम करने के लिए नींबू और शहद का एक साथ सेवन बहुत फायदेमंद होता है। नींबू में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट, साइट्रिक एसिड, विटामिन सी शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करते हैं। इसके अलावा शहद में भी एंटीऑक्सिडेंट और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं। यह शरीर की इम्यूनिटी को बढ़ाने और यूरिक एसिड को फिल्टर करने में मदद करते हैं।

**यूरिक एसिड में नींबू और शहद के फायदे इस तरह से हैं:** यूरिक एसिड की मात्रा कम करना- नींबू और शहद में मौजूद विटामिन सी, साइट्रिक एसिड यूरिक एसिड की मात्रा को कम कम करने में मदद करते हैं। एंटी-इन्फ्लेमेटरी शहद के एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण भी यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकते हैं और यूरिक एसिड के निर्माण को रोक सकते हैं।

**कैसे करें नींबू और शहद का सेवन?:** नींबू पानी- रोजाना सुबह गर्म पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पीने से यूरिक एसिड की मात्रा को कम किया जा सकता है। नींबू और शहद की चाय- नींबू का रस और शहद को चाय के रूप में पिया जा सकता है। यह एक स्वादिष्ट और स्वस्थ विकल्प हो सकता है जो यूरिक एसिड को कम करने में मदद कर सकता है। नींबू का रस और शहद का मिश्रण- एक चमच नींबू का रस और दो चमच शहद को गर्म पानी में मिलाकर पीने से भी यूरिक एसिड की मात्रा को कम किया जा सकता है। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने पर आपको खानपान और जीवनशैली में सुधार जरूर करना चाहिए। शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने पर प्यूरीन से भरपूर खाद्य पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। ऐसे फूड्स जिनमें प्यूरीन की मात्रा अधिक होती है उसका सेवन बहुत कम मात्रा में करना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ. प्रभात ओझा

# मोदी की रैली में जयंत के साथ रहेंगे 'राम'

**जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं।**

**जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए, भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है। मुस्लिम-जाट एका टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे।**

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी लोकसभा चुनाव के पहले चरण में अपने प्रचार अभियान की शुरुआत मेरठ से करने जा रहे हैं। पहले ही ध्यान रखना होगा कि मोदी ने 2019 में और उसके पहले 2014 में भी इसी धरती पर पहली चुनावी रैली को संबोधित किया था। पिछली बार यह रैली 28 मार्च को हुई थी, तो इस बार 30 को होने जा रही है। पिछले चुनाव के पहले चरण में इस जाटलैंड में जिन आठ सीटों पर मतदान हुआ था, उनमें से भाजपा को छह सीटें हासिल हुई थीं। बहुजन समाज पार्टी ने बिजनौर और सहारनपुर, दो लोकसभा क्षेत्र अपने नाम किया था। तब बसपा और सपा के बीच बुआ-भतीजे की जोड़ी कारगर हुई थी। इन दोनों दलों ने राष्ट्रीय लोकदल को भी समर्थन दिया था किंतु प्रमुख जाट नेता चौधरी अजीत सिंह और उनके पुत्र जयंत चौधरी हार गए थे। दोनों पिता-पुत्र मजफ्फरनगर और बागपत से उम्मीदवार थे। चौधरी अजीत सिंह अब नहीं हैं और जयंत चौधरी ने तब से कई राजनीतिक पैंतरे बदले। फिलहाल वे सपा का साथ छोड़कर भाजपा से हाथ मिला चुके हैं और निश्चित ही वे प्रधानमंत्री के मंच पर दिखाई देंगे। काफी कुछ सोच विचार कर उन्होंने सपा से मिल रही कुछ अधिक सीटों के मुकाबले भाजपा से सिर्फ दो पर समझौता किया है। वे स्वयं चुनाव



मैदान में नहीं हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा ने उन्हें राज्यसभा में बनाए रखने का फैसला किया है। चौधरी की पार्टी बिजनौर और बागपत से भाजपा के सहयोग के साथ मैदान में है। प्रधानमंत्री की रैली में स्वाभाविक है कि मेरठ के अतिरिक्त जयंत चौधरी के प्रभाव वाले क्षेत्रों के बड़ी संख्या में समर्थक शामिल होंगे। इनमें बिजनौर और बागपत से, जहां से आरएलडी प्रत्याशी हैं, उनके अतिरिक्त मुजफ्फरनर से लेकर कैराना और खतौली से सहारनपुर तक जाट प्रभावित इलाके इस बार क्या फैसला करते हैं, यह देखना होगा। पिछली बार तो उन्होंने जाटों के प्रतीक पिता-पुत्र के हिस्से पराजय ही दी थी। अब सवाल है कि कम होते असर के बावजूद भाजपा जयंत के दल को महत्व क्यों दे रही है। इसे समझने के लिए देखना होगा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के सहारनपुर और मुरादाबाद मंडल के साथ मेरठ, अलीगढ़ और आगरा के उन 18 जाटबहुल क्षेत्रों पर भी पार्टी की नजर है, जहां वह बहुत अच्छा नहीं कर सकी थी। इसीलिए मुजफ्फरनगर के संजीव बालियान को मंत्री पद दिया गया, तो मुरादाबाद के भूपेंद्र चौधरी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। इसके बाद भी चौधरी चरण सिंह के पोते और चौधरी अजीत सिंह के बेटे जयंत चौधरी का किसानों, खासकर जाट किसानों में असर बना हुआ है। जयंत के समाजवादी पार्टी के साथ जाने से मुस्लिम-जाट समीकरण को भी ताकत मिल रही थी। अब जबकि जयंत सपा का साथ छोड़ आए, भाजपा ने इस मिथक को तोड़ने की कोशिश की है। मुस्लिम-जाट एका टूटने के संकेत के साथ प्रधानमंत्री मोदी अपनी मेरठ की रैली से एक और बड़ा संदेश दे सकते हैं। कम लोगों के ध्यान में है कि मेरठ की रैली में मंच पर पार्टी उम्मीदवार अरुण गोविल भी रहेंगे। गोविल ने अपने जमाने के प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में राम का रोल निभाया था। देखा जाए तो इस धारावाहिक के अलावा अरुण गोविल को फिल्म अथवा छोटे परदे पर बहुत जगह नहीं मिली। इस तरह वह लोगों की नजर से अंतर्ध्यान ही रहे किंतु अयोध्या में राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद राम का हर प्रतीक महत्वपूर्ण लगने लगा है। भाजपा और उसके नेता नरेन्द्र मोदी इस अवसर को इसकी चर्चा के बिना जाने देंगे, यह मुमकिन नहीं लगता। तो जाट-मुस्लिम गठजोड़ तोड़ने के साथ ही हिंदू मतों का ध्रुवीकरण मेरठ रैली का मूल मकसद होगा और पूरे उत्तर भारत में इस प्रयोग को अमल में लाने की तैयारी हो चुकी है।

# युवक ने घरेलू कलह में शारदा नहर में लगाई छलांग,परिवार में मचा कोहराम

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी



घरेलू कलह से परेशान एक युवक ने थाना पढुआ क्षेत्र में ढखेरवा चौराहा पर बने पुराने पुल से शारदा नहर में छलांग लगा दी। इससे मौके पर हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोर बुलाए और उन्हें नहर में उतारकर युवक की तलाश कराई, लेकिन दूसरे दिन भी उसका पता नहीं चल सका है।उधर युवक के परिवार में चीख पुकार मची हुई है। थाना निघासन की पुलिस चौकी झंडी क्षेत्र के गांव लोनियनपुरवा निवासी रिंकू चौहान (28) का परिवार में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वह सुबह घर से नाराज होकर चला आया और ढखेरवा चौराहा पहुंचा। उसने पुराने पुल से शारदा नहर में छलांग लगा दी। कुछ लोगों ने उसे छलांग लगाते हुए देख लिया और पुलिस व परिवार वालों को सूचना दी। इससे परिवार में चीख पुकार मच गई।मौके पर पुलिस और परिवार के लोग भी पहुंच गए। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों को बुलाया और नहर में उतारकर युवक की तलाश कराई, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। अंधेरा होने के कारण तलाशी अभियान रोक दिया गया था। शनिवार को पुलिस ने दोबारा सर्च अभियान चलाया, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका है।परिजनों ने बताया कि रिंकू चौहान की करीब से सात साल पहले शादी हुई थी। बच्चे न होने से रिंकू और उसकी पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता रहता था। शुक्रवार को भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी हुई। उसके बाद रिंकू ने यह कदम उठा लिया। ढखेरवा चौकी इंचार्ज गौरव सिंह ने बताया कि परिजनों के बयान में परिवार के बीच आपसी झगड़े की बात सामने आई है। खोजबीन की जा रही। अभी तक रिंकू का पता नहीं चल सका है।

# प्रबन्ध निदेशक बजाज ग्रुप ने चीनी मिल गोला क्षेत्र में भ्रमण कर कृषकों को दिये लाभदायक टिप्स

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड इकाई गोला में प्रबन्ध निदेशक अजय शर्मा ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बसंतकालीन गन्ना बुआई में प्रमुख रूप से को0-0118 व को0-15023 प्रजातियों की बुआई हेतु कृषकों को प्रेरित किया तथा ट्रेंच विधि द्वारा लाइन से लाइन की दूरी चार फिट तथा बीज के दो आँख के टुकड़े थायोफिनेट मेथिल के घोल में डुबोकर बुआई के लिए प्रेरित किया।भूमि शोधन के लिए ट्राईकोडर्मा का प्रयोग करने के लिए भी समझाया तथा क्षेत्र में गन्ना बीज की उपलब्धता का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान ग्राम गोला देहात के प्रगतिशील कृषक रविन्द्र पाल सिंह के फार्म पर गन्ना प्रजातीय प्रदर्शन में कोशा0-17231, को0-0118, को0-15023, कोशा-13235, कोलख0-14201 का निरीक्षण किया एवं आवश्यक सुझाव दिए, इसी क्रम में ग्राम रामपुर जंगल के कृषक सरजू प्रसाद जी के खेत मे हो रही गन्ना बुआई का निरीक्षण किया गन्ना प्रजाति को0-0118 की बुआई भूमि उपचार एवं बीज उपचार के साथ हो रही थी प्रबन्ध निदेशक महोदय ने गन्ना बुआई में दो आँख के टुकड़े बुआई के लाभ के बारे में कृषकों को प्रशिक्षित किया,दो आँख के टुकड़े में से एक आँख के ऊपर अँगूठा या उंगली रखकर बुआई करने से जमाव प्रतिशत अधिक होता है साथ ही बुआई के समय नालियों में उर्वरक का प्रयोग करने के बाद मिट्टी में मिला दें उसके बाद ही बीज डाले।

ग्राम बेला बोझी में कृषक लाल जी प्रसाद वर्मा के यहाँ गन्ना बीज नर्सरी को0-0118 व को0-15023 की सीड नर्सरी का भी निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान यूनिट हेड , केन हेड एवं गन्ना अधिकारियों की टीम मौजूद रही।

# महिला रिश्तेदार ने दरोगा पर लगाया छेड़खानी का आरोप कार्रवाई को लेकर नेताओं ने कोतवाली में दिया धरना



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

एक महिला द्वारा दारोगा पर छेड़खानी का आरोप लगाया है।इसे लेकर सदर कोतवाली में शुक्रवार को रात भर हंगामा हुआ।बताते चलें मोहल्ला काशीनगर निवासी एक महिला ने घर पर किराए से रह रहे दारोगा पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। इस मामले में आरोपी दारोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक कोतवाली पहुंचे और धरना शुरू कर दिया।इस दौरान कई बार पुलिस से विधायक का टकराव भी हुआ।धरने पर नेताओं के बैठने पर मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंच गया। नेताओं के धरने पर बैठने के बाद कोतवाली गेट पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था वहीं, महिला गैर जनपद के बीजेपी के बड़े नेता की रिश्तेदार बताई जा रही है।कोतवाली सदर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनके मकान पर किराए पर रहने वाले दारोगा अभय मिश्रा ने नशे की हालत में छेड़खानी की।आरोपी दारोगा के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर विधायक कोतवाली पहुंचे।जिसके बाद देर रात तक कोतवाली सदर में हंगामा होता रहा।इस दौरान पुलिस अधिकारी व नेता में झड़प भी हो गई।पुलिस अधिकारियों ने भाजपा नेता को काफी देर तक समझाने की कोशिश की आरोप है कि इस दौरान आरोपी दारोगा ने धरना दे रहे भाजपा नेता से अभद्रता की इस दौरान पुलिस और समर्थकों में जमकर धक्का मुक्की भी हुई। महिला ने दारोगा पर इससे पहले भी नशे की हालत में ऐसी हरकत करने का आरोप लगाया है।बताया जा रहा है कि देर रात शुरू हुआ धरना काफी समय तक चलता रहा।पूरी घटना पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी पवन कुमार गौतम ने बताया कि रात 12ः00 बजे शहर के बीजेपी के एक बड़े नेता सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली आए थे।एक महिला ने विभाग के दारोगा पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी है,जिसकी जांच चल रही है।इसी बात से नाराज बीजेपी के नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ कोतवाली में ही धरने पर बैठ गए।पुलिस द्वारा दरोगा के विरुद्ध अ.सं.0262/2024 धारा 323, 354 (ख) 504,506 में दर्ज हुई।

# चीनी मिल खंभार खेड़ा में स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में छह दिवसीय स्थापत्य वास्तु ज्ञान कथा एवं यज्ञ का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



खंभारखेडा बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खंभार खेड़ा में स्थित श्री तिरुपति बालाजी मंदिर में छः दिवसीय स्थापत्य वास्तु ज्ञान कथा एवं यज्ञ का शुभारंभ हुआ। यज्ञ से पूर्व माताओ- बहनों एवं पुरूषों ने हर्षोल्लास व उत्साह के साथ विधिवत हवन पूजन के पश्चात बृहद कलश यात्रा का आयोजन किया गया। अपने आरंभिक उद्बोधन में वास्तु शास्त्र केआचार्य सुशील बलूनी ने सभी सुधीजनो तथा बजाज परिवार का इस आयोजन को करवाने के लिए धन्यवाद ब्यक्त किया।आज से 4 अप्रैल तक प्रतिदिन 3:30से हरि इच्छा तक कथा चलेगी। श्री बलूनी जी ने बताया कि प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन को जीने की कला ही वास्तु शास्त्र है वास्तु शास्त्र के आध्यात्मिक व प्रयोगात्मक पक्षो पर विशेष चर्चा हुई। प्रभु राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए समभाव में कैसे जीवन जीना चाहिए तथा माता बहनों को अपना समग्र विकास अपनी संतानों व समाज मे कैसे संस्कार प्रेषित करने चाहिए इस पर विशेष चर्चा की।कथा के बीच में कॉलोनी के बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति की तथा पूरे मनोभाव से भाग लिया।इस मौके पर चीनी मिल के यूनिट हेड अवधेश गुप्ता,पावर के यूनिट हेड धर्मेंद्र सिंह,सी वी सिंह,डा अनिल त्रिपाठी, अतुल सिंह,राजेश दूवे, सतीश श्रीवास्तव, सहित काफी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व चीनी मिल प्रांगण में बने आवासीय कालोनी में रह रहे महिलाओं एवं बच्चे मौजूद रहे।

# फंदे पर लटकता मिला मजदूर का शव

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में सांडी थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में युवक का शव रस्सी के फंदे पर लटकता मिला। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आदमपुर निवासी श्रीचंद्र (32) मजदूरी करता था। होली के मौके पर उसकी पत्नी कालिंद्री अपने तीन बच्चों के साथ मायके सेमरा चौराहे के पास गोदो गांव गई थी। शनिवार सुबह गांव के कुछ लोग श्रीचंद्र को मजदूरी के लिए बुलाने गए, तो उसका शव अंदर कमरे में रस्सी के फंदे पर लटकता मिला। इसकी जानकारी पुलिस के साथ ही उसकी पत्नी को भी दी गई। थानाध्यक्ष छोटेलाल ने बताया कि परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विकास के नाम पर ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात शून्य

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**✻ मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात के ग्राम वासियों में रोष**

**लखीमपुर खीरी।** ग्राम पंचायत लखीमपुर देहात की प्रधान के दर्शन को तरस गए ग्राम वासी विकास के नाम पर सिर्फ खिलवाड़ हो रहा है। न कोई खुली बैठक होती न जलभराव की समस्या पर विचार समाधान तो दूर की बात न प्रधान का ध्यान जाता है धन उगाही पर तालाब पर कब्जा कर मार्केट बनाने पर ध्यान जाता है तालाब पर अस्पताल बना कर धन कमाने पर तालाब के उपर कब्जा प्रधान अनीता वर्मा या प्रधानपति अनुज वर्मा का या ससुर लालबहादुर वर्मा का तीनों की जुगलबंदी से तालाब का आस्तित्व समाप्त होने को है। सुभाष नगर का पानी इसी तालाब में जाता था तालाब पर अतिक्रमण होने से सुभाष नगर का पानी निकल नहीं पाता जिससे जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा सुभाष नगर वासियों को जिसका प्रधान जी पर कोई असर दिखाई नहीं देता घोसियाना, प्यारेपुर राजस्व गांव,सुवागाडा,लखीमपुर देहात, बेगमबाग,में कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ जब से प्रधानी अनीता वर्मा के हाथों आई है लगता है उक्त क्षेत्र में काम न कराने की क़सम खा रखी है। प्रधान जी ने वोट मांगने तो जरूर आई प्रधान उसके बाद दर्शन दुर्लभ बताते चलें खुर्शीद कोटेदार के घर से पहले मरघट रोड तक नदी में जाने वाली रोड और सड़क का हाल बेहाल हो गया जगह जगह से टूटी रोड दुर्घनाओं को दावत दे रही जनपद का एक मात्र मुक्ति धाम जहां शव के साथ जाने वाले सैकड़ों लोग अक्सर भीड में फस जाते हैं रात दिन चलने वाली रोड में भीड़ जाम दिन भर में अनेकों बार होता एक से एक बड़ा अधिकारी नेता इस रोड से निकलता लेकिन इस समस्या पर उनका ध्यान नहीं जाता सोने पर सुहागा रोड से सटा नाला जिसमें पानी भरा हुआ है सफाई नहीं होती जिससे आस पास के मकानों में इतना पानी भर जाता खुर्शीद कोटेदार ने बताया कि नाले का पानी भरने से कई बार गल्ला भीग चुका है इस बारे में पूछने पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव अंसार महलूद ने बताया शहर लखीमपुर का मात्र एक ही शमशान है।घोसियाना लखीमपुर देहात वि0खं0 लखीमपुर में और घोसियाना महेवागंज मार्ग बहुत जर्जर है नाली टूटकर सड़क में मिल गयी है। घोसियाना में मामा घोसी के मकान के पास क्रास नाली गन्दा है कई बच्चे स्कूल जाने वाले साईकिल,स्कूटी से गिरकर हाथ पैर तोड चुके है शव यात्रा में आने जाने वाले अक्सर गिर पडतें है।प्रधान अनीता वर्मा व सेक्रेटरी हिमांशु बाजपेई ग्रामवासी व पंचायत सदस्यगण, बीडीसी से कहा गया।वह तीन वर्षो से यही जवाब दिया जाता है कि प्रस्ताव में नही है कहकर टाल देते है। खण्ड विकास अधिकारी/उप जिला अधिकारी को कई बार लिखित प्रार्थना पत्र जनता के द्वारा दिया गया लोकिन कोई भी कार्यवाही नही हुई इसी मार्ग पर आधी पुलिया बनी पड़ी है तीन वर्षो से।

# मुख्तार की मौत पर सोशल मीडिया में दी चेतावनी, दबोचा

जन एक्सप्रेस । हरदोई

मुख्तार अंसारी की मौत के बाद सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश सरकार के खिलाफ टिप्पणी करने और चेतावनी देने पर पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। अतरौली निवासी नाजिम कुरैशी के नाम से सोशल मीडिया पर लिखी गई पोस्ट में मुख्तार अंसारी को जहर देने की बात कहते हुए धमकी भरी चेतावनी दी गई थी। पुलिस इसे गंभीरता से लेते हुए नाजिम कुरैशी को पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी रितेश कुमार ने बताया कि उक्त युवक से पूछताछ कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# लोकसभा चुनाव में डिजिटल हथियार बनेगा सी-विजिल एप, आचार संहिता का उल्लंघन पड़ेगा भारी

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

**आचार संहिता उल्लंघन की सीधे कर सकते हैं शिकायत, 100 मिनट में होगा समाधान**

डीईओ महेंद्र बहादुर सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के सम्बन्ध में आनलाइन शिकायत हेतु आयोग द्वारा विकसित सी-विजिल एप का प्रयोग करें। आयोग इसकी सत्यता की परख कर संबंधित पर कार्रवाई सुनिश्चित करता है। यह एप देश के सभी नागरिक को निष्पक्ष चुनाव संपन्न कराने में मदद का अवसर देता है। एप का साफ्टवेयर शिकायतकर्ता की पहचान, सुरक्षा व निजता को।

रविवार को लोकसभा चुनाव के दौरान यदि आपके आसपास किसी भी तरह की गड़बड़ी होती है या कोई प्रत्याशी आचार संहिता का उल्लंघन कर रहा है तो इसकी शिकायत निर्वाचन आयोग से आप सीधे कर सकते हैं। आयोग ने यह हक और अधिकार सी विजिल एप के जरिए आपको दिया है। इस डिजिटल हथियार के जरिए आप निष्पक्ष चुनाव में अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। यह जानकारी डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने दी।उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पारदर्शी बनाने की कड़ी में सी-विजिल एप को और प्रभावी बनाया है। इस एप के माध्यम से आम नागरिक निर्वाचन आयोग से किसी भी दल अथवा प्रत्याशी की आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकेंगे। सी विजिल एप का इस्तेमाल कोई भी कर सकता है। आचार संहिता लगने के बाद यह प्रभावी हो गया है। इसके लिए आमजन को भी जागरूक किया जा रहा है।

# ग्लोबल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान महिला की मौत परिजनों ने लगाया डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

शहर की बांकेगंज रोड पर ग्लोबल हॉस्पिटल में इलाज के दौरान एक 45 वर्षीय महिला की मौत हो गई।परिजनों ने डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा हंगामा शुरू कर दिया।पुलिस ने मौके पर पहुंच कार्यवाही की बात कह कर मामला शांत किया। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कोटवारा निवासी आजाद की 45 वर्षीय पत्नी रेशमा की तबियत शुक्रवार को दोपहर बाद खराब हुई तो आजाद का बेटा सजाद अपनी मां को शहर की बांकेगंज रोड पर ग्लोबल अस्पताल लेकर गया।जहां उसकी मां को भर्ती कर लिया गया। सजाद का कहना है कि इलाज शुरू हुआ तो उसकी माता की हालत कुछ सही हुई, फिर डॉक्टर ने उसे पर्चा लिखकर दवाई लाने को कहा वह दवा लेने चला गया। आरोप है कि डॉक्टर ने लापरवाही करते हुए उसकी मां को गलत इंजेक्शन लगा दिया। जिससे उसकी मां की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद वहां मौजूद परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया। डर से अस्पताल का स्टाफ भाग निकला। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कार्यवाही का भरोसा देकर लोगों को शांत किया।

# दो दिवसीय दौरे पर गोला पहुंच चीनी मिल प्रबंध निदेशक ने किया चीनी मिल का निरीक्षण, दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड के प्रबंध निदेशक अजय शर्मा दो दिवसीय दौरे पर गोला पहुंचे और उन्होंने गोला चीनी मिल का निरीक्षण किया तथा कर्मचारियों/अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर श्री शर्मा ने नगर सहित क्षेत्र के गणमान्य लोगों से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीकृष्ण वर्मा ने गन्ना मूल्य भुगतान की मांग रखी जिस पर अजय शर्मा ने सभी आये हुए किसानों को आश्वासन दिया कि बैंक खुलते ही 10 करोड़ का भुगतान किसानो के खाते में भेज दिया जाएगा, बाकी भुगतान भी शीघ्र करने का प्रयास किया जाएगा।

# नियमित स्वाध्याय करने वाले विद्यार्थी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सफल होते हैं: उमेश वर्मा



जन एक्सप्रेस । सीतापुर

नियमित स्वाध्याय करने वाले विद्यार्थी परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने में सफल होते हैं।शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें शिक्षक, शिक्षार्थी व अभिभावक का योगदान आवश्यक होता है। महमूदाबाद विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बघाइन में आयोजित पुरस्कार वितरण एवं विदाई समारोह में कक्षा पाँच के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए टीम पहल के जिला प्रभारी उमेश वर्मा ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षक परिश्रम से पढ़ाएं, विद्यार्थी परिश्रम से पढ़ें और अभिभावक घर में विद्यार्थियों को स्वाध्याय के लिए प्रेरित करें तब शिक्षा की प्रक्रिया पूर्ण हो सकती है। प्रधानाध्यापिका अर्चना वर्मा ने बताया कि वार्षिक परीक्षा में जेबा ने प्रथम,अन्नू वर्मा ने द्वितीय व अनमोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। शशि, आरूही, जैद, समीर, अल्तमस, श्लोक, संजय यादव को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। वार्षिक परीक्षा में टॉप टेन सूची में आने वाले सारे विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए स्कूल बैग, कॉपियां, पेन, पेंसिल, इरेजर, शार्पनर प्रदान किये गए। इस मौके पर पूर्व प्रधान राम नरेश वर्मा, प्रधान प्रेमचन्द्र वर्मा, शिक्षक पवन कुमार, दीप्ति वर्मा, शिवेंद्र प्रताप, ऊषा वर्मा, शिव प्यारी, सुमन देवी, आशा देवी और राजेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# नरेश अग्रवाल का दावा, लोस चुनाव में बड़े अंतर से जीतेंगे भाजपा प्रत्याशी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

कद्दावर भाजपा नेता नरेश अग्रवाल ने दावा किया है कि हरदोई और मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशियों की ऐतिहासिक जीत होगी। दोनों प्रत्याशियों को एकतरफा जीत दिलाने के लिए दूसरे दलों के लोगों को भाजपा में शामिल कराने की कवायद शुरू करने का दावा करते हुए नरेश अग्रवाल ने कहा कि माधौगंज और मल्लावां में तो अब विपक्ष के नाम पर कुछ बचा ही नहीं है। पत्रकारों से बातचीत में नरेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो स्नेह दिया है उसी स्नेह के लिए भाजपा प्रत्याशियों को जिताने के लिए व्यक्तिगत प्रयास भी शुरू किए हैं। उन्होंने कहा कि नरेश अग्रवाल को अब किसी पद की भूख नहीं है। किसी पद को पाने के लिए प्रत्याशियों को जिताने में नहीं लगे हैं।

# सरदार वल्लभभाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान के प्रबंधक उत्कर्ष वर्मा ने किया डिजिटल क्लासेस का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



जीवन में अकेला ज्ञान काफी नहीं होता है।ज्ञान के उपयोग करने की समझ व सामर्थ का होना भी जरूरी है।विद्यार्थी जीवन में सीखे इल्म का उपयोग समाज में सेवा , परोपकार , आपसी भाईचारा बढ़ाने में करना चाहिए। यह बात न्यू विजन इंटर कॉलेज में ग्रेड प्लस द्वारा स्मार्ट क्लासेज के शुभारंभ व वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए अशोका यूनीवर्सिटी हरियाणा के राजनीति विभागाध्यक्ष डाक्टर अली खान महमूदाबाद ने कही।उन्होंने न्यू विजन इंटर कॉलेज के संचालक को स्मार्ट क्लासेज व सभी क्लासों को डिजिटल बनाने वाला पहला कालेज होने की बधाई दि।इस मौके पर संस्था मैनेजर अहमद अंसारी, डिप्टी मैनेजर आमिर अंसारी, प्रधानाचार्य मैनुद्दीन ने कार्यक्रम में पधारें सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, संजू प्रजापति इंटर कॉलेज के प्रबंधक रामप्रवेश प्रजापति, प्रकाश इंटर कॉलेज के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा, सरदार सिंह काण्वेट इंटर कॉलेज प्रबंधक अजय वर्मा, एमएसडी इंटर कॉलेज के मैनेजर प्रधानाचार्य बच्चा सिंह, प्रधानाचार्य कमाल अहमद, सरदार वल्लभभाई कन्या इंटर कॉलेज गोड़ैचा के प्रबंधक उत्कर्ष वर्मा व प्रधानाचार्य दिलीप सिंह, जीनियस कोचिंग के प्रबंधकआनंद सिंह, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर अराफात, पैतेपुर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उरूज आलम ,पूर्व अध्यक्ष मौलाना अफजल, नेवी कैप्टन दीपक प्रजापति, सभासद मोहम्मद आसिफ सईद, कमर अली, मो राशिद, मोहम्मद सैफ,मौलाना रईस, मौलाना उस्मान, डॉक्टर प्रदीप, फादर डॉन बॉस्को, कालविन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ब्रज किशोर,नदीम, अहमद, अनवार हुसैन , मौ उमरइफ्तिखार सहित दर्जनों समाजसेवियों को अंगवस्त्र स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।इस अवसर पर संस्था प्रबंधक अहमद अंसारी ने बताया कि कार्य व्यवस्था क्रम के दौरान संस्था के वार्षिक परिणाम में अच्छे अंक लाने वाले तथा अच्छी उपस्थिति दर्ज करने वाले वा संस्कृततिक कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले दो सौ सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं को आकर्षक पुरस्कार देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। प्रबंधक अहमद अंसारी ने कहा कि बच्चों के उज्जवल भविष्य लिए लिए संस्था की सभी कक्षाओं में डिजिटल कक्षाओं की व्यवस्था की गई है। डिजिटल क्लासेस का शुभारंभ सरदार वल्लभभाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान के प्रबंधक उत्कर्ष वर्मा ने रिबन काटकर किया। कार्यक्रम का संचालन काशिफ हुसैन ने किया।

# मजदूर ने तमंचे से गोली मारकर दी जान, घरेलू कलह में उठाया कदम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

हरदोई जिले में मझिला थाना क्षेत्र के भोगियापुर गांव में घरेलू कलह के चलते घर से नाराज होकर निकले भट्ठा मजदूर ने तमंचे से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भोगियापुर निवासी हरीराम (35) एक ईंट-भट्ठे पर काम करता था। शुक्रवार रात परिवार में ही आपसी विवाद हो गया था। पुलिस के मुताबिक रात दो बजे हरीराम घर से बिना कुछ बताए निकल गया था।

# अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बन कर तैयार उड़ान की जोह रहा बाट

जन एक्सप्रेस | गिरीश चन्द्र पाण्डेय




**कुशीनगर।** अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट कुशीनगर से उड़ान को लेकर फिलहाल अभी कोई असर नहीं दिख रहे हैं। एयरपोर्ट अथॉरिटी के तरफ करीब 7 एयरलाइंस से उड़ान को लेकर मेल किया गया है लेकिन अभी किसी भी एयरलाइंस कंपनियों से कोई सकारात्मक बात नहीं हो पा रही है। जिससे की उड़ान किया जा सके। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, इंडिगो,अकाशा एयरलाइंस, एयर एशिया, एयर विस्तारा,फ्लाईविग एयरलाइंस को मेल करके यहां से उड़ान करने के लिए वार्ता चल रहीं हैं लेकिन अभी तक किसी से डील फाइनल नहीं हुई हैं। जिससे कि उड़ान की उम्मीद जग सके। हालांकि कुशीनगर एयरपोर्ट से दिल्ली से कुशीनगर की उड़ान भर रहे विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट के द्वारा नवंबर महीने से ही 30 मार्च तक उड़ान बंद कर दिए गए हैं। इसके बाद से अभी तक कोई उड़ान का शेड्यूल नहीं मिलने से लोग तरह-तरह के प्रयास लग रहे हैं। होली के त्यौहार को लेकर लोगों को बाहर से घर आने में जहां ट्रेनों में टिकट नहीं मिल पा रही है वही फ्लाइट नही होने से भी लोगों को दिक्कत हो रही है।

जबकि कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से फ्लाइट चलने से पूर्वांचल सहित बिहार के पश्चिमी जिलों के लोगों को काफी सुविधा मिल रही थी। एयरपोर्ट बनने के बाद पर्यटकों सहित पूर्वांचल के लोगों को काफी उम्मीद थी कि यहां से देश एवं विदेश में भी फ्लाइट की सुविधा मिलेगी। लेकिन एयरपोर्ट पर डिवीओआर सिस्टम और आईएलएस सिस्टम नहीं होने के वजह से एयरलाइन यहां से उड़ान भरने के लिए नहीं आ रही थी।

जबकि एयरपोर्ट पर डिवीओआर लग चुका है। और आईएलएस लगने के लिए रसिया से उसके इंस्ट्रूमेंट दिल्ली आ गया है। वहां से जांच करने के बाद कुशीनगर एयरपोर्ट पर इंस्टॉल करने के लिए आएगा।

कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन पीएम नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर 2021 को किया था। उसके बाद से घरेलू उड़ान दिल्ली से कुशीनगर चल रही थी वह भी नवंबर महीने से बंद पड़ी हुई है। इसी महीने में 6 मार्च को बेतिया में जनसभा करने जा रहे पीएम नरेंद्र मोदी के इस एयरपोर्ट पर ट्रांजिट कार्यक्रम के दौरान स्वागत करते समय जनप्रतिनिधियों ने पीएम एयरपोर्ट से उड़ान करने की मांग की थी। इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए पहल किया।

इस संबंध में एयरपोर्ट डायरेक्टर राजेंद्र प्रसाद लंका ने बताया कि यहां से फ्लाइट के लिए कई एयरलाइंस से प्रयास किया जा रहा है, लेकिन अभी किसी से डील फाइनल नहीं हुई है। ताकि यहां से कोई उड़ान हो सके। एयरपोर्ट उड़ान करने के लिए तैयार है एयरलाइन कंपनियों से वार्ता का प्रयास हो रहा है। डील फाइनल होते ही उड़ान शुरू हो जाएगी।

## विद्युत पोल में केविल ठीक करते समय करंट लगने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रामनगर कांग्रेस दफ्तर के पास बिजली के पोल में बंधी डिस की डोरी ठीक करते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला शांतिनगर निवासी गणेश लाक्षाकार 42 बर्ष पुत्र रमाशंकर लाक्षाकार डिक्स का काम करता था। जो शनिवार को शहर के मोहल्ला रामनगर कांग्रेस दफ्तर के पास के विधुत पोल में बंधी डिक्स की केबल ठीक कर रहा था। तभी पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से झुलस कर नीचे गिर गया। घटना देखकर वहां अफरातफरी मच गई। मौजूद लोग उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। बताया गया कि मृतक भारतीय जनता पार्टी का पदाधिकारी था और सभासदी का चुनाव भी लड़ चुका है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

## पत्रकारिता की अक्षुणता को रखें बरकरार तो स्वं0 दिनेश खरे को यही होगी सच्ची श्रद्धांजलि: अनिल सेन

जन एक्सप्रेस | महोबा



ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पूर्व मंडल अध्यक्ष स्वर्गीय दिनेश खरे की 12 वीं पुण्यतिथि को सम्बोधित करते हुए पत्रकार अनिल सेन ने कहा कि आज पत्रकारिता की अक्षण्णुता पर संकट के काले बादल मड़रा रहे है। जिसका मुख्य कारण पत्रकारिता जैसे परमार्थ के कार्यो का आवरण ओढ़कर कुछ अवांछनीय तत्व पत्रकारिता की गौरव गरिमा को धूल धूसरित करने का कूषित प्रयास कर रहे है।

पत्रकारिता की गौरव गरिमा को धूल धूसित करने वाले अवांछनीय तत्वो की पत्रकारिता की घुसपैठ मे रोकना आवश्यक हो गया है। श्री सेन ने कहा कि जो व्यक्ति पत्रकारिता जैसे परामार्थ के कार्यो को धूल धूसित कर रहे है इनसे दूरियां बनाये रखना अत्यन्त आवश्यक है तभी पत्रकार साथियो का मान सम्मान बरकरार रखा जा सकता है। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें परिचर्चा रही समाज में सोशल मीडिया की भूमिका पनवाड़ी से श्याम तिवारी द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि स्वं0 दिनेश खरे का जीवन बहुत ही सरल तरीके से व्यतीत हुआ उन्हीं के नक्शे कदम पर हम सभी संगठन के सदस्यगण चलें तो निश्चित रूप से हम लोग भी अपने जीवन में कुछ ऐसा कर जाएंगे की समाज में अपना स्थान बनाने मे सफल रहेंगे।

कार्यक्रम का संचालन कर रहे वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील अरजरिया के द्वारा स्वं0 दिनेश खरे के जीवन से संबंधित एक कविता का वाचन किया गया जिससे उपस्थित समस्त संगठन के सदस्य भावुक हो गए। इसी क्रम में दीपक गुरुदेव के द्वारा समस्त उपस्थित पत्रकारों को सोशल मीडिया में अपनी भूमिका के महत्व में क्या करना है क्या नहीं करना है इसके संबंध में उन्होंने विस्तार से बताया साथ ही स्वर्गीय दिनेश खरे की नक्शे कदमों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। महोबा से आए उमाकांत द्विवेदी के द्वारा भी एक कविता के माध्यम से समस्त उपस्थित पत्रकारों को संबोधित कर पत्रकारों के कर्तव्यों से रूबरू कराया।

इसी क्रम में जिला महामंत्री देवेन्द्र अरजरिया द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि जिन्होंने संगठन को खड़ा किया उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर हम सभी लोग यह शपथ ले कि उनके द्वारा जो हमें नसीहत दी गई उसके आधार पर हम कार्य करें इसके साथ ही सोशल मीडिया में अपनी भूमिका के संबंध में उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि हमें किसी भी खबर को सोशल मीडिया में डालने से पहले आत्म मंथन की आवश्यकता है।

## पिता पुत्र व नाती ने लाठी व कुल्हाड़ी से हमला कर किसान को किया मरणासन्न

जन एक्सप्रेस | उरई

रेंढर थाना क्षेत्र के ग्राम अतरेहटी में खेत पर लाही की फसल एकत्रित कर रहे किसान पर एकराय तीन लोगों ने जान लेवा हमला बोल दिया। जिन्होंने लाठी व कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। जिसे मणनाशन हालत में उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

रेंढर थाना क्षेत्र के ग्राम अतरेहटी निवासी किसान राजवीर सिंह 54 वर्ष पुत्र जय सिंह राजावत शुक्रवार को अपने खेत में लाही की फसल समेट रहा था। तभी दोपहर के समय गांव के ही निवासी चतुर सिंह पुत्र द्वारिका सिंह राजावत, कलू पुत्र चतुर सिंह व चतुर सिंह का नाती छोटू समेत तीन लोग अपने हाथों में लाठी डंडा व कुल्हाडी लेकर खेत पर पहुंच गए। जिन्होंने किसान के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते उस पर लाठी डंडा व कुल्हाड़ी से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे वह बुरी तरह घायल होकर खेत पर गिर गया। शोरगुल सुनकर अन्य किसान घटना स्थल की ओर दौड़े और हमलावरों को ललकार लगाई। गांव के लोगों को अपनी ओर आता देख हमलावर पिता, पुत्र व नाती उसे जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी, और घायल किसान को मणनाशन हालत में अस्पताल नदीगांव भर्ती कराया। मामले में थानाध्यक्ष राजीव कुमार बैस ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## सांसद ने चिल्लूपार में शुरू किया लाभार्थी संपर्क अभियान

- लोकसभा क्षेत्र बांसगांव सांसद कमलेश पासवान ने विधानसभा क्षेत्र के गोपालपुर मंडल में लाभार्थियों से किया संवाद

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



उपनगर गोला के भारतीय जनता पार्टी संगठन मंडल गोपालपुर में बांसगांव लोकसभा क्षेत्र के गोपालपुर मंडल के ग्रामसभा सड़सड़ा, तीरागांव, खोपापार, दुरुई बारानगर, अहिरौली, बनवारपार में आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान में लाभार्थियों से सांसद कमलेश पासवान ने संवाद किया।

संपर्क अभियान को संबोधित करते हुए बांसगांव सांसद कमलेश पासवान ने कहा कि सभी बूथ के कार्यकर्ताओं ने पिछले तीन कार्यकाल से कमल खिलाने में आप सभी कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसमें आप बूथों पर संघर्ष कर वोट डलवाने का काम करते हैं। जो सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की सारी विकास नीतियों और लाभकारी विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सभी कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई है और इस बार के चुनाव में आप सभी कड़ी मेहनत से पार्टी को भारी बहुमत से बांसगांव लोकसभा की सीट जीतकर मोदी के झोली में डालने का कार्य करें।बैठक को वरिष्ठ भाजपा नेता श्याम नारायण दुबे नित्यानंद मिश्र भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुघ्न कसौधन रतन प्रकाश दुबे ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गोपालपुर संतोष तिवारी व संचालन मंडल अध्यक्ष गोला देवेश निषाद ने किया।इस दौरान राजेन्द्र मिश्र, हिमांशु मिश्र, अभिमन्यु निषाद, अखिलेश त्रिपाठी, हेमंत मिश्र, अमित चंद्र पांडेय सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण मौजूद

## बच्चों के बेहतर शिक्षा के लिए समन्वय की आवश्यकता: राजेश सिंह

जन एक्सप्रेस | भाटपार रानी

ज्ञान कुंज एकेडमी बेलपार पंडित में आज छात्रों का वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट एवं टॉप- 3 में आने वाले छात्र- छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया गया। मेडल पाकर बच्चे बहुत खुश एवं उत्साहित महसूस कर रहे थे। टॉप- 3 में नर्सरी से आयशा, रिषभराज एवं राधिका, रु्य.त. से राजनंदनी, समर यादव एवं प्रिया भारती को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कास्य पदक दिया गया। K.G. से नैना को स्वर्ण, आकृति को रजत एवं अनुष्का गोंड, खुशी यादव एवं आशीष को कास्य पदक से सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार सिंह एवं प्रधानाचार्य धनन्जय पाण्डेय ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय के डायरेक्टर राजेश कुमार सिंह ने कहा कि मेडल पाने वाले छात्रों के गौरवान्नवित चेहरे को देखकर मुझे इतनी खुशी हो रही हैं कि मैं इनके उज्जवल भविष्य के लिए बेसिक स्तर से ही नीट एवं आईआईटी स्तर की शिक्षा दिलाऊंगा जिससे बच्चें इन परीक्षाओं को पास कर सकें। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा उनके बेहतर शिक्षा के लिए अभिभावक एवं विद्यालय के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानाचार्य श्री धनन्जय पाण्डेय ने कहा कि बच्चों की सफलता को देखकर मेरा हृदय खिल उठा हैं मैं इनकी मुस्कुराहट को बनाए रखने एवं इनके उज्जवल भविष्य के लिए हरसंभव प्रयास करता रहूंगा।

## जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 से 30 अप्रैल तक होगा संचालित

जन एक्सप्रेस | उरई




डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में 01 से 30 अप्रैल 2024 तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 10 से 30 अप्रैल 2024 के मध्य दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संचारी व विषाणु जनित रोगों के दृष्टिगत किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान जिले में 01 से 30 अप्रैल 2024 तक संचालित किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आगामी 01 अप्रैल से पहले संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। साप्ताहिक बन्दी के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई बच्चा बुखार आदि से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराएं। साथ ही, महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों को पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाए। कहा कि बेहतर ड्रेनेज व्यवस्था व शुद्ध पेयजल के दृष्टिगत शहर व ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक स्तर पर कार्य किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत व निकायों द्वारा स्वच्छता, सैनिटाइजेशन, फॉगिंग व शुद्ध पेयजल के लिए लगातार कार्य किया जाए। डीएम ने संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण की कार्यवाही में और तेजी लाए जाने के निर्देश दिए।

## हाईस्कूल की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** एट कस्बे के मोहल्ला हनुमान गढ़ी में हाईस्कूल की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एट कस्बे के मोहल्ला हनुमान गढ़ी निवासी नंदिनी 15 वर्ष के पिता राजेश गोस्वामी मुंबई के एक मंदिर में पुजारी हैं और वह पत्नी के साथ वहीं रहते हैं। जबकि किशोरी नंदिनी अपने बुजुर्ग दादा शिवनारायण व दादी के साथ अकेली रहती है। इसी साल किशोरी ने हाईस्कूल की परीक्षा दी थी, लेकिन उसके पेपर ठीक नहीं गए थे। जिसे लेकर वह काफी दिनों से तनाव में चल रही थी। जिसके चलते उसने शुक्रवार देर रात को अपने कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। शनिवार सुबह काफी देर होने के बाद भी जब वह कमरे से बाहर न आई तब दादा दादी उसे उठाने के लिए पहुंच गए। जहां उन्होंने नातिन को फांसी पर लटका देखा और वह जोरों पर चीखने चिल्लाने लगे। घर में मचा शोरगुल सुनकर आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सूचना पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कैंपियरगंज पुलिस ने जालसाज महेंद्र सिंह के घर चस्पा किया कुर्की नोटिस

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

- फरार घोषित जालसाज एवं गबन के आरोपी महेन्द्र सिंह के घर कैम्पियरगंज पुलिस ने मुनादी कराते हुए चस्पा किया कुर्की की नोटिस
- जालसाज महेंद्र सिंह जमीन दिलाने का झांसा दे दर्जनों लोगों पचासों लाख रुपए से अधिक लेकर रहा है फरार



जनपद के कैम्पियरगंज थाना क्षेत्र के ग्रामसभा इन्द्रपुर निवासी जालसाज एवं गबन के आरोपी अभियुक्त महेन्द्र सिंह पुत्र रघुबीर सिंह के घर पर कैम्पियरगंज पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा अपराध संख्या 379/23 धारा 420,406, व मुकदमा संख्या 285/23 में धारा 406,419,420,467,468,471, 504,506 के तहत दर्ज मामले में हाजिर नहीं होने पर कुर्की आदेश जारी किया है जिसके तहत शनिवार को कैम्पियरगंज पुलिस ने गांव में पहुंच कर अभियुक्त के घर पर मुनादी करवाई तथा सीआरपीसी की धारा 82 की नोटिस चस्पा किया।

इस सम्बन्ध में पूछे जाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सहानी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर उपनिरीक्षक विकास कुमार मिश्र, चौकी प्रभारी मछलीगांव विवेक राज सिंह ने जालसाज महेंद्र सिंह के घर पहुंच कर कुर्की नोटिस चस्पा कर कोर्ट के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित किया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गत दिनों थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौमुखा स्थित ग्राम जनकपुर निवासी कृष्ण मोहन उर्फ पप्पू यादव के घर पर भी बृहस्पतिवार को कोर्ट के आदेश पर मुनादी करा कर नोटिस चस्पा किया गया है।

## रेलवे लाइन पर युवक का शव मिलने से मच हड़कंप

जन एक्सप्रेस | उरई

कोतवाली क्षेत्र में बड़ागांव रेलवे लाइन पर युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान होने के बाद सूचना उसके परिजनों को दी, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव के बाहर झांसी कानपुर रेलवे लाइन पर शनिवार की सुबह युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। घटना की खबर फैलते ही मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सूचना रेलवे कर्मचारी और पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और जांच पड़ताल शुरू कर दी। छानबीन के दौरान मृतक की पहचान हिमांशु द्विवेदी 18 वर्ष निवासी हरदोई के रूप में की गई। जो शुक्रवार रात को पुणे से हरदोई ट्रेन के जरिए अपने घर जा रहा था और वह ट्रेन के डिब्बे के गेट पर बैठा था। फिलहाल पहचान होने के बाद पुलिस ने घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दी, और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## गैस सिलेंडर फटने से महिला समेत चार लोगों की मौत

जन एक्सप्रेस | भलुअनी/देवरिया

भलुअनी कस्बे के भगत सिंह वार्ड में शनिवार को तड़के चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। घटना में एक महिला सहित चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। फायर ब्रिगेड की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

डीएम-एसपी समेत जिले का आला अधिकारियों में मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया है।भगत सिंह वार्ड में भलुअनी डुमरी मार्ग पर शिव शंकर गुप्ता टीन शेड डालकर परिवार सहित रहते हैं। सुबह करीब 5:30 बजे पत्नी आरती को चाय बनाने की बात कह कर फ्रेश होने चले गए। आरती चाय रखकर घर का काम निपटाने लगी। इसी बीच गैस रिसाव के चलते घर में आग लग गई। आरती बच्चों को जगा कर जब तक बाहर निकलती सिलेंडर फटने से तेज विस्फोट हो गया। घटना में पूरा घर मलबे में तब्दील हो गया। इस हादसे में आरती (40), उसकी बड़ी बेटी आंचल (14), बेटा कुंदन (12) और सृष्टि 11 माह की दर्दनाक मौत हो गई। आग बुझाने के बाद सभी के शव मलबे से बाहर निकाले गए। जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा, उपजिलाधिकारी दिशा श्रीवास्तव, सीओ आदित्य गौतम मौके पर मौके पर पहुंचे है। पुलिस प्रशासन राहत कार्य में जुटा है। घटना के बाद पूरे कस्बे में दहशत का माहौल पसर गया।

## उच्च प्राथमिक विद्यालय में मेधा सम्मान समारोह का आयोजन

जन एक्सप्रेस | आनन्दनगर महराजगंज



क्षेत्र के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भगवत नगर परसिया में शनिवार को वार्षिक परीक्षाफल के अंकपत्र वितरण एवं मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि एआरपी बृहस्पति मिश्रा रहे। उन्होंने सभी बच्चों को परीक्षाफल एवं प्रत्येक कक्षा के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को मेडल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित करते हुये कहा कि पुरस्कार अच्छे व्यवहार को प्रोत्साहित करने और प्रतिस्पर्धी भावना पैदा करने का एक तरीका बताया है।

इस स्कूल में मेधावी छात्र- छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए हर साल पुरस्कार दिया जाता है। प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ ने बताया कि हमारा विद्यालय हमेशा अपने छात्रों को शिक्षा एवं गतिविधि के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक स्वस्थ और काफी प्रतिस्पर्धी माहौल प्रदान किया है। चाहे वह शैक्षणिक हो, खेल हो या कोई अन्य पाठ्येतर भूमिका हो। हमने अपने सभी छात्रों को समान अवसर दिए हैं ताकि वे अपनी वास्तविक क्षमता का एहसास कर सकें और अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी करने के बाद बाहरी दुनिया का सामना करने के लिए तैयार हो सकें। और मुझे अपने प्रिय छात्रों को उनकी रुचि के क्षेत्रों में प्रदर्शन और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देखकर बहुत खुशी हो रही है। साथ ही, मैं उन छात्रों से कहना चाहूंगा जिन्होंने कोई पुरस्कार नहीं जीता है वे अपनी उम्मीद न खोएं क्योंकि यह अंत नहीं शुरुआत है और अपनी योग्यता साबित करने के लिए आपके सामने बहुत अवसर आएंगे। उन्होंने कहा कि इस स्कूल का पुरस्कार समारोह तो बस एक शुरुआत है। सम्मानित होने वाले मेधावियों में कक्षा एक से अंश प्रथम, नन्दनी द्वितीय, अंकुश तृतीय स्थान, कक्षा दो से प्रिंस प्रथम, अभय द्वितीय, आयुष तृतीय स्थान, कक्षा तीन से अमित प्रथम, खुशी द्वितीय, मोहम्मद शमसाद तृतीय, कक्षा चार से शालू प्रथम, मधु द्वितीय, करीना तृतीय, कक्षा पांच से अनामिका प्रथम, विनय द्वितीय, गोल्डी तृतीय, कक्षा छः से इंदु प्रथम, अभिषेक द्वितीय, खुशी तृतीय, कक्षा सात से चांदनी प्रथम, सोनिका द्वितीय, रिंकी तृतीय, कक्षा आठ से सविता प्रथम, पंकज द्वितीय एवं अनामिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका तसनीम कौसर, प्रियम्बदा, आरती रॉय एवं सैकड़ों छात्र मौजूद रहें।

## सनातन धर्म को आचार्य शंकर ने आकाश की बुलंदियों तक पहुंचाया: प्रोफेसर शरद

जन एक्सप्रेस | भाटपार रानी/देवरिया

शनिवार को भारतीय भाषा समिति शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान एवं कस्बे के मदन मोहन मालवीय पीजी द्वारा आयोजित जगद्गुरु शंकराचार्य की व्याख्यानमाला को सम्बोधित करते हुए मुख्य व्याख्याता बीआरडी पीजी कॉलेज देवरिया के प्राचार्य प्रो0 शरद चन्द्र मिश्र ने कहा कि आचार्य शंकर भारत के हर कोने में ही नहीं, अपितु विश्व के विभिन्न हिस्सों में सनातन धर्म की अद्वैतवादी ज्ञान परम्परा का पताका आकाश की बुलंदियों तक पहुंचाया। सनातन धर्म के प्रवर्तक आचार्य शंकर ने 8वीं सदी में देशज, अत्याधम सांस्कृतिक परम्पराओं के धागों से भारत की भूमि पर एक नई धार्मिक, आध्यात्मिक व सामाजिक पीरमाषाओं को बूंना। व्याख्यान माला के द्वितीय व्याख्याता राम जी सहाय पीजी कॉलेज रुद्रपुर के प्राचार्य प्रो0 बृजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि आचार्य शंकर ने सनातन धर्म की चेतना को जागृत करने के लिए सम्पूर्ण देश की तीन बार अखण्ड यात्रा की। बीआरडी बीडीपीजी कॉलेज, आश्रम, बरहज दर्शन शास्त्र विभाग के प्रो0 विजय प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भारत का महानतम संत आदि गुरु शंकराचार्य ने अपने अद्वैत की दृष्टि से, अद्वैत तत्व में नवीन प्राणों का संचार किया। व्याख्यान माला में संयोजक प्रो के एन मिश्र, सह-समन्वयक प्रो सुधीर कुमार शुक्ला, समन्वयक व आयोजन सचिवसह डॉ श्रीनिवास, प्रोफेसर मनोज कुमार, पूर्व प्राचार्य डॉ राकेश कुमार, डॉ मनीष नाथ त्रिपाठी, डॉ अमीर लाल, डॉ अवनीत सिंह, प्रवीन शाही, शिव प्रताप सिंह सहित समस्त कर्मचारी वर्ग ने प्रतिभाग किया।

# लोकसभा चुनाव को संपन्न कराने हेतु परिवहन विभाग ने वाहन स्वामियों को भेजा नोटिस

**✻ जनपद में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए 1000 हल्के और 500 प्राइवेट बसों का होगा अधिग्रहण**

**✻ समय से वाहन ना उपलब्ध कराने वाले वाहन स्वामियों पर होगी वैधानिक कार्यवाही**



**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकरनगर**

जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन का चुनाव 25 मई, को होना सुनिश्चित है। निर्वाचन कार्य को सकुशल, निर्विघ्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु 1500 छोटे और बड़े वाहनों का अधिग्रहण किया जाएगा जनपद के विभिन्न प्रकार की वाहनें बस, मिनी बस, स्कूल बस, स्कूल मिनी बस, जीप टैक्सी, प्राइवेट जीप/कार, मिनी ट्रक एवं डिलेवरी वैन के स्वामियों को अधिग्रहण आदेश कार्यालय द्वारा जारी कर पुलिस विभाग द्वारा तामील कराये जाने की कार्यवाही चल रही है। निर्वाचन कार्य हेतु जीप टैक्सी एवं प्राइवेट जीप को हवाई पट्टी अकबरपुर में दिनांक 21.मई को प्रातः 9 बजे ट्रक एवं, बस, स्कूल बस, मिनी बस, मिनी ट्रक एवं डिलेवरी वैन को दिनांक 22.अप्रैल को प्रातः 9 बजे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी/नोडल अधिकारी (वाहन व्यवस्था) को उपलब्ध कराने हेतु अधिग्रहण आदेश जारी किया गया है।

यदि कोई वाहन स्वामी अधिग्रहण आदेश लेने से इन्कार करता है अथवा निर्देशित तिथि पर वाहन प्रस्तुत नहीं करता है तो लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की सुसंगत धाराओं में सम्बन्धित वाहन स्वामी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। उपरोक्त के क्रम में सभी बस आपरेटरों/ विद्यालय प्रबन्धकों को निर्देशित किया जाता है जिन विद्यालयों की स्कूली बसों व मैक्सी कैब का फिटनेस फेल है ऐसी वाहनों का तत्काल फिटनेश शुल्क ऑन लाइन माध्यम से जमा कराकर व फिटनेस स्लॉट ऑनलाइन माध्यम से लेकर वाहन फिटनेस की आवश्यक औपचारिकता को पूर्ण कर भौतिक एवं यांत्रिक निरीक्षण हेतु कार्यालय में अपने स्लॉट तिथि पर वाहन प्रस्तुत कर फिटनेस करा लें। जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन-के कार्य में किसी प्रकार की कोई वाधा न आये। वहीं सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि अप्रैल माह में सघन प्रवर्तन चेकिंग की कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है। यदि कोई स्कूली वाहन बिना फिटनेस के संचालित पायी जायेगी, तो नियमानुसार बन्द / चालान की कार्यवाही करते हुए विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

## एक युवक के अचानक कुंए में गिरा, फायर ब्रिगेड की मदद से निकाला

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कोतवाली अयोध्या क्षेत्र में शुक्रवार रात 12 बजे रामपथ स्थित तुलसी उद्यान पार्क में एक युवक के अचानक 100 फिट गहरे कुंए में गिर गया। समाज सेवी रितेश मिश्रा ने 112 नंबर पर फोन कर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की मदद से सही सलामत बाहर निकाल लिया। उसे इलाज के लिए श्री राम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अयोध्या में विभिन्न स्थानों पर गहरे कुंए खुले हुए हैं। जिसके कारण आये दिन घटना कोई भी घटना का शिकार हो सकता है। कई स्थानों पर गोवंश के गिरने की भी सूचना आती रही है। अभी तक खुले पड़े कुंए को ढंकने जैसी कोई कार्रवाई नही की जा रही है। समाजसेवी रितेश मिश्रा ने जिला प्रशासन से अविलम्ब सार्वजनिक स्थानों पर खुले पड़े कुएं को जाल लगाकर बंद कराया जाए।

# चार जून को दोबारा खेलनी है भगवा होली: सांसद लल्लू सिंह

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



पूरा बाजार क्षेत्र में महिला मोर्चा द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में जमकर फूलों की होली खेली गई। महानगर मंत्री स्वाती सिंह व पूरा मंडल महामंत्री लक्ष्मी सिंह के संयोजन में एचआर पैलेस रामपुर हलवारा में आयोजित समारोह में सांस्कृतिक आयोजनों के मध्य फूलों से जमकर होली खेली गई। होली खेलें रघुबीरा अवध में, आज बिरज में होली रे रसिया, होली खेंले राम चारों भैया जैसे लोक गीतों पर लोक कलाकार प्रकृति यादव की प्रस्तुतियों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। इस दौरान महिलाओं ने एक दूसरे को गुझिया खिलाकर होली की शुभकामनाएं दी। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि होली का यह पारंपरिक उत्सव हमें आपसी सम्बन्धों का महत्व और प्यार के मूल्य को समझाता है। होली का पर्व अन्त्योदय की परिकल्पना को साकार करता है। अंत्योदय की परिकल्पना को साकार करते हुए सरकार ने योजनाओं का लाभ सभी को बिना भेदभाव दिया है। सरकार ने महिलाओं के उत्थान व उनकी सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करने के लिए नई संसद में पहला कानून नारी शक्ति वंदन अधिनियम बनाया। इस साल 4 जून को नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाकर दोबारा भगवा होली खेलना है। इसके लिए सभी मातृशक्तियां व्यापक जनसम्पर्क में जुट जाएं।महानगर अध्यक्ष आशा गौड़ ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। इसलिए सभी महिलाओं का दायित्व है कि पिछली बार से अधिक अंतर से चुनाव में विजय प्राप्त हो। अशोका द्विवेदी ने कहा कि महिलाओं को केन्द्र में रखकर सरकार ने कई जनकल्याणकारी योजनाएं दी है। सरकार के कार्यकाल में महिलाओं का उत्थान हुआ है। इस दौरान बसंती सिंह, शकुंतला गौतम, सीता सिंह, नीलम जायसवाल, रेनूका पाण्डेय, नीलम चौरसिया, मंजू निषाद, सपना सिंह, ज्योति सिंह, मंजू शर्मा, प्रियंका मिश्रा, साधना वर्मा, साधना सिंह सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थित रही।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**✻ जनपद में 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान (1 अप्रैल से 30 अप्रैल) के सफल संचालन के सम्बंध में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभागो के अधिकारियों से उनके द्वारा की गयी तैयारियों को लेकर अलग-2 समीक्षा की एवं कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये। डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया तथा अन्य संचारी रोग तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण तथा इनका त्वरित इलाज सर्वोच्च प्राथमिकताओं के साथ करने के निर्देश दिया गया है,जिसके लिए सभी विभाग मिलकर लोगो को जागरूक करें एवम् साफ-सफाई, सभी विभागों से संबंधित कार्य विभागों के अधिकारियों द्वारा सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने हेतु सभी विभाग अपनी भूमिका पूर्ण मनोयोग से निभाये तथा सभी विभागों को निर्देश दिये कि वह संचारी रोग नियंत्रण अभियान का सफल आयोजन करें। 10 अप्रैल से दस्तक अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री की पूर्ण भागीदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका क्षेत्र में अधिशाषी अधिकारी तथा ग्रामीण क्षेत्र में डीपीआरओ को निर्देश दिया गया कि एंटी लारवा, साफ सफाई, फॉगिंग कराया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी राजकुमार, जिला विकास अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला बेसिक अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, समस्त केन्द्र अधीक्षक/ प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एस0एम0ओ0 डब्लू0एच0ओ0 डी0एम0सी0 यूनिसेफ, खण्ड विकास अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी /कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## दिव्यांगजनों के लिए सरकार की योजनाएं बनायेगी स्वावलंबी , रथ यात्रा द्वारा किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या धाम।** प्रचार प्रसार रथ यात्रा के माध्यम से किया जागरूक दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत आज संस्थान अखिल भारतीय विकलांग कल्याण समिति द्वारा संचालित मन्द बुद्धि मूक बधिर विद्यालय तुलसीनगर अयोध्या से दिव्यांगजन के हित सम्बन्धी जानकारी हेतु प्रचार प्रसार रथ तैयार किया गया यह रथ यात्रा संस्थान से निकलकर फ़ैज़ाबाद होते हुए देवकली बाईपास के रास्ते बीकापुर, मसौधा, और पूराकलंदर से वापस संस्थान में लौटी। इस रथ के माध्यम से लोगों को दिव्यांगजन के लिए जो भी योजनाएं सरकार द्वारा चलाई जा रही है उनके बारे में बताया गया । किस तरह दिव्यांग बच्चे अपना यू. डी. आई. डी. कार्ड बनवा सकते है और इस कार्ड के बनवाने से क्या क्या लाभ है उससे भी अवगत कराया ।किस तरह उनको रोजगार परक प्रशिक्षण देकर दिव्यांग जन स्वावलंबी बन सकते है वो किसी पर आश्रित न होकर खुद का जीवन यापन कर सकते है । इन सभी बिन्दुओ पर गहन प्रकाश डाला

# मतदातन जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पायनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में शनिवार को मतदान जागरूकता कार्यक्रम के तहत कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को नगर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज में विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा-1 से कक्षा-5 के छात्र-छात्राओं द्वारा कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के कक्षा-1 से कक्षा-5 के छात्र-छात्राओं ने कला प्रतियोगिता में सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस तथा आजाद हाउस के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ प्रतिभाग किया। जिसमें छात्र-छात्राएं अपने कला प्रतियोगिता के माध्यम से सभी नागरिकों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहते है जिससे सभी मतदाता आने वाले दिनों में मतदान दिवस पर अपने मतदान का लाभ उठायें। आजाद हाउस के कप्तान आदित्य श्रीवास्तव एवं उप कप्तान वर्णित श्रीवास्तव, गांधी हाउस के कप्तान अविशी मलिक एवं उप कप्तान मरियम, सुभाष हाउस के कप्तान सिदरा प्रवीन एवं उप कप्तान इकरा तथा टैगोर हाउस के कप्तान साहवी महमूद एवं उप कप्तान श्लोक मिश्रा की टीमों ने कला प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया जिसमें आजाद हाउस प्रथम, टैगोर हाउस द्वितीय, सुभाष हाउस तृतीय तथा गांधी हाउस ने चतुर्थ प्राप्त किया। जिला प्रशासन के द्वारा पारित अध्यादेश द्वारा स्वीप कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत विद्यालय के पी0टी0आई0 अमित राणा की संरक्षता में पॉयनियर पब्लिक के छात्र-छात्राओं ने बडे परेड पर जाकर चित्रकला के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया। जिसमें आराध्या, श्लोक, साहवी, पूर्वी, आयुशी, मान्या, नव्या, काव्या, रिदा, नाजरीन, श्रद्धा, आयुश वैष्णवी, अदिती, प्रतिभा, आर्ची, अशिता, दिव्यांशी, यति, सुधा, प्रियशी आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग किया।

विद्यालय के प्रबन्धक निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं तथा समस्त कर्मचारियों को बताया कि आप सभी लोग मतदान करने अवश्य जायें एवं अपने सभी सगे सम्बन्धियों को इस बात का बोध कराएं की मतदान हमारा अधिकार है, इसलिए हमें मतदान अवश्य करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य में शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी तथा अध्यापक अध्यापिकाओं में आशुतोष मिश्रा, टी0एन0 शुक्ला, ए0के0 शुक्ला, मनोज शुक्ला, पूनम चौहान, नीलम श्रीवास्तव, लता श्रीवास्तव, किरन मिश्रा, अर्चना श्रीवास्तव, नेहा श्रीवास्तव, रूबी त्रिपाठी, रेशू तिवारी, ए0के0 तिवारी, कपिल निषाद, शालिनी शुक्ला, वी0एन0 तिवारी, एम0एस0 पाण्डेय, अभिषेक जायसवाल, कृष्णा गुप्ता, डी0पी0 यादव, रीना श्रीवास्तव, हर्षित यादव, उमा तिवारी, भानु प्रताप आदि सभी लोग मतदान जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## जो लोग मुख्तार अंसारी के मरने पर न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं उनके खिलाफ भी जांच होनी चाहिए

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर बोले तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगतगुरु परमहंसाचार्य, कहा माफियाओं के लिए हमदर्दी यह देश के लिए खतरनाक मानसिकता है, जो लोग मुख्तार अंसारी के मरने पर न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं उनके खिलाफ भी जांच होनी चाहिए, न्यायिक जांच की मांग करने वाले लोगों का मुख्तार अंसारी से क्या कनेक्शन था, देश में जो अशांति फैलती है जो इस तरह के माफिया निर्दोष लोगों की हत्या करते हैं इन लोगों के पीछे किन लोगों का हाथ रहता है, मुख्तार अंसारी के मरने पर आज जिन लोगों को दर्द हो रहा है यह उसे दिन कहां थे जब कृष्णानंद राय की हत्या हुई थी, उनके ऊपर 400 से ज्यादा गोलियां बरसाई गई थी,जब उनका परिवार बिलख रहा था तो कहां थे ये लोग, निर्दोष लोगों की हत्या मुख्तार अंसारी ने किया था।

# अयोध्या विश्व में सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है: अंकित शुक्ल

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



राष्ट्रीय कला मंच अयोध्या महानगर व खुद के कलम से के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कविता और कहानियों का कार्यक्रम डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला,गुलाजर समिति अयोध्या की अध्यक्षा श्रीमती पूनम सूद ,अभाविप अयोध्या महानगर के महानगर मंत्री सत्यम दुबे कार्यक्रम संयोजक व खुद के कलम से के फाउंडर प्रखर यादव, अवध विश्विद्यालय इकाई के इकाई मंत्री शेषमणि ने मां सरस्वती युवाओ के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पआर्चन कर किया कार्यक्रम में प्रतिभागी नवोदित कलाकारों ने अपनी कविता और कहानियां से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने कहा कि अयोध्या विश्व में सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है।कला साहित्यिक क्षेत्र में अयोध्या की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय फलक पर आख्यायित करने हेतु राष्ट्रीय कला मंच एक माध्यम प्रदान कर रहा है।भारत की लोक कला व लोक संस्कृति के बारे में बहुत व्यापक महत्व है ऐसी गतिविधियां समाज को जागरूक करने का कार्य करती है युवाओं को मंच देने का कार्य करती है भारत में कला व संस्कृति का अटूट संबंध रहा है भारतीय कलाओं ने सदैव समाज को एक नई दिशा देने का काम किया है भारत की कला सदैव वैज्ञानिक दृष्टिकोण की रही है भारत में विविधता में एकता नहीं बल्कि एकता में विविध संस्कृतियों का प्रदर्शन है गुलजार समिति की अध्यक्षा पूनम सूद ने बताया कविता और कहानियों ऐसे कार्य्रकम होने से कलाकारों को मंच मिलता है जिसमे उनमें मंच पर बोलने की कला आ जाती है जिससे कलाकरों का विकास होता है।

## चौधरी साहब को भारत रत्न सम्पूर्ण भारत के लिए गौरव का पल: चौ. रामसिंह पटेल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम।** महामहिम राष्ट्रपति महोदया ने किसानों के मसीहा श्रद्धेय चौधरी चरणसिंह जी को देश का सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न पत्र राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह को देने पर अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई दी देश के ईमानदार , महान अर्थशास्त्री ,किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह जी को मरणोपरांत देश का सर्वोच्च सम्मान देने के लिए महामहिम राष्ट्रपति, द्रौपदी मुर्मु जी व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के प्रति आभार जताया और कहा कि भारत रत्न देने से आज देश का अन्नदाता ,मज़दूर, अल्पसंख्यक , नौजवान का मन प्रफुल्लित है ।आज का यह खास दिन चौधरी साहब के सिद्धांतों आदर्शों पर चलने वाले देश के करोड़ों लोगों के लिए ऐतिहासिक है दशकों की मांग आज पूरी हुई है चौधरी साहब को भारत रत्न सम्पूर्ण भारत के लिए गौरव का पल है।

# कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज करने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

आगामी लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस पार्टी के खातों को सीज करने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया।

कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर बड़ी संख्या में एकत्रित कांग्रेसी जुलूस के शक्ल में जैसे ही आगे बढ़े पहले से तैयार भारी पुलिस दल ने उनको रोक लिया तथा कांग्रेस कार्यकर्ता वहीं खड़े होकर भाजपा विरोधी नारे लगा रहे थे।इससे पूर्व कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को विफल करने की प्रक्रिया चिंताजनक गति से आगे बढ़ रही है। आम चुनाव की पूर्व संध्या पर पिछले महीने फरवरी में प्रमुख राष्ट्रीय विपक्षी दल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बैंक खातों को फ्रीज करने का अवैध प्रयास किया वहीं एक बार फिर आई.टी. विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए ताजा नोटिस मिली है। पहले ही आई.टी. विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। भाजपा सरकार के इस कृति की कांग्रेस जन कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहाअब स्पष्ट रूप से अवैध और अलोकतांत्रिक कार्रवाई में, आयकर विभाग ने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अगला पूर्व नियोजित, शैतानी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस पार्टी से हजारों करोड़ रूपये के स्पष्ट रूप से अवैध आयकर वसूली सम्बन्धी आठ साल के आयकर रिटर्न आदेश को फिर से पूर्व नियोजित योजना के तहत खोल दिया गया है, जो लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर एक जबरदस्त और नग्न हमले के अलावा और कुछ नहीं है।जिला प्रवक्ता सुनील कृष्णा गौतम ने कहा लोकसभा चुनाव में अपनी सुनियोजित हर देखकर सत्तारूण भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है तथा वह विपक्षी पार्टियों तथा नेताओं के विरुद्ध अलोकतांत्रिक कार्यवाही और दमन कर रही है।महत्वपूर्ण लोकसभा चुनावों के बीच लोकतंत्र पर इस प्रकार के गंभीर हमले और हमारी पार्टी पर जबरन आयकर आतंक थोपे जाने के विरोध में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता अपने पार्टी के साथ खड़ा है तथा वह सरकार की इस एक लोकतांत्रिक कदम की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं।

# कठिन परिश्रम से ज्यादा स्मार्ट वर्क की आवश्यकता: वर्मा

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज सभागार में शनिवार को रसायन विज्ञान विभाग एवं ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने रसायन विज्ञान के बहुआयामी अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन में 06 देशों सहित देश के 13 प्रदेशों के लगभग 250 से अधिक प्रतिनिधि सम्मिलित हुए।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ उद्घाटन समारोह के अध्यक्ष आई आई टी रुड़की के प्रोफेसर संदीप सिंह, मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ ए के वर्मा, विशिष्ट अतिथि ग्लोकल एनवायरनमेंट सोशल एसोसिएशन की सचिव प्रो0 सुनीता आर्या, कीनोट स्पीकर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 प्रेमराज, सरंक्षक सम्मेलन व सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता, सह सरंक्षक सम्मेलन व संयुक्त सचिव प्रबंध समिति बी के सिंह, सम्मेलन के अध्यक्ष व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय, समन्वयक व विभागाध्यक्ष रसायन विज्ञान प्रो0 आर के सिंह व आयोजन सचिव डॉ सुनील कुमार मिश्र ने दीप प्रज्वलित एव माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए समारोह अध्यक्ष प्रो0 संदीप सिंह ने कहा कि रसायन विज्ञान द्वारा प्रदान किया गया योगदान न केवल कार्यबल में बल्कि जीवन में भी महत्वपूर्ण है। रसायन विज्ञान हमारे अस्तित्व के लिए उपयोगी है। साथ ही यह अंतर्दृष्टि प्रदान करता है कि हम अपने आस-पास की दुनिया के साथ कैसे बातचीत करते हैं, जिस हवा में हम सांस लेते हैं से लेकर जो भोजन खाते हैं, उसके साथ। मुख्य अतिथि सदस्य उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग डॉ ए के वर्मा ने उपस्थित शोधार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि स्वयं से वादा, मेहनत से ज्यादा व मजबूत इरादे के साथ यदि हम सतत प्रयास करते हैं तो सफलता अवश्य मिलती है। आज हमें कठिन परिश्रम से ज्यादा स्मार्ट वर्क की आवश्यकता है। सकारात्मक सोच व नवाचार करने की ललक ही प्रगति की ओर ले जाता है।

विशिष्ट अतिथि प्रो0 सुनीता आर्या ने सर्वे भवन्तु सुखिनः की संकल्पना को जीवन का आधार बताया। कीनोट स्पीकर लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो0 प्रेमराज ने मेटल टॉक्सीसिटी विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने खाद्य पदार्थों में बड़े पैमाने पर हो रहे मिलावट के बारे में जानकारी दी। सचिव प्रबंध समिति लेफ्टिनेंट कर्नल आर के मोहन्ता ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के सफलता की कामना करते हुए रसायन विज्ञान विभाग की सराहना की। प्राचार्य एवं सम्मेलन के अध्यक्ष प्रो0 जे पी पाण्डेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन एकेडमिक उत्कृष्टता व वैज्ञानिक नवाचार को बढ़ावा देने और रसायन विज्ञान की परिवर्तनकारी शक्ति के माध्यम से वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। सम्मेलन के समन्वयक व विभागाध्यक्ष प्रो0 आर के सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए अवगत कराया कि उक्त सम्मेलन में जर्मनी, जापान, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका एव सऊदी अरब सहित देश के 13 प्रदेशों के लगभग 250 प्रतिनिधि सम्मिलित हो रहे हैं। संयोजक प्रो0 मोहिउद्दीन अंसारी ने सम्मेलन के उद्देश्य पर चर्चा की। उदघाटन समारोह का संचालन महाविद्यालय के एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया।

# ग्रेजुएशन डे के अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सीबीएसई बोर्ड द्वारा संचालित अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 30 मार्च को को नगर के सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी विंग सत्र 2023-24 का परीक्षाफल घोषित करने के साथ ग्रेजुएशन डे धूमधाम से मनाया गया। समन्वयक रेखा ठाकुर एवं इवेंट इंचार्ज अनीता सिंह के सफल मार्गदर्शन में ग्रेजुएशन डे कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय प्रबंध समिति के निदेशक सुयश कुमार, संयुक्त निदेशिका सुजाता आनंद व निदेशिका इशिका सुयश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरणा स्रोत एस.पी. आनंद के चित्र पर मार्लपण से किया गया। दीप प्रज्जवलन के उपरांत खुशी शर्मा के दिशा निर्देशन पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने आए हुए अभिभावकों एवं मुख्य अतिथि के सम्मुख मनोहारी वेलकम डांस की प्रस्तुति की। नर्सरी के आयशा, आराध्या, विहान, राजवर्धन, अन्यशा, नैना कुमारी, अनाया, बच्चों ने पूजा सिंह एवं रश्मि पांडे के दिशा निर्देशन में शेप डांस प्रस्तुत किया। अनीता सिंह, खुशी शर्मा एवं श्वेता सिंह के दिशा निर्देशन में एल के जी के अनुराग, आरव, समरेंद्र, युजवेंद्र, तौकीर, अरिहंत, आध्या, ओमी बच्चों ने दिस एंड दैट गतिविधि का प्रदर्शन किया। शालिनी, निहारिका व प्रभ्जीत के दिशा निर्देशन में यूकेजी के आरव, अमीना, अखिल, वारिष्ठा, धैर्य, नुवैब, शिवांशी, आयुष, आतिफ, शिवान्श् अब्रा, प्रतिष्ठा, अयान्श , प्राची, अक्षत, अवनी, इनाया बच्चों ने ब्लाइंड एवं आद्विता, आरव ने चिट एक्टिविटी के अंतर्गत अपनी प्रस्तुति अभिभावकों के सामने दी। रीता साहा एवं रुचि मिश्रा के दिशा निर्देशन में कक्षा 1, 2 व 3 के बच्चों ने मौसम पर आधारित गतिविधि का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के निदेशक सुयश कुमार, संयुक्त निदेशिका श्रीमती सुजाता आनंद, विद्यालय प्राचार्य एमए रूमी व समन्वयक राजेश जयसवाल द्वारा नर्सरी के बच्चों को परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरित किये गये। समन्वयक रेखा ठाकुर ने अपने अभिभाषण में बच्चों को बधाइयां देते हुए शैक्षणिक सत्र में हुई विविध गतिविधियों से अभिभावकों को परिचित करवाया एवं उनके जेवियर्स के प्रति विश्वास हेतु आभार प्रकट किया गया।

एल के जी से क्लास थर्ड तक के बच्चों के पुरस्कार वितरण के साथ-साथ 90त्न से ज्यादा उपस्थिति वाले बच्चों को भी प्रबंध समिति एवं प्राचार्य द्वारा सम्मनित किया गया। इसी क्रम में क्लास सेकेंड की श्रद्धा को 100त्न उपस्थित पर पुरस्कार प्रदान किया गया। पुरस्कार वितरण के बाद बच्चों ने गाउन डांस किया एवं सभी की ग्रुप फोटोग्राफी की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य एमए रूमी ने सभी बच्चों को बधाइयां देते हुए उपस्थित गणमान्य अभिभावकों व अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन पूजा सिंह एवं अंकिता श्रीवास्तव ने किया। सभी बच्चे एवं अभिभावक परीक्षाफल पाकर हर्षोल्लाषित दिखे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में समन्वयक रेखा ठाकुर एवं इवेंट इंचार्ज अनीता सिंह के साथ-साथ जया मिश्रा, अमित, कंचन श्रीवास्तव, पूजा सिंह, खुशी शर्मा, रश्मि पांडे, रीता साहा व रुचि मिश्रा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# परीक्षाफल प्राप्त कर छात्रों के खिले चेहरे

**जूनियर वर्ग में रनवीर सिंह कक्षा 6 क एवं सीनियर वर्ग में कृष कुमार कक्षा 9ख ने बाजी मारी**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



शनिवार को चिरौंजीलाल वीरेन्द्रपाल स0वि0 मं0 इ0 कालेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का प्रारम्भ सरस्वती वन्दना से हुआ जिसके उपरान्त परीक्षा प्रमुख आशेष उपाध्याय ने वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की जिसमें रनवीर सिंह ने कक्षा 6 में प्रथम, आदर्श सक्सेना कक्षा 7 में प्रथम, शुभम शर्मा कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में कक्षा 9 में कृष कुमार कक्षा 11 में हिमांशु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबन्धक प्रदीप नवरंग ने समस्त स्थान प्राप्त छात्रों को चांदी का सिक्का भेंट कर सम्मानित किया।विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति का पुरस्कार दो छात्रों कमशः दीपू कक्षा 6 ख एवं प्रान्जल गंगवार कक्षा 8ख, ने प्राप्त किया। भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को भी सम्मानित किया। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता हॉकी में प्रतिभाग कर द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाने वाले छात्र दीपक गंगवार को सम्मानित किया गया।अटल टिंकरिंग लैब के अन्तर्गत विज्ञान मॉडल में विशाल कुमार क्षेत्र स्तर पर प्रथम स्थान साथ ही राज्य स्तर पर विपिन श्रीवास्तव एवं निर्मल प्रजापति ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का परचम लहराया।इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक ओम प्रकाश गंगवार उपस्थित रहे एवं रामरत छात्रों को शुभकामनाए दी। अन्त मे प्रधानाचार्य चन्द्रभान शर्मा ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया।

## अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम हुआ संपन्न

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



आज अंगूरी देवी सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इंटर कॉलज में शनिवार को वार्षिक परीक्षा फल वितरण कार्यक्रम अत्यन्त हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। जिसमें अर्चना खंडेलवाल, कुमकुम अग्रवाल, ब्रजेन्द्र अग्रवाल, नेहा गुप्ता आदि ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन किया। प्रधानाचार्या उपासना शर्मा ने परीक्षाफल सार प्रस्तुत किया। संचालिका कमलेश शर्मा ने क्रमशः षष्ठ से लेकर एकादश की कक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को पुरुस्क्रत किया। सर्वाधिक उपस्थिति में जूनियर वर्ग में अनु यादव व सीनियर वर्ग में कल्पना ने पुरस्कार प्राप्त किया। संस्कृत ज्ञान परीक्षा में जूनियर वर्ग में निशिता व सीनियर वर्ग में लावण्या देवल ने पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के प्रथम जूनियर वर्ग में कौशिकी व सीनियर वर्ग में महिमा वर्मा ने पुरस्कार प्राप्त किया।विद्यालय की वरिष्ठ आचार्या मीरा सक्सेना, प्रवक्ता हिन्दी आपने 26 वर्ष तक विद्यालय में पूर्णतया निष्ठा एवं लगन से शिक्षण कार्य किया। आपके द्वारा हिन्दी के पठन पाठन तथा विद्यालय उत्थान में अद्वितीय योगदान दिया। सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में भावपूर्ण विदाई समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्या ने विद्यालय में उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया और सभी छात्राओं को श्रेष्ठ परीक्षाफल हेतु आशीर्वाद दिया।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़, शिकायत करने पर गाली गलौज, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** शाम के समय घर जा रही किशोरी के साथ मनचले ने अपने एक साथी के साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। शोर शराबा सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बचाया। तभी आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। फिर रात के समय पीड़ित के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज किया। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 18 वर्षीय बेटी शाम 7 बजे अपने घर आ रही थी तभी गांव के ही रचित पुत्र बाबूराम व उसके रिश्तेदार राजीव पुत्र रामकुमार निवासी महदखास ने रास्ते में रोककर अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ करने लगे। चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी लोगों ने आकर बचाया तभी आरोपी धमकी देते हुए चले गए शिकायत करने पर उक्त दोनों लोगों के साथ बाबूराम व अरविंद कुमार पुत्र गण इतवारी लाल निवासी खरदहाई ने दरवाजे पर आकर गाली-गलौज किया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिकअप चालक ने महिला को मारी टक्कर, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** पिकअप चालक ने मकरंदपुर चौराहे पर घर से दवाई लेने आई महिला को पीछे से टक्कर मारकर घायल कर दिया है। घायल महिला के पति की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पिकअप चालक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव जसूपुर निवासी भीमसेन ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी पत्नी नन्हीं देवी मकरंदापुर चौराहे पर दवाई लेने गई थी। जोकि दुकान के पास खड़ी थी तभी बीसलपुर की तरफ से आई पिकअप यूपी 26 टी 1257 ने टक्कर मार दी। जिससे नन्ही देवी गंभीर रूप घायल हो गयी। जहां से उन्हें बीसलपुर सीएचसी भेजा गया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां से प्राइवेट अस्पताल महाजन के यहां भर्ती कराया गया है। जहां उनकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि मकरंदापुर चौराहे पर पिकअप से घायल महिला के पति की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पीएम श्री विद्यालय के रूप में कंपोजिट विद्यालय कोहड़ा का हुआ चयन, लोगों में हर्ष

जन एक्सप्रेस/जौनपुर/सुइथाकला। शिक्षा क्षेत्र सुइथा कला के कोहड़ा स्थित कंपोजिट विद्यालय का पीएम श्री योजना के तहत चयन हुआ। जिसकी सूचना पाते ही लोगों में हर्ष का माहौल छा गया। गौरतलब हो कि पीएम श्री योजना के तहत चयनित विद्यालयों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप अत्याधुनिक अवस्थापना सुविधाओं से संतृप्त करते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों के रूप में संचालित किया जाना है।इसी कड़ी में द्वितीय चरण के दौरान शिक्षा क्षेत्र में कम्पोजिट विद्यालय कोहड़ा का भी चयन हुआ।बता दें कि इसके पूर्व क्षेत्र में रामपुर विद्यालय का चयन हो चुका है।इस बारे में जानकारी देते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार वैश्य ने बताया कि अब परिषदीय बच्चों को माध्यमिक स्तर तक की शिक्षा के लिए अन्यत्र नहीं जाना होगा।एक ही छत के नीचे कक्षा 1से 12वीं तक की शिक्षा बच्चे पूरी कर सकेंगे।इसकी जानकारी होते ही लोगों में हर्ष का माहौल छा गया।

### लूट का साजिशकर्ता तमंचे के साथ गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। खुटहन बड़नपुर गांव में खेतासराय मार्ग पर सराफा व्यवसाई से लूट के असफल प्रयास की घटना के दो माह बाद पुलिस ने वारदात को अंजाम देने में मुख्य साजिश कर्ता को शुक्रवार को बिशुनपुर चौराहे के लक्ष्मीशंकर शंकर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से देशी तमंचा और जिंदा कारतूस बरामदगी का पुलिस दावा कर रही है। प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि बीते 27 जनवरी को इमामपुर गांव निवासी श्रीराम सोनी साइकिल के हैंडल में गहनो का झोला टांग फेरी लगाकर बेचने जा रहे थे। उक्त गांव में घात लगाए दो बाईकों पर सवार पांच बदमाशों ने उन्हें रोक गहनों का झोला छीनने लगे। श्रीराम के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने घेराबंदी शुरू कर दिया। जिसे देख लुटेरे घबरा कर मौके से भागने लगे। लेकिन एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस को सौंप दिया। घटना की छानबीन में इमामपुर गांव के ही शिवम सोनी लुटेरों की मोबाइल पर कई बार फोन से संपर्क किए थे। वह पुलिस के भय से घर से गायब हो गया था। जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही थी। शुक्रवार की रात मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से देशी तमंचा व कारतूस बरामद किया गया। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया।

### शाहगंज: गंदगी व मच्छरों से परेशान हैं मोहल्ले के लोग

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/शाहगंज। मच्छरजनित बीमारियां जनपद जौनपुर जिले में लगातार महामारी का रूप लेती जा रही हैं। बीमारियों की चपेट में जाकर जहां कई की जान चली जा चुकी हैं। वहीं उपचार कराने में लोग बर्बाद हो जा रहे हैं। मच्छरों से बचाव के सारे उपाय अब तक घरेलू एवं सरकारी स्थल पर फेल साबित होते दिखाई पड़ रहे हैं। इस विकट समस्या से निजात के लिए नगर पालिका परिषद शाहगंज नगर क्षेत्र में लगातार दवा छिड़काव भी करता है। परंतु आम नागरिकों के सहयोग न करने के कारण सड़कों पर लगातार बदबू एवं गंदगीयुक्त दिखाई पड़ती हैं। जनपद में मच्छर जनित बीमारियों की बाढ़ है। हर साल बारिश के मौसम में डेंगू महामारी का रूप ले लेता है। परंतु सरकारी आंकड़ा उजागर नहीं हो पता है। अधिकांश निजी अस्पताल पीड़ितों से भर जाते हैं। प्लेटलेट्स के लिए तीमारदार परेशान होने के साथ ही महंगा उपचार करने में बर्बाद हो जाते हैं। दूसरी तरफ आदेश के बाद भी फागिंग व छिड़काव कार्य में लापरवाही बरती जाती है। लोग जहां परेशान होते हैं। वहीं प्रशासन उदासीन रहता है। ज्ञात हो कि शाहगंज नगर क्षेत्र के शाहपंजा अलीगंज सहित कई प्रमुख चौराहों, गलियों पर, क्षेत्र में निवास करने वाले लगातार सड़क पर ही गंदगी मल, कूड़ा, सहित अन्य कचरा लगातार सड़क पर ही फेंकते देखे जाते हैं। परंतु नगर पालिका प्रशासन अनभिज्ञ है। जिससे लगातार मच्छरों को आंखों से देखा जा सकता है। जिससे क्षेत्र में बीमारियां अपना रुख कर रही हैं। जो हल्की बरसात में अपना विकराल रूप ले लेता है। वही मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए एक अप्रैल से संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक माह तक चलेगा। परंतु ऐसे में केवल खानापूर्ति कर देना क्या मच्छर जनित बीमारियों को खत्म करने में कारगर होगा। जबकि नगर क्षेत्र के सड़कों पर लगातार कूड़ा करकट एवं बदबू युक्त गंदगी देखी जाती है।



### एसआई कृष्णपाल के नेतृत्व में बीएसएफ जवानों के साथ ग्रामों में निकाला गया फ्लैगमार्च

जन एक्सप्रेस। बीसलपुर। मीरपुर वाहनपुर में एसआई कृष्णपाल के नेतृत्व में बीएसएफ के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च गांव मीरपुर वाहनपुर में मुख्य बाजार से होकर मस्जिद वाली गली से होते हुए प्राथमिक विद्यालय व आजाद इंटर कॉलेज होते हुए पूरे गांव में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसआई कृष्णपाल ने कहा कि सभी लोग शांतिपूर्ण मतदान करें। चुनाव को मध्ये नजर रखते हुए ग्रामों में फ्लैग मार्च निकालकर मतदाताओं से शांतिपूर्ण मतदान करने की अपील की। इस मौके पर कांस्टेबल परशुराम यादव, दीपक कुमार सहित सभी पुलिस बल व बीएसएफ के जवान मुस्तैद रहे।

### रंजिश को लेकर दो लोगों को मार-पीट कर किया घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। अपने घर से बाहर खाली पड़ी जगह पर पहुंचे दो लोगों को पांच दबंगों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया है। पीड़ित के भतीजे की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव नौआ नगला निवासी नन्हें लाल पुत्र ख्यालीराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसके चाचा गोधन लाल पुत्र जानकी प्रसाद व दादा जानकी प्रसाद पुत्र खेमकरन लाल अपनी जगह की तरफ गये थे। जहां पर पहले से मौजूद राजकुमार, गयादीन, हीरा लाल, शांति स्वरूप, उर्मिला देवी पत्नी राजकुमार ने एक राय होकर चाचा व दादा के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित अपने चाचा व दादा को बेहोशी की हालत में थाने लाया और मामले की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक उमेश सोलंकी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज़ कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## अब यूपीआई से भुगतान कर ले सकेंगे ट्रेन का टिकट, बरेली जंक्शन पर कल से मिलेगी सुविधा




जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली जंक्शन पर यात्रियों को एक अप्रैल से यूपीआई के जरिये भुगतान की सुविधा मिलने लगेगी। दैनिक से लेकर सीजनल टिकट और बिना टिकट पकड़े जाने पर जुर्माने का भुगतान भी ऑनलाइन यूपीआई के जरिये किया जा सकेगा। रेलवे ने इस पर काम शुरू कर दिया है। यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू होने के बाद टिकट काउंटर पर यात्रियों की भीड़ कम होगी। रेलवे यूटीएस मोबाइल एप और एटीवीएम से टिकट बुकिंग की सुविधा पहले से ही दे रहा है। यूटीएस मोबाइल एप से ही रोजाना औसतन 30 हजार रुपये के जनरल टिकटों की बिक्री हो रही है। इसके अलावा काउंटर पर भी टिकट के लिए यात्रियों की लाइन लगी रहती हैं। कई बार छुट्टे रुपयों को लेकर समस्या होती है। ऐसे में रेलवे यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू कर रहा है। एटीवीएम से दैनिक टिकट लेने पर क्यूआर कोड स्कैन कर यूपीआई से भुगतान की सुविधा शुरू कर दी गई है। यात्री अब एटीवीएम से सीजनल टिकट भी प्राप्त कर सकते हैं।

**तीन दिन में यूटीएस एप से बिके 4,472 टिकट**

यूटीएस एप के जरिये भी टिकटों की बिक्री बढ़ रही है। 26 से 28 मार्च तक यात्रियों ने यूटीएस एप से 4,472 टिकट बुक किए। इसके बदले रेलवे को 9,9,570 रुपये मिले। जंक्शन पर यात्रियों को यूटीएस एप से टिकट बुकिंग के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। मुख्य वाणिज्य निरीक्षक राकेश सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए रेलवे यूपीआई से भुगतान की सेवा शुरू कर रहा है। यात्री टिकट से लेकर सीजनल टिकट और जुर्माना समेत अन्य सुविधाओं के लिए भी यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे।

## बसपा में शामिल हुए पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका लगा है। कांग्रेस छोड़कर पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हो गए है। शुक्रवार को बसपा के मंडलीय कार्यालय में मुख्य मंडल प्रभारी ब्रह्मस्वरूप सागर और जिलाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह ने उनको पार्टी की सदस्यता दिलाई। बसपा जिलाध्यक्ष के मुताबिक पूर्व विधायक छोटेलाल गंगवार के साथ वंशीधर गंगवार, मनोज गंगवार, धर्मेंद गंगवार, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद इसरार अहमद, मुख्तार मंसूरी, किशन राजपूत, नफीस अहमद, धर्मपाल गंगवार, भूरे लाल दिवाकर, मोहम्मद युसुफ अंसारी, रामचंद्र कनौजिया ने बसपा की सदस्यता ली है। सपा-कांग्रेस में गठबंधन के चलते बरेली लोकसभा सीट की सपा के हिस्से में चली गई थी। सपा ने इस सीट से पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन को प्रत्याशी बनाया है।

## सीएए के समर्थन पर मौलाना शहाबुद्दीन को जान से मारने की धमकी, फोन पर युवक बोला, बरेली से उठवा लूंगा

जन एक्सप्रेस । बरेली

बरेली में ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी को जान से मारने की धमकी मिली है। मौलाना का आरोप है कि सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) का समर्थन करने पर शहनवाज नाम के युवक ने फोन पर धमकी दी है। उसने धमकी भरा ईमेल भी किया है। शहाबुद्दीन रजवी ने शनिवार को कोतवाली पहुंचे और आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। मौलाना के मुताबिक 23 मार्च की रात उनके फोन पर कॉल आया। कॉल करने वालेने अपना नाम शहनवाज निवासी लखनऊ बताया। उसने कहा कि तुम मुसलमानों के नेता बनते हो और भाजपा की हिमायत में बात करते हो। सीएए का समर्थन करते हो। समाजवादी पार्टी का विरोध करते हो। जब मौलाना ने उसे समझाया तो उसने कॉल काट दिया। इसके बाद दोबारा कॉल किया। उसने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर दोबारा से अखबार या चैनल पर बयान दिया तो बरेली से उठवा लूंगा। मेरी पहुंच अंडरवर्ल्ड तक है। कॉल करने वाले ने मौलाना की मेल आईडी पर धमकी भरा मैसेज भी भेजा है। धमकी के बाद मौलाना ने अपनी जान का खतरा बताते हुए कहा कि ये देश विरोधी कट्टरपंथी विचारधारा के लोग कभी भी कोई संगीन वारदात कर सकते हैं।

## रुपये मांगने पर कैंटीन संचालक को पीटने वाले तीन सिपाहियों के खिलाफ रिपोर्ट, एसएसपी ने किया निलंबित

जन एक्सप्रेस/ बरेली। बरेली में कैंटीन संचालक ने रुपये मांगे तो सिपाहियों ने उसकी पिटाई की। कैंटीन का सामान फेंक दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस लाइन में तैनात तीन सिपाहियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। एसएसपी ने आरोपी सिपाहियों को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। थाना सुभाषनगर क्षेत्र के गणेशनगर निवासी अमित सक्सेना सुभाषनगर चुंगी पर देसी शराब की दुकान पर कैंटीन चलाते हैं। उन्होंने बताया कि 28 मार्च की रात वह कैंटीन पर बैठे थे। तभी पुलिस लाइन में तैनात सिपाही रामू सिंह, महेंद्र सिंह और तनू अपने एक अन्य साथी को लेकर उनके पास आए।

## शाहगंज में धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश नाकाम




**अरंद गांव स्थित धार्मिक स्थल फेंका गया खाल**

**अराजक तत्वों की तलाश में जुटी पुलिस**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरंद गांव में में शनिवार की सुबह एक धार्मिक स्थल पर अराजक तत्वों द्वारा जानवर की खाल फेंककर माहौल खराब करने की कोशिश की। पुलिस की सक्रियता और स्थानीय लोगों की सूझबूझ के चलते दोनों वर्गों में आपसी सौहार्द बिगड़ने से बच गया। उक्त गांव स्थित धार्मिक स्थल शिव मंदिर समीप अराजक तत्वों ने जानवर के अवशेष फेंक कर दो वर्गों के बीच विवाद कराने की साजिश रची। सुबह पूजा अर्चना के लिए जब कुछ लोग पहुंचे तो नज़ारा देखकर दंग रह गए। जिसकी सूचना पूरे गांव में फैल गई। भारी संख्या में लोग पूजा स्थल पर इकट्ठा हो गए। इस बावत मंदिर के पुजारी ने बताया कि धार्मिक स्थल के समीप जानवर का अवशेष देखकर दंग रह गए। जिसकी सूचना पुलिस को दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी अजीत सिंह चौहान कोतवाली प्रभारी तारकेश्वर राय भारी पुलिस बल के साथ पहुंचकर धार्मिक स्थलों की सफाई करवाते हुए ग्रामीणों को बहुत जल्द अराजक तत्वों को गिरफ्तार कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि माहौल को खराब करने की कोशिश करने वाले बहुत जल्द पुलिस की हिरासत में होंगे। पुलिस बल अराजक तत्वों की पहचान करने में जुटी हुई है। वहीं पूर्व में 9 जनवरी को भी ऐसा ही प्रयास किया गया था। जिसका पुलिस आजतक खुलासा करने में नाकाम रही है।

## कक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए 21 छात्राओं को किया गया सम्मानित



**बच्चों के मनमोहक प्रस्तुति मे वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में लगाए चार चांद**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**सरायख्वाजा।** आदमपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में शनिवार को वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रधानाचार्य द्वारा कक्षा में सत प्रतिशत अंक लाने वाले 21 छात्राओं को सम्मानित किया। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आदमपुर में आयोजित वार्षिक उत्सव का शुभारंभ सरस्वती गणेश वंदना से की गई। इस अवसर पर विद्यालय में अध्यनरत छात्राओ ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया, विद्यालय में संचालित कक्षा 1 से लेकर 8 तक के सभी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्राएं, बेस्ट स्टूडेंट ऑफ द ईयर और बेस्ट स्टूडेंट ऑफ़ द खान एकेडमी, शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले कुल 21 छात्राओं को प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया, प्रधानाचार्य किरण मिश्रा ने बताया कि वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में कक्षा में सत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले छात्राओ को पुरस्कृत किया गया है। इसके अलावा कक्षा 8 की सभी उत्तीर्ण छात्राओं को उपहार भेट किया गया, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम का संचालन पुष्पा राय ने किया इस दौरान विद्यालय से शिक्षिका अमृता सिंह, प्रतिभा सिंह, सुनीता यादव, पुष्पा समेत अन्य शिक्षकगण मौजूद रही।

## मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक कर निर्वाचन नामावली के सत्यापन का दिया निर्देश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिलाधिकारी रबीन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देश के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी साई तेजा सीलम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वर्तमान निर्वाचन नामावली में नाम के सत्यापन के संबंध में संपन्न हुई। बैठक में इडीएम प्रतीक उपाध्याय द्वारा भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन अवधि के दौरान नाम निर्देशन दायर करने और अनुमति प्राप्त करने के लिए अभ्यर्थियों की प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में काम कर रहे सुविधा कैंडिडेट एप के संदर्भ में जानकारी तथा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इसमें अभ्यर्थी अपने नाम निर्देशन की स्थिति देख सकते हैं तथा इसके माध्यम से राजनीतिक अभियान के लिए वाहन, रैली, प्रचार आदि के संदर्भ में 48 घंटे पहले अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं तथा एनओसी के भी लिए आवेदन कर सकते हैं। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राम अक्षयबर चौहान, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी, इडीएम प्रतीक उपाध्याय, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**प्रधानाध्यापक और प्रधानाध्यापिका को दी भावभीनी विदाई**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**सुइथाकला।** आगामी 31मार्च को सेवानिवृत्त हो रहे शिक्षा क्षेत्र से एक प्रधानाध्यापक और एक प्रधानाध्यापिका को भावभीनी विदाई देने के लिए शनिवार को एक समारोह का आयोजन किया गया।इस दौरान उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। क्षेत्र में सवायन गांव स्थित राजकीय हाई स्कूल में बतौर प्रधानाध्यापक रहे अब्दुल कलाम और कम्पोजिट विद्यालय बसौली में प्रधानाध्यापिका श्रीमती ऊषा सिंह को शनिवार को सहकर्मियों द्वारा एक समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई।इस दौरान उन्हें अंगवस्त्र व फूल माला पहनाने का कार्य किया गया। राजकीय हाई स्कूल सवायन में विदाई के क्रम में प्रभार ले रहे शिक्षक राहुल राज मिश्र जहां विदा हो रहे प्रधानाध्यापक के कार्यशैली की सराहना करते हुए विदाई को कष्टकारी बताया वहीं बसौली में एआरपी पंकज सिंह ने अपने सम्बोधन में श्रीमती सिंह के कार्यशैली को अनुकरणीय बताया। फिलहाल इस दौरान सभी ने नम आंखों से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान इन्द्रसेन तिवारी, रबीश पटेल, अमित सिंह, रमेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# गंगा में डूबे युवक का दो दिन बाद बरामद हुआ शव

* मृतक की मां ने हत्या कर शव गंगा में बहाने का लगाया आरोप
* पुलिस मौसा समेत चार को हिरासत में लेकर कर रही पूछताछ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव






**पैनल से हुआ पोस्टमार्टम, डूबने से मौत की हुई पुष्टि**
हत्या के आरोप के चलते पुलिस ने वीडियोग्राफी के बीच दो डाक्टरों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया। जिसमें मगरायर पीएचसी के डा.रोहित व अचलगंज पीएचसी के डा.सौरभ सचान शामिल रहें। पोस्टमार्टम जीतू के डूबने से मौत की पुष्टि हुई है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के बलाई घाट पर गंगास्नान के दौरान गहरे पानी मे चले जाने से डूबे युवक का शव तीसरे दिन शनिवार को खुटहा गांव के सामने पानी मे उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पानी से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम को भेजा है।
मृतक की माँ के आरोप पर पुलिस ने मौसा समेत चार को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।
अचलगंज थाना क्षेत्र के झब्बाखेड़ा मजरे सैदपुर निवासी जीतू (19) पुत्र स्व. पुतान रैदास गुरुवार दोपहर इसी थाना क्षेत्र के बलाई गांव निवासी अपने चचेरे मौसा बुद्धी लाल के यहां गया था। शाम चार बजे मौसेरे भाई अंकुश के साथ बलाई घाट पर गंगा स्नान को गया था। नहाने के दौरान जीतू गहरेपानी में चला गया और डूबने लगा। यह देख कर साथ रहा अंकुश मदद को चिल्लाया लेकिन घाट पर किसी के न होने से अंकुश भाग कर अपने गांव बलाई आया। इसकी सूचना गांव समेत सैदपुर निवासी जीतू के परिजनो को दी थी। पुलिस ने खोजबीन के गंगाघाट से गोताखोर बुलाए। गोताखोर दो दिनों से गंगा में जाल डाल कर डूबे जीतू की खोजबीन कर रहे थे। इसके बावजूद भी डूबे युवक का पता नहीं लग सका था।
शनिवार सुबह मछली पकड़ने गए खुटहा गांव के मछुवारों ने गांव के सामने पानी मे शव उतराता देखा तो इसकी सूचना अचलगंज पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे एसओ संजीव कुशवाहा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जीतू की मौत पर मां सुमन, दो भाई आयुष, पीयूष और बहन अंजली का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक की माँ सुमन ने बेटे की हत्या कर शव डुबो देने का आरोप लगाती रही। जिस पर पुलिस चचेरे मौसा समेत चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी।

**मां बोली अनैतिक संबंध में बेटे के बाधक बनने पर दी थी हत्या की धमकी**
पोस्टमार्टम हाउस पर मिली मृतक की मां सुमन ने बताया कि पति की मौत के बहनोई बुद्धीलाल का घर आना जाना था। बच्चों के बड़े होने पर अनैतिक संबंधों का असर उन पर न पड़े इसलिए उसने बुद्धीलाल से किनारा कर लिया था। जिस पर उसने बेटे को जान से मारने की धमकी दी थी। उसने कहा था कि बेटे ने अगर दीवार खड़ी की तो उसे गिरा देंगे।

## आरोपियों पर कार्रवाई न होने से आहत युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



माखी थाना क्षेत्र के राम सिंह खेड़ा गांव का रहने वाला एक युवक पास के दूसरे गांव में अपने एक मित्र के यहां होली मिलन पर मिलने गया। वहां पहले से ही मौजूद दबंग जिनकी पहले से ही पुरानी रंजिश चली आ रही थी। उन्होंने उसे घेर कर कुल्हाड़ी से वार कर जमकर मारा पीटा और घायल कर दिया। इसके बाद गंभीर हालत में उसे सीएचसी मियागंज में भर्ती कराया गया। मामले की तहरीर पुलिस को दी गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किया। लेकिन आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से आहत होकर पीड़ित ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। जहां उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं।
माखी थाना के राम सिंह खेड़ा गांव निवासी विजय पुत्र ठाकुर प्रसाद बीते 26 मार्च की रात पड़ोसी गांव पोले खेड़ा में अपने मित्र के यहां होली मिलन के लिए गया था। इसी दौरान पोले खेड़ा निवासी राजा पुत्र सिंहनाथ, राकेश पुत्र श्री राम, भोले पुत्र रामनरेश, नीरज पुत्र बंसी ने उसे रोककर पुरानी रंजिश के चलते मारने पीटने लगे। विरोध करने दबंगों ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर पास मौजूद लोगों ने उसे किसी तरह बचाया। घायलवस्था में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मियागंज में भर्ती कराया।
जहां डॉक्टर ने उसका उपचार किया। पीड़ित ने मामले की लिखित तहरीर माखी थाना पुलिस को दी। पुलिस पदार्थ के आधार पर मारपीट जान से मारने की धमकी समेत अन्य धाराओं मुकदमा दर्ज किया। पीड़ित विजय ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कोई भी कठोर कार्रवाई नहीं की। जिससे आहत होकर उसने रविवार को जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ी तो परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। थाना प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज है। जांच पड़ताल की जा रही है। जहर निगलने जैसी जानकारी थाना पुलिस को प्राप्त नहीं हुई है।

## हादसे में पिता की मौत, बेटे की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज




जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बीती 14 मार्च को शटरिंग लदी ट्राली पलटने से अधेड़ की हुई मौत के मामले में दिवंगत के बेटे ने पुलिस को अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बता दें कि औरास थाना क्षेत्र के भुरकुंडी निवासी शिवा ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उसके पिता बनवारी लाल शटरिंग के सामान को ट्रैक्टर से उतारने व लादने का काम करते थे। 14 मार्च को शटरिंग का सामान लाद कर हाजीपुर गोसा गांव उतारने जा रहे थे। ट्रैक्टर मे उसका रिस्तेदार सरदार व भुडकुंडी गांव निवासी किशोर शिव सिंह भी बैठे थे। तभी अचानक चालक की लापरवाही से असंतुलित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिसमें उसके पिता की नीचे दबने से मौत हो गई थी जबकि अन्य दो लोग घायल हुए थे। शिवा ने यह भी बताया ट्रैक्टर भुडकुंडी गांव निवासी शीतला बक्श सिंह का था। पुलिस ने दिवंगत बनवारी के बेटे शिवा की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## बिल्हौर तहसील के 45 गांव में 19 घंटे बिजली रही गुल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विद्युत सप्लाई दिन में ना के बराबर होती है वहीं पर रात में 10 बजे से लेकर सुबह 4 से 5 तक रहती है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई के लिए बिजली के नलकूप लगे हुए हैं जिसमें दिन में अगर लाइट आती है। तो फसलों की सिंचाई शुरू होती है वैसे ही आधे घंटे 1 घंटे में चली जाती है पूरा दिन किसान बैठे इंतजार करता रहता है फिर लाइट रात में आती है। इन दिनों रात में ही सप्लाई आती है इसके चलते रात में सिंचाई के लिए जंगली जानवरों का भय रहता है इसके बाद भी यहां के उदासीन अधिकारी दिन में सप्लाई नहीं देते हैं आखिरकार बिल्हौर क्षेत्र की जनता इन दिनों बिजली सप्लाई से बहुत त्रस्त है जबकि अभी गर्मियां शुरू हुई है बिल्हौर कस्बे से कमसान फीडर 11:30 बजे शुक्रवार रात को बिजली चली गई थी। 6:30 बजे शाम शनिवार को लाइट आई है। इसके अंतर्गत आने वाले गांव कमसान, मखनपुरवा, खजुरी, बरौली, चौखंडी, माखन निवादा, सांभी, पातिन निवादा, राजेपुर, बीबीपुर, कुदौरा, तबियतपुर, खजुरी आदि 45 गांव में लाइट नहीं रही। एसडीओ हाइडिल अमरनाथ चौहान व जेई विपिन कुमार ने बताया कि रेलवे लाइन के अंडरग्राउंड केबल में फाल्ट होने की वजह से बिल्हौर स्थित लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस के समीप फाल्ट हो गया था जिसको ठीक कर दिया गया है और सप्लाई 6:30 बजे चालू कर दी गई है।
तहसीलदार टिमराज सिंह ने बताया बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर सुधार कराया जाएगा किसानों के लिए दिक्कतें दूर कराई जाएंगी।

## सलेमपुर ग्राम सभा की दर्जनों बीघे भूमि पर पच्चीस साल से कब्जा ना हटा सका प्रशासन




* ककवन के कुरौली सलेमपुर गांव मे पूर्व बसपा नेता की दंबगई के आगे नतमस्तक प्रशासन।

> मामले की जानकारी है जीवन लाल भारती का पट्टा कमीशनरी मे खारिज हो चुका है। लेकिन राजस्व परिषद मे मामला लंबित है जल्द ही पूरे तहसील प्रशासन के साथ अवैध कब्जा हटवाया जाएगा
> –रश्मि लांबा
> उपजिलाधिकारी बिल्हौर

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

**बिल्हौर।** तहसील क्षेत्र के सलेमपुर गांव सभा में पुराने कब्जे को प्रशासन नहीं हटा सका एक ओर सूबे के मुख्यमंत्री सरकारी भूमि पर कब्जा हटाने के लिए प्रशासन के तमाम अधिकारियों को जगह-जगह निर्देशित करते हैं वहीं दूसरी ओर कानपुर नगर जैसे अग्रणी जनपद में बीते 25 साल से पूर्व बसपा नेता लगभग दो दर्जन से अधिक भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर फसल बो रहे हैं उनके रसूख के आगे तहसील प्रशासन के किसी अधिकारी की एक ना चलती है ना कभी उनके ऊपर कोई जांच आती है
और ना ही कभी कोई कार्रवाई होती है। कुछ यूं कहें बसपा शासन काल में उनके नाम से अधिकारी टर्र- टर्र करते थे लेकिन 7 से 8 वर्ष बीत जाने के बाद बड़े-बड़े माफियाओं को दरकिनार करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भी योगी मुख्यमंत्री रहते हुए भी अधिकारियों की हिमाकत आज तक जीवनलाल भारती के ऊपर कारवाई करने की नहीं हुई पूर्व में बसपा के बड़े पदाधिकारी रहे जीवनलाल भारती ने कुरौली ग्राम पंचायत की बेश कीमती भूमि पर लखनऊ इटावा राजमार्ग पर अपना कब्जा कर रखा है कई बार मामले की शिकायत हुई यहां तक की स्थानीय ग्रामीण व ग्राम प्रधान हाईकोर्ट की शरण में तक गए लेकिन आज तक उनके ऊपर कोई सुनवाई नहीं की गई एक बार फिर वर्तमान ग्राम प्रधान अंकित कुमार बाथम ने अवैध भूमि को छुड़ाने के लिए उप जिलाधिकारी के दफ्तर में अपनी गुहार लगाई है आए दिन ग्राम प्रधानों के ऊपर लगने वाले आरोपी के बीच ग्राम प्रधान ने जब खुद ही मोर्चा लेकर ग्रामीणों को पट्टे की भूमि दिलाने की जादोजद शुरू की इसके बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी बता दें कि जीवनलाल भारती ने दर्जनों बीघे भूमि पर अपनी फसल हो रखी है जिसका ना तहसील प्रशासन के पास हिसाब है और ना ही अन्य किसी जिम्मेदार अधिकारी के पास कानपुर में बहुत तेज तर्रार अफसर आए लेकिन जीवनलाल भारती के रसूख के आगे सब की हेकड़ी निकल गई। ग्राम प्रधान अंकित कुमार ने बताया कि ग्राम सभा कुरौली सलेमपुर के गाटा संख्या 122 मी, 124, 146, 147, 119 सरकारी अभिलेख मे ऊसर के नाम पर दर्ज हैं लेकिन जीवन लाल भारती उस पर अवैध कब्जा किए हुए है।

## सड़क हादसों में आधा दर्जन वाहन सवार हुए घायल




जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव

राजमार्ग पर हुये सड़क हादसों में आधा दर्जन वाहन सवार घायल हो गये। जिन्हें एम्बुलेंस ने सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने वृद्ध व दो महिलाओं को नाजुक हालत के चलते सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।
जानकारी अनुसार लखनऊ के चिनहट थाना क्षेत्र निवासी आशा पत्नी निर्मल कुमार 42 व उसकी बेटी आयुषी उम्र 19 वर्ष एवं खुशबू पत्नी दीपक कुमार 30 वर्ष व रूपा पत्नी राजू तिवारी 24 वर्ष निवासी गण तेलीबाग लखनऊ सभी शुक्रवार को वैन से कानपुर गये थे। कार्यक्रम से देर रात वापस लखनऊ जाने के दौरान सोहरामऊ थाना क्षेत्र के आशाखेड़ा चौराहे के पास उनकी वैन में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे चारों महिलाओं समेत वैन चालक घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद आशा गुप्ता व उसकी बेटी आयुषी को नाजुक हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं राजमार्ग पर भल्लाफार्म तिराहे के समीप शनिवार दोपहर एक बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार वृद्ध संत कुमार पुत्र गंगा प्रसाद 80 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे नाजुक हालत के चलते चिकित्सक ने सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### क्रॉसिंग पार करते समय ट्रेन की चपेट में आया अधेड़, मौत



जन एक्सप्रेस । उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र में रेलवे लाइन पार करते समय एक अधेड़ ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई।आसपास के लोगो ने घटना की जानकारी परिजनों सहित जीआरपी को दी। मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
अजगैन कोतवाली क्षेत्र के विश्वनाथ खेड़ा गांव निवासी गंगाराम(55) पुत्र लल्लू शुक्रवार शाम घर से अजगैन सब्जी बाजार गया था। जहां देर शाम अधेड़ साइकिल से वापस घर लौट रहा था। इस दौरान गोकुलखेड़ा गांव के निकट रेलवे क्रॉसिंग पार करते समय वह ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगो ने घटना की सूचना परिजनों सहित जीआरपी व अजगैन पुलिस को दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घटना के बाद मृतक की पत्नी सूता का रो रोकर बुरा हाल था।

### सचेंडी मण्डल के होली मिलन समारोह में शामिल हुए नेता




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। भाजपा के सचेंडी मण्डल मे आयोजित होली मिलन समारोह कार्यक्रम मे भाजपा सांसद प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने फूल वर्षा कर जानता जनार्दन से मिलकर कर होली की बधाई दी। कार्यक्रम मे मुख्यातिथि सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विशिष्ट अतिथि एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष दिनेश सिंह कुशवाहा जिलाध्यक्ष भाजपा कानपुर ग्रामीण, लोकसभा सयोजक दिनेश राय, ब्लाक प्रमुख आदरणीय अनुराधा अवस्थी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष गोविन्द कुशवाहा, मंडल प्रभारी निष्ठां कटियार, पूर्व मंडल अध्यक्ष विक्रांत तोमर, गया प्रसाद, राजेंद्र त्रिपाठी, राम कुमार, पुष्पेंद्र जादौन, सुनील राठौर, राजेश सिंह एवं क्षेत्र के तमाम प्रधान जिलापंचायत सदस्य पूर्व प्रधान एवं सैकड़ो भाजपा देवतुल्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गहमरी ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मानव श्रंखला बनाई



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर में शनिवार को अखिल भारतीय भोजपुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष गहमरी ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मानव श्रृंखला विजयनगर में बनाई। और इस दौरान गहमरी ने कहा कि सारे काम बंद करके अपने मत का प्रयोग करें इससे देश का भविष्य तय होता है इसलिए आपका वोट की कीमत होती है, श्री गहमरी ने कहा कि लोकसभा मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भोजपुरी महासभा के लोग सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकालेंगे और मतदाताओं को जागरूक करेंगे मानव श्रृंखला बनाने वालों में अमित यादव काशी यादव मनोजा रमाकांत गब्बर विकास गुप्ता छोटे लाल प्रभात पाल फैजुद्दीन राकेश सिद्धार्थ पप्पू यादव रंगबहादुर मुन्ना चौहान अरविंद सिंह आदि भोजपुरी महासभा के लोग शामिल थे।

## टॉप 10 अपराधी कंगारू को पुलिस टीम ने दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



शहर की जूही थाने की पुलिस ने एक टॉप टेन अपराधी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए शातिर अपराधी के विरुद्ध गंभीर धाराओं के कई मुकदमे पहले से दर्ज हैं। इस अपराधी को उस समय पुलिस टीम ने दबोच लिया जब वह तमंचा लेकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में लगा हुआ था।
कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार थाना जूही क्षेत्र के साईं पुरवा कच्ची बस्ती निवासी टॉप टेन अपराधी गणेश उर्फ कंगारू को पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली थी कि अपराधी गणेश उर्फ कंगारू जूही ओवर ब्रिज के पास किसी घटना को अंजाम देने की नीयत से खड़ा हुआ है। पुलिस टीम ने जब उसे घात लगाकर दबोचा तो उसके पास से एक अवैध तमंचा और नाजायज कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस विभाग की मानें तो इस शातिर अपराधी के विरुद्ध आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण**
उ0नि0 कुलदीप कुमार, उ.नि. गौरव कुमार, उ0नि0 विपिन कुमार, का0आशु कुमार, का0 अतुल वर्मा शामिल रहे।

### मुख्तार अंसारी की मौत की सीबीआई करे जांच: उस्मानी



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। आदर्श लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय जनता दल के पूर्व मेयर प्रत्याशी शाकिर अली उस्मानी ने कहा कि 5 दिन में जेल से अस्पताल और अस्पताल से जेल के बीच में जो घटनाक्रम है। उसकी जाँच सी0बी0आई0 से होनी चाहिए। जिससे पता चल सके कि मुख्तार अंसारी की मृत्यु कैसे हुई और उसका जिम्मेदार कौन है। श्री उस्मानी ने आगे कहा कि मुख्तार अंसारी 5 बार के विधायक रहे हैं। जनता में लोकप्रिय जन प्रतिनिधि रहे हैं। पूरा परिवार राजनैतिक व सामाजिक है। कहा कि उ0प्र0 की सरकार के इशारे पर पूरे प्रदेश में मुस्लिम जन प्रतिनिधियां को फर्जी मुकदमे में फंसाने, अदालत से सजा कराने, पुलिस कस्टडी में हत्या जैसी घटनायें लोकतंत्र एवं संविधान की हत्या है। इस पर रोक लगनी चाहिए। उस्मानी जी ने आगे कहा कि पूरा देश जानता है कि मुख्तार अंसारी के परिवार में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ब्रिगेडियर उस्मान, उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, बड़े भाई अफजाल अंसारी, सांसद, बेटा विधायक के रूप में जाना जाता है।

## काफी मददगार साबित हो रहे हैं रोजेदारों के लिए जारी किए गए नंबर



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

रोजेदार लगातार अपनी आशंकाओं को मिटाने के लिए कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल-शरिया हेल्पलाइन के जारी नंबरों पर फोन हर प्रकार की जानकारी ले रहे हैं।

* 8953747748 मौलाना मुफ्ती हिफ्जुर्रहमान क़ासमी
* 9455054392 मौलाना मुफ्ती सऊद मुर्शिद
* 9696314272 मौलाना मुफ्ती इज़हार मुकर्रम

**आप भी हर प्रकार की जानकारी लेने के लिए अल–शरिया हेल्प लाइन के नम्बरात पर संपर्क कर सकते हैं**

* 9450120937 मौलाना मुफ्ती इक़बाल अहमद क़ासमी
* 9889370978 मौलाना खलील अहमद मज़ाहिरी
* 9984181490 मौलाना मुफ्ती अब्दुर्रशीद क़ासमी
* 9839848686 मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी
* 9935588996 मौलाना मुहम्मद इनामुल्लाह क़ासमी
* 9936705786 मौलाना मुहम्मद अनीस खां क़ासमी
* 8423779585 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद उस्मान क़ासमी
* 7860334030 मौलाना मुफ्ती अज़ीजुर्रहमान क़ासमी
* 9721259870 मौलाना मुफ्ती साद नूर क़ासमी
* 9335899572 मौलाना मुफ्ती दानिश क़ासमी
* 9140596695 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मिफ्ताह क़ासमी
* 8859816832 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद वासिफ क़ासमी
* 8423123693 मौलाना मुफ्ती मुहम्मद माज़ क़ासमी
* 9453996022 मौलाना मुफ्ती शाहिद इक़बाल

### कुल हिन्द इस्लामिक इल्मी अकादमी कानपुर की अल–शरिया हेल्पलाइन से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर

**प्रश्न** : ऐतिकाफ में किस तारीख से बैठना है और उसके लिये कुछ विशेष इबादतें बता दीजिए ?
**उत्तर** : मस्नून ऐतिकाफ के लिये 20 रमज़ान को सूर्यास्त से पूर्व ईद के चांद के चांद निकलने तक ऐतिकाफ की नियत से मस्जिद में ठहरा जाता है, आपको 20 रमज़ान अर्थात 31 मार्च रविवार को सूर्यास्त मग़रिब से पूर्व ज़रूरी सामान के साथ मस्जिद पहुंच कर ऐतिकाफ की नियत कर लेना है। ऐतिकाफ में मस्जिद के रहते हुए फरायज़ व वाजिबात की अदायगी के साथ कोई भी दीनी काम करना जैसे तिलावते कुरआन, तस्बीह, ज़िक्र, दुआ, नवाफिल में मशगूल रहना चाहिए। दुनिया की बातें या मोबाइल आदि की व्यस्तता से परहेज़ करना चाहिए।
**प्रश्न** : पूछना यह था कि व्हाइट गोल्ड(सफेद सोना) पर ज़कात है या नहीं ? और इसी तरह क्या प्लेटिनम पर ज़कात वाजिब है ? बराये मेहरबानी स्पष्टता के साथ जवाब इनायत फरमायें ?
**उत्तर** : प्लेटिनम एक धात है, अगर यह तिजारत व कारोबार के लिये हो या उससे चीज़ें बना कर फरोख्त की जाती हों तो यह कारोबारी सामान में शामिल है उस पर ज़कात लागू होगी, और अगर यह तिजारत के लिये नहीं है बल्कि केवल अपने इस्तेमाल के लिये हो इस पर ज़कात लाज़िम नहीं, और सफेद सोने को आम तौर पर प्लेटिनम धात के मिलाने से बनाया जाता है, उसका हुक्म यह है कि अगर सोना ग़ालिब(प्रभावी) हो तो यह सोने के हुक्म में होगा और ज़कात फर्ज़ होगी और प्लेटिनम धात प्रभावी हो तो उस पर ज़कात नहीं है।
**प्रश्न** : मकान आदि किराया लेते समय मालिक को कुछ रक़म एडवांस दी जाती है उस रक़म की ज़कात किस पर वाजिब होगी, किरायेदार पर या मालिक पर ?
**उत्तर** : मकान मालिक के पास वह रक़म किरायेदार की तरफ से ज़मानत रक़म के रूप में है जब वह मकान ख़ाली करे, उस रक़म की वापसी की मांग कर सकता है और ज़मानती रक़म में किसी पर ज़कात वाजिब नहीं, ना ज़मानती रक़म रखने वाले पर और ना उस पर जिसके पास वह रक़म रखा गया है।

### जिला बदर अपराधी को दबोच कर, कोर्ट के सामने किया पेश




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। थाना शिवराजपुर की पुलिस ने एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जो जिला बदर होने के बाद भी जनपद की सीमा में खुलेआम घूम रहा था आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट के समक्ष पेश किया गया है। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रभारी निरीक्षक शिवराजपुर द्वारा गठित टीम ने बीरू जिसे 123/2023 अन्तर्गत धारा 3(1) गुण्डा नियन्त्रण अधिनियम 1970 के तहत न्यायालय संयुक्त/अपर पुलिस आयुक्त(मुख्यालय एवं अपराध)/कार्यपालक मजिस्ट्रेट पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर डॉक्टर विपिन कुमार मिश्र द्वारा 20 मार्च को 3 माह के लिए जिला बदर किया गया था। लेकिन वह लगातार क्षेत्र में ही घूम रहा था जिसकी सूचना पुलिस को प्राप्त हो रही थी। पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार करके कोर्ट के समक्ष पेश किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 शिवकरन वर्मा थाना शिवराजपुर, उ0नि0 यू0टी0 राघवेन्द्र सिंह थाना शिवराजपुर, हे0का0 विपिन कुमार, सुबोध कुमार प्रभारी निरीक्षक शामिल रहे।

# बीजेपी वॉशिंग मशीन, मोदी वॉशिंग पाउडर : पवन खेड़ा

## कहा, विपक्षी नेताओं पर 51 केस, उनके लीडर्स पर 20 लेकिन कार्रवाई एक में भी नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उनके सामने टेबल पर वॉशिंग मशीन रखी थी। इस पर बीजेपी वॉशिंग मशीन लिखा हुआ था। खेड़ा बोले, भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, उन्हें पार्टी में शामिल करवाती है और केस वापस ले लेती है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपी बेदाग निकलता है। मशीन के साथ-साथ ये कमाल मोदी वॉशिंग पावडर का भी है। खेड़ा ने एक पेपर जारी करके आरोप भी लगाया कि विपक्ष के नेताओं को डराने धमकाने के लिए सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। हम ऐसी वॉशिंग मशीन न आपको बेच पाएंगे और न आप खरीद पाएंगे, क्योंकि 8,552 करोड़ की मशीन केवल एक ही आदमी रख सकता है, उसका नाम नरेंद्र मोदी है।




### भाजपा भ्रष्टाचारियों की वॉशिंग मशीन: पवन खेड़ा

एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भाजपा पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा वॉशिंग मशीन है। भाजपा मशीन की कीमत 8500 करोड़ रुपये से अधिक है। वह पैसा उन्हें चुनावी बॉन्ड के जरिए मिला है। सबसे खास बात है कि जो कोई भ्रष्ट नेता भाजपा में शामिल होता है तो उसने खिलाफ सभी मामले बंद हो जाते हैं। पीएम मोदी की तस्वीर के साथ एक टैगलाइन जारी करते हुए कांग्रेस ने एक पुस्तिका वितरित की है।

### नेता जिन पर कांग्रेस ने आरोप लगाया

- **हिमंत बिस्वा सरमा:** गुवाहाटी में जलापूर्ति घोटाले में आरोपी। भाजपा ने पहले उनके खिलाफ एक श्वेत पत्र निकाला था।
- **नारायण राणे:** इनके खिलाफ सीबीआई/ईडी ने कई मामले दर्ज किए हैं। भाजपा नेता किरीट सोमैया ने उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे।
- **अजित पवार:** पीएम मोदी ने एनसीपी के खिलाफ 70,000 करोड़ के घोटाले का आरोप लगाया। ईडी ने सतारा के जरांदेश्वर चीनी मिल की 2010 में धोखे से हुई बिक्री में चार्जशीट दाखिल की। अजित पर जांच जारी थी।
- **हसन मुश्रीफ:** ईडी हसन मुश्रीफ से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले और कोल्हापुर स्थित चीनी मिल, संताजी घोरपड़ेशुगर फैक्ट्री में गड़बड़ियों की जांच कर रही है। फैक्ट्री मुश्रीफ का परिवार चलाता है। NCP से अलग होने के बाद कोई कार्रवाई नहीं हुई।
- **छगन भुजबल:** 2016 में ईडी ने महाराष्ट्र सदन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में छगन भुजबल को गिरफ्तार किया था। उन्हें 2018 में बॉम्बे हाईकोर्ट ने जमानत दे दी थी। हालांकि एनसीपी से अलग होने के बाद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। भुजबल, उनके रिश्तेदारों और फर्मों के खिलाफ बेनामी संपत्ति मामले में कार्रवाई भी बंद हो गई है।
- **अशोक चव्हाण:** भाजपा ने उन पर आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले का आरोप लगाया और उनके भाजपा में शामिल होने के बाद से इस मामले में कुछ भी आगे नहीं बढ़ा है।

### प्रफुल्ल पटेल की क्लोजर रिपोर्ट पर कांग्रेस का तंज

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि प्रफुल्ल पटेल द्वारा एनसीपी को तोड़कर महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन में शामिल होने के महीनों बाद सीबीआई ने भ्रष्टाचार के 2017 के एक मामले में एक क्लोजर रिपोर्ट दायर की, जिसका उल्लेख भाजपा ने 2014 में जारी अपने चार्जशीट में किया था। भाजपा ने 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपीए सरकार के खिलाफ चार्जशीट में इसे एयर इंडिया घोटाला बताया था।

### भाजपा ने 2019 में प्रफुल्ल पटेल पर लगाए थे आरोप

पवन खेड़ा ने कहा कि सीबीआई ने आरोप लगाया था कि 2006 में प्रफुल्ल पटेल ने निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने के लिए एयर इंडिया को पांच साल के लिए कई विमान पट्टे पर देने के लिए यूपीए सरकार में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया था। इतना ही नहीं, 2019 में भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल पर कई गंभीर आरोप लगाए थे, लेकिन गठबंधन में शामिल होते ही सब पाप धुल गए।

# दिल्ली के रामलीला मैदान में आज इंडिया गठबंधन की रैली

## आप ने कहा, विपक्ष को निशाना बनाया जा रहा, भाजपा बोली, ये भाषण के लिए भीड़ जुटाते हैं

* भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में 31 मार्च को इंडिया ब्लॉक महारैली करने वाला है। इसमें 26 दलों के नेता शामिल हो सकते हैं। लोकसभा चुनाव से पहले यह विपक्ष की पहली बड़ी रैली होगी। शनिवार को आप नेता गोपाल राय और दिलीप पांडे ने रामलीला मैदान में तैयारियों का निरीक्षण किया। गोपाल राय ने कहा कि गठबंधन के नेता 'तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' रैली में पहुंच रहे हैं। केंद्र सरकार एजेंसियों की मदद से विपक्ष के नेताओं को निशाना बना रही है। एक चुने हुए मुख्यमंत्री को किसी के आरोपों के आधार पर जेल में डाल दिया गया। ये जो खेल चल रहा है, इसी के खिलाफ कल महारैली होने जा रही है।

वहीं, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने कहा कि इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के नेताओं को राज्यों में कोई भी पूछने वाला नहीं है। इसलिए जहां भीड़ इकट्ठा होती है, वहां अपना भाषण देते हैं। आज जनता ने इन्हें अस्वीकार कर दिया है। 24 मार्च को आप और कांग्रेस ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस महारैली का ऐलान किया था। आप नेता आतिशी ने कहा था कि इंडिया गठबंधन की 'महा रैली' अरविंद केजरीवाल को बचाने के लिए नहीं बल्कि लोकतंत्र को बचाने के लिए आयोजित की जा रही है।

### जयराम रमेश बोले, रैली संविधान बचाने के लिए

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 4-5 मुद्दे हैं जिन पर यह रैली आयोजित की गई है। हमें हेमंत सोरेन, अरविंद केजरीवाल और कई अन्य लोगों को भी नहीं भूलना चाहिए, जिन्हें निशाना बनाया गया है। कल की रैली को लोकतंत्र के नजरिए से देखा जाना चाहिए ना कि किसी एक पार्टी की रैली के तौर पर। यह रैली एक व्यक्ति को बचाने के लिए नहीं, संविधान को बचाने के लिए हैं।

### आप ने कहा, साउथ लॉबी से बीजेपी के कनेक्शन

दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी मार्लेना और सौरभ भारद्वाज ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि शराब कारोबारियों की साउथ लॉबी से बीजेपी के तार जुड़े हुए हैं। केजरीवाल के खिलाफ बयान देने वाले मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी और उनका बेटा राघव मगुंटा 28 मार्च को बीजेपी की सहयोगी पार्टी टीडीपी में शामिल हो गए। मार्च 29 को मगुंटा को टीडीपी ने लोक सभा का चुनाव लड़ने का टिकट मिलता है। साउथ लॉबी के शरथ रेड्डी भाजपा को 55 करोड़ का चंदा देते हैं। मगुंटा श्रीनिवासलु रेड्डी को भाजपा की सहयोगी पार्टी टिकट देती है, तो क्या अब श्वष्ठ भाजपा को शराब घोटाले की जांच में आरोपी बनाएगी?

# दिल्ली जल बोर्ड केस: ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की

## 140 पन्नों की चार्जशीट में जल बोर्ड के पूर्व चीफ इंजीनियर और कॉन्ट्रेक्टर आरोपी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय ने शनिवार को दिल्ली जल बोर्ड केस में पहली चार्जशीट दाखिल की है। इसमें एक कंपनी और 4 लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि दिल्ली जल बोर्ड ने ठेका देने में भ्रष्टाचार किया। घूस की रकम आम आदमी पार्टी को इलेक्शन फंड के तौर पर दी गई। दिल्ली जल बोर्ड केस में यह श्वष्ठ की पहली चार्जशीट है। इसे दिल्ली की स्पेशल प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट कोर्ट में पेश किया गया। चार्जशीट में जल बोर्ड के पूर्व इंजीनियर जगदीश कुमार अरोड़ा, कॉन्ट्रेक्टर अनिल कुमार अग्रवाल, एनबीसीसी इंडिया लिमिटेड कंपनी के पूर्व जनरल मैनेजर डीके मित्तल, एनकेजी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और तेजिंदर सिंह को आरोपी बनाया गया है। एजेंसी ने इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा था, पर वो नहीं पहुंचे। ईडी ने केजरीवाल को शराब घोटाला केस में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था, वे अभी भी ईडी की कस्टडी में हैं। ईडी ने जल बोर्ड केस में केजरीवाल के पर्सनल असिस्टेंट वैभव कुमार, आप के राज्यसभा सांसद एनडी गुप्ता, दिल्ली जल बोर्ड के पूर्व सदस्य शलभ कुमार, चार्टर्ड अकाउंटेंट पंकज मंडल और कुछ और लोगों के घर छापा मारा था।

### 38 करोड़ के कॉन्ट्रैक्ट में सीबीआई ने दर्ज की थी एफआईआर

सीबीआई ने भी इस मामले में एक एफआईआर दर्ज की है, इसमें जगदीश अरोड़ा को आरोपी बनाया गया है। इसमें कहा गया है कि अरोड़ा ने जल बोर्ड का एक ठेका एनकेजी इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिया था। ये 38 करोड़ का ठेका था। सीबीआई का आरोप है कि कंपनी तकनीकी तौर पर ठेका लेने के काबिल नहीं थी, इसके बावजूद उसे ठेका दे दिया गया। अरोड़ा को ईडी ने 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था। कांट्रैक्टर अनिल अग्रवाल भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### 38 करोड़ का ठेका और 3 करोड़ रुपए रिश्वत

ईडी का आरोप है कि मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और मेसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज से आरोपी को 3 करोड़ रुपए रिश्वत के रूप में मिले। इसके एवज में मेसर्स एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड को दिल्ली जल बोर्ड की ओर से 38 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट मिला। इसके बाद एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर ने अनिल कुमार अग्रवाल की फर्म मेसर्स इंटीग्रल स्क्रू इंडस्ट्रीज को ये ठेका दे दिया।

# केजरीवाल के मंत्री गहलोत से ईडी की 5 घंटे पूछताछ

## शराब नीति घोटाले पर सवाल किए गए, पॉलिसी बनाने वाली कमेटी में शामिल थे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



शराब नीति केस में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उनके करीबी मंत्री कैलाश गहलोत से ईडी ने करीब 5 घंटे तक पूछताछ की। गहलोत शनिवार को साढ़े 11 बजे ईडी दफ्तर पहुंचे थे। गहलोत नजफगढ़ से आप के विधायक हैं। वे केजरीवाल सरकार में परिवहन, गृह और कानून मंत्री हैं। ईडी ने शनिवार सुबह ही गहलोत को समन जारी किया था और उन्हें तत्काल पूछताछ के लिए अपने दफ्तर बुलाया था। गहलोत से धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए कहा है। एजेंसी का कहना है कि गहलोत मंत्रियों के उस ग्रुप का हिस्सा थे, जिसने 2021-22 के लिए शराब नीति बनाई थी। इसमें तब डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और पूर्व शहरी विकास मंत्री सत्येंद्र जैन भी शामिल थे। एजेंसी ने अपनी चार्जशीट में गहलोत का नाम लिखा था। ईडी का आरोप है कि शराब नीति साउथ लॉबी को लीक की गई थी, जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी के. कविता भी शामिल थीं। साउथ लॉबी पर आप और उसके नेताओं को 100 करोड़ की रिश्वत देने का आरोप है।

# एंटीबायोटिक दवाओं के व्यापार में उछाल, 2018 से 2023 के बीच 11 फीसदी का हुआ इजाफा



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में एंटीबायोटिक दवाओं के कारोबार में बड़ा उछाल आया है। साल 2018 से 2023 के बीच इन दवाओं का कारोबार 11 फीसदी तक बढ़ा है। पिछले साल अप्रैल से लेकर नवंबर माह के बीच मरीजों ने 10 हजार करोड़ से अधिक की दवाओं का सेवन किया। इसमें से 57 फीसदी दवाओं की खपत उन मरीजों में हुई, जिन्हें गंभीर संक्रमण था। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) की एक रिपोर्ट के अनुसार, एंटीबायोटिक की बिक्री में यह उछाल उसी अवधि में आया है, जिसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) ने देश का पहला सर्वे कर बताया, 55 फीसदी से ज्यादा मरीजों को दो या उससे अधिक एंटीबायोटिक दवाएं लेने की सलाह डॉक्टर दे रहे हैं। इस सर्वे के बाद केंद्र ने एंटीबायोटिक दवाओं की बिक्री व सेवन को लेकर सख्त निर्देश लागू किए। एनपीपीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 257 एंटीबायोटिक दवाओं को तीन श्रेणी में बांटा है। एक्सेस श्रेणी में 87, वॉच श्रेणी में 141व रिजर्व श्रेणी में 29 तरह की दवाएं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, खपत में 16 फीसदी की वृद्धि रिजर्व श्रेणी की दवाओं में हुई है, जबकि इसकी केवल कुछ ही दवाएं आपूर्ति में हैं। 12 फीसदी की वृद्धि एक्सेस श्रेणी में और 10 फीसदी वृद्धि वॉच ग्रुप की एंटीबायोटिक दवाओं की खपत में हुई है।

### एंटीबायोटिक के ये हैं नुकसान

डब्ल्यूएचओ के अनुसार, एंटीबायोटिक दवाओं से एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) होता है जिसे दुनिया के शीर्ष 10 सार्वजनिक स्वास्थ्य खतरों में से एक माना जाता है। बैक्टीरियल एएमआर का 2019 में 12.7 लाख वैश्विक मौतों से सीधा संबंध था व 49.5 लाख मौतें पूरी तरह दवा प्रतिरोधी संक्रमण से जुड़ी थीं।

### भारत में यह है स्थिति

स्वास्थ्य महानिदेशालय के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, सरकार के अध्ययन में पता चला कि देश में 72 प्रतिशत दवाएं एंटीबायोटिक ही इस्तेमाल हो रही हैं। नवंबर 2021 से अप्रैल 2022 के बीच 20 अस्पतालों में यह अध्ययन हुआ। साल 2019 में हुई 2.97 लाख लोगों की मौत के लिए एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) को कारण माना गया।

# अभिषेक बनर्जी ने दी भाजपा को चुनौती, कहा, अपने राज्यों में लक्ष्मीर भंडार जैसी योजनाएं शुरू करके दिखाएं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

जैसे-जैसे लोकसभा चुनावों की तारीखें समीप आ रही हैं, वैसे-वैसे तमाम दलों के बीच बयानबाजी का दौरा शुरू हो गया है। इस बीच, शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने भाजपा को आड़े हाथ लिया। उन्होंने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर हिम्मत है तो भाजपा शासित राज्यों में लक्ष्मीर भंडार जैसी सामाजिक कल्याण योजना लागू करके दिखाएं। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने कहा कि राज्य सरकार ने वंचित महिलाओं को सशक्त बनाने की योजना के लिए 25,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। हम जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। पीएम नरेंद्र मोदी का हर नागरिक के बैंक खाते में 14 लाख रुपये भेजने का वादा अधूरा है। गौरतलब है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को वित्तीय सहायता देने के लिए टीएमसी सरकार द्वारा फरवरी 2011 में लक्ष्मीर भंडार योजना शुरू की गई थी।

# न्यूजपोर्टल न्यूज क्लिक केस: फाउंडर प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

## दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल 2 बक्सों में 8 हजार पन्नों के डॉक्यूमेंट लेकर पहुंची



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को न्यूजपोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ 8 हजार पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में आरोप है कि न्यूजक्लिक को चीनी प्रोपेगैंडा फैलाने के लिए करोड़ों की विदेशी फंडिंग मिली। न्यूजक्लिक के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम 1967 (UAPA) के तहत केस दर्ज किया गया है। स्पेशल सेल ने पटियाला हाउस कोर्ट में एडिशनल सेशन जज डॉ. हरदीप कौर की बेंच में चार्जशीट दायर की। मामले पर सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। प्रबीर पुरकायस्थ मुख्य आरोपी हैं, जबकि अमित चक्रवर्ती को सरकारी गवाह बना दिया गया है। दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को पिछले साल दिसंबर में चार्जशीट दाखिल करने की मोहलत दी थी। पुलिस को इस फरवरी 2024 में पहले दो महीने और फिर 20 दिन का एक्सटेंशन मिला। न्यूजक्लिक ऑनलाइन न्यूज पोर्टल है, जिसमें देश-दुनिया की खबरें प्रकाशित होती हैं। इसे पीपीके न्यूजक्लिक स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी चलाती है। प्रबीर पुरकायस्थ ने 2009 में इसकी शुरुआत की थी। वही इसके एडिटर-इन-चीफ भी हैं। 2 अक्टूबर 2023 को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के सीनियर अफसरों ने एक मीटिंग की। अगले दिन यानी 3 अक्टूबर को सुबह 6 बजे दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और मुंबई में न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों और एक्टिविस्ट्स के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी।

### ईडी सहित 5 एजेंसियां कर रहीं मामले की जांच

न्यूजक्लिक के खिलाफ ईडी सहित पांच एजेंसियां जांच कर रही हैं। सबसे पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की थी। उससे पहले दिल्ली पुलिस इकोनॉमिक ऑफेंस विंग और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट इस केस से जुड़े अलग-अलग मामलों में जांच कर रही थे। इसके बाद सीबीआई ने भी इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने न्यूजक्लिक के दफ्तर, इससे जुड़े निदेशकों और शेयरधारकों के ठिकानों की तलाशी ली। ये कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत की गई थी। सर्च के दौरान विदेशी करेंसी, कुछ डॉक्यूमेंट्स और डिजिटल साक्ष्य सीज किए गए। ईडी की इन्वेस्टिगेशन में न्यूजक्लिक को 3 साल में 38.05 करोड़ रुपए के विदेशी फंड मिलने की बात सामने आई।

### 3 साल पहले एफआईआर और फिर ईडी की छापेमारी से शुरू हुई कहानी

दिल्ली पुलिस ने अगस्त 2020 में न्यूजक्लिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि वेबसाइट को वर्ल्डवाइड मीडिया होल्डिंग्स एलएलसी नाम की अमेरिकी कंपनी से 9.59 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला। कहा गया कि जिस शेयर की कीमत 10 रुपए थी, उसे 11,510 रुपए प्रति शेयर की प्रीमियम कीमत पर खरीदा गया। वो भी उस वक्त, जब न्यूजक्लिक कोई मुनाफा नहीं कमा रही थी। माना जाता है कि ऐसा इसलिए किया गया, ताकि भारतीय मीडिया संस्थानों में 26 प्रतिशत एफडीआई की ऊपरी सीमा से बचा जा सके।

# नकली नोटों की जब्ती मामले में एनआईए ने तीन के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी**

असम के गुवाहाटी में नकली नोटों की जब्ती से जुड़े पांच साल पुराने मामले में एनआईए ने बड़ी कार्रवाई की है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने 2019 के एक मामले में तीन और आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। एजेंसी ने शनिवार को एक आधिकारिक बयान में इस बात की जानकारी दी है। इस बयान में बताया गया है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने गुरुवार को खैरुल अलोम खांडाकर, सितजल हक और सुदीप बिस्वास के खिलाफ दूसरी चार्जशीट दाखिल की है। अब इस मामले में आरोप पत्र में सूचीबद्ध आरोपियों की कुल संख्या सात हो गई। इससे पहले दिसंबर 2019 में तीन आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

# सीएम खांडू समेत 10 उम्मीदवार निर्विरोध जीते, अरुणाचल प्रदेश भाजपा ने किया दावा

* अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए एक साथ 19 अप्रैल को चुनाव होंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले ही भाजपा के लिए अच्छी खबर सामने आई है। यहां राज्य की 60 सीटों में से सीएम पेमा खांडू और डिप्टी सीएम चौना मीन समेत बीजेपी के 10 विधायक निर्विरोध जीत गए हैं। भाजपा ने यह दावा किया है। दरअसल, यहां बुधवार को नामांकन की आखिरी तारीख थी, लेकिन इन नेताओं की विधानसभा सीटों से किसी अन्य उम्मीदवार ने नामांकन दाखिल नहीं किया है। बता दें, अरुणाचल प्रदेश की दो लोकसभा और 60 विधानसभा सीटों के लिए एक साथ 19 अप्रैल को चुनाव होंगे। निर्विरोध जीत को लेकर अरुणाचल प्रदेश भाजपा ने ट्वीट कर जानकारी दी है। संसदीय चुनाव के प्रभारी अशोक सिंघल ने अरुणाचल प्रदेश में 60 में से 10 विधायकों की निर्विरोध जीत की शुरुआत के लिए सीएम पेमा खांडू और डीसीएम चौना मीन को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह जीत मोदी की गारंटी को दिखाती है। पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम पेमा खांडू के नेतृत्व में अरुणाचल प्रदेश के लोगों का अटूट समर्थन और विश्वास है। बता दें कि मुख्यमंत्री खांडू तवांग जिले की मुक्तो विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। यह क्षेत्र खांडू का गढ़ माना जाता है। 2010 में अपने पिता और पूर्व मुख्यमंत्री दोरजी खांडू की हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मौत के बाद हुए उपचुनाव में पेमा खांडू यहां से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में निर्विरोध चुने गए थे। खांडू ने 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में भी इस सीट से जीत हासिल की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)